e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 256

मंगलवार

19.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*किसी का भला करके देखो,*
*हमेशा लाभ में रहोगे,*
*किसी पर दया करके देखो,*
*हमेशा याद में रहोगे !*

ताजा खबरों के लिए देखें

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°

न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 21 सितम्बर को पहुंचेंगे लखनऊ

**लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत पांच दिवसीय प्रवास पर 21 सितम्बर को लखनऊ पहुंचेंगे। वह सरस्वती कुंज निरालानगर में अवध प्रान्त के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अवध प्रान्त के पदाधिकारियों की बैठक 22 सितम्बर से 26 सितम्बर तक चलेगी। अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग कार्य विभागों की बैठक में सरसंघचालक शामिल होंगे। वह अवध प्रान्त में युवा कार्यकर्ता विकास, महाविद्यालयीन कार्य की स्थिति एवं आगामी योजना के बारे में पूछताछ करेंगे। इसके अलावा शाखा कार्य विस्तार के लक्ष्य पर कहां तक पहुंचे इसकी चर्चा होगी।

### कुपवाड़ा में तैनात हुए सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो

**जम्मू कश्मीर :** सीआरपीएफ की कोबरा कमांडो फोर्सेज की खास यूनिट को जम्मू कश्मीर भेजा गया है. जंगल और पहाड़ों में छुप कर सुरक्षा बलों पर आतंकियों के हमले करने के तरीकों पर कोबरा खास नजर रख रही है. कोबरा कमांडों को जंगल और गुरिल्ला वॉर फेयर की लड़ाई में महारत हासिल है.

### नंदा देवी महोत्सव 20 से

**नैनीताल :** नैनीताल के नंदा देवी महोत्सव की इस वर्ष की शुरुआत 20 सितंबर से होने जा रही है। वर्ष 1926 से नगर में यह आयोजन कर रही नगर की धार्मिक-सांस्कृतिक संस्था श्रीराम सेवक सभा की ओर से सोमवार को दी। इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि दो विश्व युद्धों एवं कोरोना जैसी विभीषिकाओं के बावजूद लगातार हो रहे महोत्सव को इस वर्ष जिला प्रशासन की ओर से अभिलेखित किया जाएगा और इस पर डॉक्यूमेंट्री भी तैयार की जायेगी। इसे वैश्विक संस्था यूनेस्को को भेजकर इसे विश्व धरोहरों की सूची में शामिल करने का प्रयास भी किया जायेगा। साथ ही महोत्सव को राज्य मेलों की डी श्रेणी से ए श्रेणी में लाने का भी प्रयास किया जायेगा।बताया गया कि महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट व विधायक सरिता आर्या के साथ जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### इटली में तेज भूकंप के झटके

**रोम :** इटली में सोमवार सुबह उस वक्त अचानक भूकंप के तेज झटके लगे, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। इन तेज भूकंप के झटकों से धरती हिली तो लोग बिस्तर छोड़कर भाग खड़े हुए। सुबह पांच से नौ बजे के बीच कई बार भूकंप के झटके महसूस किये गए।जानकारी के मुताबिक इटली में सोमवार सुबह 5.10 बजे अचानक कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। टस्कनी के कुछ हिस्सों में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 दर्ज की गयी। इटली के भूभौतिकी और ज्वालामुखी विज्ञान संस्थान के अनुसार भूकंप का केंद्र फ्लोरेंस के उत्तर-पूर्व में मार्राडी के पास था और यह सुबह 5.10 बजे आया था। बाद में कुछ और छोटे झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेरियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (यूएमएससी) के अनुसार पहले झटके के बाद 5 और 5.1 तीव्रता के दो और बड़े झटके महसूस किये गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) की रिपोर्ट के अनुसार सुबह 8.40 बजे 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। इस बार भी भूकंप का केंद्र मार्राडी से छह किलोमीटर दूरी पर था।

### तेलुगुदेशम पार्टी के सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** संसद के विशेष सत्र के पहले दिन नायडू की गिरफ्तारी को लेकर आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश के साथ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया। नई दिल्ली में सोमवार को संसद के विशेष सत्र के पहले दिन नायडू की गिरफ्तारी को लेकर आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश के साथ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया।

**संसद का विशेष सत्र शुरू : पीएम ने आर्टिकल 370, जीएसटी, वन रैंक-वन पेंशन का किया जिक्र**

# पुराना संसद भवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा : पीएम मोदी

## *भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकन यूनियन जी-20 का सदस्य बना, यह गर्व की बात*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद का सोमवार से विशेष सत्र शुरू हो गया.इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान, संसद पर हुए आतंकी हमले, संसद में अपने पहले दिन समेत कई यादों को सदन के सदस्?यों के साथ ताजा किया. साथ ही बताया कि आर्टिकल 370 समेत कई ऐसे कानून इस पुरानी संसद भवन की इमारत में पास हुए, जिन्?होंने देश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति में बड़े बदलाव किये.पीएम मोदी ने कहा,सदन हमेशा गर्व से कहेगा कि (धारा 370 को हटाना) उसके कारण संभव हुआ.जीएसटी भी यहीं पारित हुआ.वन रैंक-वन पेंशन देखी गई और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी विवाद के पहली बार सफलतापूर्वक अनुमति दी गई. उन्?होंने कहा कि हम नए भवन में भले ही जाएंगे, लेकिन पुराना भवन भी आगे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा.पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस बात का गर्व करेगा कि जी-20 में भारत की अध्यक्षता के समय अफ्रीकन यूनियन जी-20 का सदस्य बना. पीएम मोदी ने कहा,आतंकी हमला हुआ, पूरे विश्व में ये हमला एक इमारत पर नहीं था. ये लोकतंत्र की मां, हमारी जीवात्मा पर ये हमला था. आज का दिवस संसद के सदस्यों के गौरवगान का दिवस है. आज 19 सितंबर से नए भवन में संसद सत्र चलेगा।

**आज से नए भवन में चलेगा कार्यवाही**



### पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी बाजपेयी व मनमोहन सिंह तक, सभी ने देश को दी नई दिशा

पीएम ने कहा कि पंडित नेहरू और शास्त्री जी से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी और मनमोहन सिंह जी तक, सब ने देश को नई दिशा दी है. आज सबका गुणगान करने का समय है. सबने इस सदन को समृद्ध करने और देश की सामान्य से सामान्य नागरिक को आवाज देने का काम किया है...राजीव जी, इंदिरा जी को जब देश ने खो दिया तब इसी सदन नेउन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी. हर स्पीकर ने इस सदन को सुचारू रूप से चलाया है. अपने कार्यकाल में उन्होंने जो निर्णय दिए हैं, आज भी उन्हें रेफरेंस प्वाइंट माना जाता है.मालवंकर जी से लेकर सुमित्रा जी तक हर एक की अपनी शैली रही है. सबने नियमों और कानूनों के बंधन में इस सदन को चलाया. मैं उन सभी का अभिनंदन करता हूं.

### संसद के आतंकी हमले को कोई नहीं भूल सकता है

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकी हमला हुआ, पूरे विश्व में ये हमला एक इमारत पर नहीं था, बल्कि एक प्रकार से हमारी जीवात्मा पर ये हमला था. ये देश उस घटना को कभी नहीं भूल सकता है. लेकिन आतंकियों से लड़ते- लड़ते, सदस्यों को बचाने के लिए जिन्होंने अपने सीने पर गोलियां झेलीं आज मैं उनको भी नमन करता हूं. जब आज हम इस सदन को छोड़ रहे हैं तो मैं उन पत्रकारों को भी याद करना चाहता हूं, जिन्होंन यहां रिपोर्टिंग की है, उनकी समार्थ्यता थी कि वो अंदर की खबर और अंदर के अंदर की खबर भी पहुंचाते थे, उनके काम को कोई भूल नहीं सकता है. खबरों के लिए के लिए नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के लिए उन्होंने सबकुछ खपा दिया, उनको याद करने का समय है- जैसी ताकत यहां की दीवारों की रही है, वैसा ही दर्पण उनकी कलम में रहा है. कई पत्रकार बंधुओं के लिए भी ये सदन छोड़ना आज भावुक पल रहा होगा.

## कांग्रेस ने 70 साल में देश के लोकतंत्र को मजबूत किया : खड़गे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विशेष सत्र के दौरान कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमसे बार-बार पूछा जाता है कि 70 साल में आपने क्या किया.उन्होंने कहा कि हमने 70 साल में देश के लोकतंत्र को मजबूत किया. नेहरू काल में देश की नींव पड़ी.नींव के पत्थर दिखते नहीं हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नड्डा साहब हमें छोटा करने के लिए गठबंधन का नाम इंडी बोलते है.उन्होंने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होता है, हम इंडिया हैं.अपने भाषण में मणिपुर का मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पीएम यहां-वहां जाते हैं लेकिन मणिपुर नहीं गए. वहीं हर मुद्दे पर बाहर भाषण देने को लेकर भी खरगे ने पीएम मोदी से सवाल किया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपने 9 साल के कार्यकाल में परंपरागत बयानों को छोड़कर सिर्फ दो बार ही बयान दिया है. उन्होंने पूछा कि क्या यही लोकतंत्र है. जब कि अटलजी ने अपने कार्यकाल में 21 बार और मनमोहन सिंह ने 30 बार बयान दिया था. अधीर रंजन ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद हम पर प्रतिबंध लगाए गए थे, उन प्रतिबंधों को हटाने का काम हमारे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी ने किया. बीजेपी पर हमलावर कांग्रेस नता ने कहा कि जिन मनोमोहन पर बीजेपी मौन रहने का आरोप लगाती थी वो मौन नहीं रहते थे. दरअसल वह बात कम और काम ज्यादा करते थे. बीजेपी के वसुधैव



कुटुम्बकम की बात करते हुए अधीर रंजन ने कहा कि इसका मतलब होता है कि सबकी चिंताओं को शामिल करना चाहिए, यही तो हम कहते हैं.मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा,नेहरू जी का मानना था कि एक मजबूत विपक्ष की अनुपस्थिति का मतलब है कि सिस्टम में महत्वपूर्ण कमियां हैं. अगर कोई मजबूत विपक्ष नहीं है, तो यह सही नहीं है. अब, एक मजबूत विपक्ष है. ईडी, सीबीआई के माध्यम से इसे कमजोर करने पर प्रयास किया जा रहा है.उन्हें अपनी पार्टी में ले जाओ, उन्हें वॉशिंग मशीन में डाल दो और जब वे पूरी तरह से साफ निकल आएं.आप देख सकते हैं क्या आज हो रहा है. पीएम संसद में कम ही आते हैं और जब आते हैं तो इसे एक इवेंट बनाकर चले जाते हैं.राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जी20 को लेकर केंद्र सरकार पर कटाक्ष करने की कोशिश की. खड़गे ने अपने भाषण में कहा कि हम महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय जी2 के बारे में बात करने में व्यस्त हैं.जब खड़गे ने जी20 को जी2 कहा तो इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें टोक दिया.

## पलामू : वज्रपात से 4 की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** जिले में वज्तापत से नाबालिग समेत चार की मौत हो गई। दो की मौत जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में,जबकि एक की हुसैनाबाद एवं एक की मौत चैनपुर थाना क्षेत्र में हुई है। तीन शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में किया गया, जबकि एक शव का अंत्यपरीक्षण हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ। छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर गांव के हबरुआ निवासी शिवकुमार राम की पत्नी गनौरा देवी (40) अपने खेत में घास काट रही थी। उसी क्रम में करीब तीन बजे अचानक गर्जन के साथ बारिश होने लगी। महिला घास उठा कर पास में महुआ के पेड़ के नीचे जाकर छिप गई। उसी दौरान व्रजपात हुआ और महिला को अपनी चपेट में ले लिया। दूसरी घटना नौडीहा बाजार प्रखंड के शाहपुर पंचायत के अमावडीह में हुई। यहां के निवासी संजय यादव का पुत्र पिंटू कुमार (12) ने अपनी गाय को घर के पास खेत में घास चरा रहा था, इस क्रम में व्रजपात हुआ और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर अवस्थित महुडंड पंचायत के ग्राम केमो प्रतापपुर निवासी दिनेश परहिया (32) की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। जब अपने घर पर था, उस समय हल्की बारिश हो रही थी, तभी अचानक बिजली गिरी और दिनेश परहिया की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। इस संदर्भ में उसके बड़े भाई सुरेश परहिया ने हुसैनाबाद थाना को सूचित किया, जिसके बाद सोमवार की अहले सुबह दिनेश परहिया के शव का पोस्टमार्टम किया गया। दिनेश परहिया की मौत की खबर से महुडंड पंचायत में शोक की लहर व्याप्त है।चौथी घटना जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में हुई। यहां वज्रपात होने से रमेश कुमार सिंह का (22) पुत्र नीरज कुमार सिंह की मौत हो गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन की याचिका खारिज की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई.कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने कहा और याचिका को खारिज कर दिया.सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता से कहा कि वो ईडी के समन को चुनौती देने के लिए सबसे पहले झारखंड उच्च न्यायालय जाएं. अदालत ने उनके वकील को याचिका वापस लेने को कहा.जिसके बाद याचिका को खारिज कर दिया गया. जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने सीएम के अधिवक्ता से पूछा कि आप हाई कोर्ट जाकर कोशिश क्यों नहीं करते. आपको पहले वहां जाना चाहिए. इस पर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सहमति जताई. जिसके बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दी. अनुमति देने के बाद याचिका को खारिज कर दिया. पीठ ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के अधिवक्ता का कहना है कि उनके मुवक्किल हाईकोर्ट में अपील करेंगे. मौजूदा याचिका को वापस ले लिया गया है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है. दरअसल, लैंड स्कैम मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को पूछताछ के लिए रिजनल ऑफिस बुलाया था. बाद में उन्हें 24 अगस्त को आने को लिए दोबारा समन जारी किया था लेकिन मुख्यमंत्री ने इसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी. इसी मामले में 15 सितंबर को सुनवाई होनी थी लेकिन सीएम के अधिवक्ता की तबीयत खराब होने का हवाला देने पर सुनवाई की अगली तारीख 18 सितंबर तय की गई थी. इसी बीच सीएम की तरफ से 16 सितंबर को इंटरलॉक्यूटरी अप्लीकेशन भी सुप्रीम कोर्ट में दायर किया गया था. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दोनों याचिकाओं पर यह कहते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया कि आपको पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए.



## होयसला साम्राज्य का मंदिर यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में हुआ शामिल

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में शांतिनिकेतन को विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध किए जाने के बाद होयसला साम्राज्य के मंदिरों को यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल किया गया है.होयसल युग (1026 ई.-1343 ई.) कला, वास्तुकला और संस्कृति में शानदार काल था. यह भारत के कर्नाटक के वर्तमान हसन जिले में है. होयसल युग की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि वास्तुकला के क्षेत्र में है.पश्चिमी चालुक्य साम्राज्य (973 ई. - 1189 ई.) को अपने ही क्षेत्र में पछाड़ने के इरादे ने वास्तुकला के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए और अधिक प्रेरणा प्रदान की. कर्नाटक के होयसला मंदिर एक ऊंचे मंच पर स्थापित है. ये होयसला मंदिर कर्नाटक के चारों ओर सोपस्टोन से बनी असंख्य मूर्तियों से भरे हुए हैं. होयसला के पवित्र स्मारक 15 अप्रैल 2014 से यूनेस्को की संभावित सूची में था और देश की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की गवाही देते हैं। होयसल के पवित्र मंदिर वास्तुकारों की रचनात्मकता और कौशल की पुष्टि करते हैं, जिन्होंने इस तरह की उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण किया जो पहले कभी नहीं देखी गई।

## रामगढ़ : सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-23 पर रजरप्पा थाना क्षेत्र में ट्रेलर ने एक बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक पर सवार मां-बाप और बेटी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस मामले की पुष्टि करते हुए रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया चितरपुर के समीप सोमवार को ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक छोटी बच्ची और उसके माता-पिता सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लइयो निवासी प्रवीण कुमार रविदास अपनी पत्नी, छोटी बेटी और बेटा के साथ टीवीएस (जेएच02क्यू5111) पर सावर होकर अपने ससुराल से लौट रहे थे। बाइक पर सवार व्यक्ति रामगढ़ से गोला की ओर आ रहा था। इसी दौरान चितरपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क के जर्जर अवस्था में होने के कारण ओवरटेक करने के क्रम में दोनों बाइक की टक्कर हो गई। इस कारण मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे हैं ट्रेलर ने प्रवीण कुमार रविदास और उनके परिवार के दो अन्य सदस्यों को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रेलर वहां से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार उसका पुत्र टुकटुक बच गया और उसके माता-पिता एवं छोटी बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अपाची बाइक पर सवार व्यक्ति भी घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल अपाची बाइक पर सवार व्यक्ति को इलाज के लिए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया।



## निलंबित आईएएस छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में दाखिल की याचिका

**ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निलंबित आईएएस और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में सोमवार को गुहार लगायी है। रंजन के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने कोर्ट में याचिका दायर की है कि जमीन से जुड़े दूसरे केस में उन्हें न्यायिक हिरासत में ना लिया जाए। इसके लिए ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में याचिका दाखिल की गयी है। ईडी जमीन घोटाले से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। इसके बाद अब ईडी छवि रंजन को ज्यूडिशियल रिमांड पर लेना चाहती है, लेकिन छवि रंजन ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर कोर्ट से यह गुहार लगाई है कि उन्हें दूसरे मामले में न्यायिक हिरासत में न लिया जाए। छवि रंजन की याचिका पर अदालत में 22 सितम्बर को सुनवाई होगी। इधर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने जमीन घोटाले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। विष्णु अग्रवाल की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले का सबसे बड़ा मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का



## एलआईसी एजेंट और कर्मचारियों को केंद्र ने दिया तोहफा

**बढ़ाया गया टर्म इंश्योरेंस कवर व ग्रेच्युटी लिमिट**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट और कर्मचारियों के लाभ के लिए ग्रैच्यूटी सीमा और पारिवारिक पेंशन में वृद्धि सहित कई कल्याणकारी उपायों को सोमवार को मंजूरी दे दी. वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, ये कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम 2017 में संशोधन, ग्रैच्यूटी सीमा में वृद्धि तथा पारिवारिक पेंशन की समान दर आदि से संबंधित हैं. बयान में इसका विवरण साझा करते हुए कहा गया कि मंत्रालय ने एलआईसी एजेंट के लिए ग्रैच्यूटी सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने को मंजूरी दे दी है, जिसका मकसद उनके लिए कामकाजी परिस्थितियों तथा लाभ में पर्याप्त सुधार लाना है. इससे फिर नौकरी पर रखे गए एजेंट के नवीनीकरण कमीशन के तहत पात्र होने का भी प्रावधान है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधार होगा.वर्तमान में एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत पूरे किए गए किसी भी कार्य के आधार पर नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं. बयान के अनुसार, एजेंट के सावधि बीमा कवर की मौजूदा सीमा 3,000-10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000-1,50,000 रुपये कर दी गई है. सावधि बीम में इस वृद्धि से वे एजेंट जो अब इस दुनिया में नहीं हैं उनके परिवारों को काफी फायदा होगा. इससे उन्हें अधिक महत्वपूर्ण कल्याणकारी लाभ मिलेगा.एलआईसी कर्मचारियों के संबंध में मंत्रालय ने परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन को भी मंजूरी दी है. बयान में कहा गया कि 13 लाख से अधिक एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी इन कल्याणकारी उपायों से लाभान्वित होंगे, जो एलआईसी के विकास तथा भारत में बीमा पैठ को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वर्ष 1956 में पांच करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ स्थापित एलआईसी के पास 31 मार्च, 2023 तक 40.81 लाख करोड़ रुपये की जीवन निधि के साथ 45.50 लाख करोड़ रुपये का परिसंपत्ति आधार था.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम
DR. SURAJ H CHAVAN MBBS, MD (Medicine) DNB (Cardiology)
DR. BIPIN SINHA MBBS, MD (Medicine) DNB (Cardiology)
DR. SATHISH KUMAR NATARAJAN MBBS, DrNB, CTVS Mnams, FICS
DR. UDAY SHANKAR MBBS, MD (Microbiology), PGDCC, DIP Cardiology
दिन : सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
7808368888 | www.asarfihospital.com

# पलामू पुलिस ने मूर्ति चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में शहर के शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर से मुकुट और अष्टधातु मूर्ति की चोरी करने वाले दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि सुनील कुमार पिता शम्भू नाथ चौबे साकिन नदी किनारे शिवाला रोड थाना शहर जिला पलामू द्वारा इस आशय की लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 11 सितंबर को रात्रि विधिवत पूजा करने के बाद मंदिर का ताला बंद कर घर चले गये थे तथा प्रतिदिन की भांति दिनांक 12 सितंबर को प्रातः 4.30 बजे मंदिर के मेनगेट का ताला खोलकर अंदर गए तो कृष्ण भगवान के गर्भ गृह के बाहर के गेट का ताला टूटा पाये तथा लड्डू गोपाल की मूर्ति तथा बादी का दो मुकुट गायन पाये। श्री चौबे द्वारा दी गयी सूचना पर शहर थाना द्वारा कांड दर्ज कर गहन अनुसंधान प्रारंभ किया गया तथा कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा श्री सुरजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर, अतिरिक्त प्रभार, सदर अनुमंडल के नेतृत्व में कांड के उदभेदन हेतु एसआईटी का गठन किया गया।एसआईटी के अतिरिक्त जिले के सभी थानो को इसे मामले को गंभीरता से लेते हुए सूत्र संकलन कर कांड के उदभेदन में सहयोग का भी आदेश दिया गया। सुरजीत कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम घटना के विभिन्न पहलूओं को ध्यान मे रखते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया। इसके लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तकनीकि शाखा का भी सहयोग लिया गया। कई टीम बनाकर सूचना के आधार पर एक साथ कई जगहों पर छापामारी की कारवायी भी की गयी। स्द्धज्ञ की तत्परता एवं कुशल कारवायी के परिणामस्वरूप कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त एक अपराधी को के निशानदेही पर मंदिर से चोरी गये चांदी के मुकुट को क्षतिग्रस्त अवस्था में बिहार के सासाराम जिला से बरामद किया गया तथा इस मामले में एक अपराधी तथा चोरी के मुकुट को खरीदने वाले को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए चोर का तथा उसके सहयोगी का आपराधिक इतिहास रहा है। इस कांड के मुख्य सरगना को पकड़ने तथा चोरी के मूर्ति की बरामदगी हेतु की टीम की कारवायी जारी है।

# रामगढ़ में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की और से सोमवार को रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन प्रखंड अंचल पदाधिकरी पार्थ नंदन, बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, रामगढ़ मुखिया उमा शंकर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.चमन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.डीपी केशरी, डॉ0 अरुण कुमार, डॉ0 प्रवीण सेठ, बीपीएम सुनीता कुमारी, बीएम धीरज सिन्हा द्वारा दीप प्रज्जवलित संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर रामगढ़ प्रखंड अंचल पदाधिकारी पार्थ नंदन ने कहा की प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले इस प्रकार के जांच मेले का अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ उठाएं।वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चमन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में 21 स्टॉल लगाया गया है जिसमे जेनरल मेडिसिन, नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया, टीवी और जेनरल मेडिसिन, लैब टेस्ट, आयुष्मान कार्ड, जागरुकता आईईसी, एनसीडी का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें करीब 450 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के 136 वां जन्म दिवस के अवसर पर श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सांध्यकालीन विनती प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल, माला जायसवाल, गीता देवी, अखिलेश प्रसाद द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य के जीवन मे दुःख रूपी आंधी आती है, तो उस समय व्यक्ति को धैर्य रखते हुये श्री श्री ठाकुर जी द्वारा प्रदत्त सतनाम का मन ही मन जाप करना चाहिये. ऐसा करने से व्यक्ति दुःख से बच जाता है.उन्होंने कहा कि धैर्य धारण करने से विपति का नाश हो जाता है। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कोई भी कर्म ईश्वर की कृपा से करता है.क्योकि ईश्वर द्वारा ही या उनके इच्छा से ही एक पता भी डोलता है.उन्होंने सत्संग की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला.ऋत्विक आनन्द सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुये कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के दया से ही सत्संग की प्राप्ति होता है तथा व्यक्ति सत्संग का लाभ लेता है.सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृतिसुन्दर आगामी 5 नवम्बर को होने वाले उत्सव की चर्चा किया.सत्संग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया.सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, चंचला गुप्ता, आशा देवी, रामा देवी, सीमा, पूजा देवी, आरती सिन्हा, मुन्नी देवी, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, तारा देवी, वृन्दा देवी, प्रिया देवी, दीप माला, लिलावती देवी, मधु, श्रवण शर्मा, जगनारायण सिंह, अंकित सिंह, राहुल कुमार, पप्पू, कमलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, राहुल दा, विवेक, उमेश प्रसाद, धृतिदीप्त, संजय दा, अजय दा, राजकुमार, गोविन्द रजक सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

# डंडा उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडा :** जिले के डंडा प्रखंड में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र डंडा में एकदिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन बीडीओ फणिश्वर रजवार, जिप सदस्य अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल, डंडा मुखिया रूपा देवी, छपरदागा मुखिया समुद्री देवी, पंसस रहीना बीबी, विधायक प्रतिनिधि कामेश्वर चौधरी, ने संयुक्त रूप से फिता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए थे। प्रत्येक स्टाल में स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी व निशुल्क दवा का वितरण किया गया।इस स्वास्थ्य मेले में शिशु, किशोरी, टीबी जांच, मलेरिया जांच, कुष्ठ, मातृत्व, नेत्र, आयुष ओपीडी साहित सभी तरह की बीमारियों को जांच कर सामान्य रोगों के मरीजों को ईलाज किया गया। इसके अलावा परिवार निवोजन, आयुष्मान कार्ड तथा प्रखंड क्षेत्रों में चल रहे स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर जिप सदस्य अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने कहा कि कहा कि सरकारी खर्च पर हर तरह की बीमारी का नि शुल्क ईलाज बेहतर है। मेले में कम भीड़ भाड़ होने से उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य मेला का प्रखंड क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार नही होने से स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर किया। मौके पर डंडा पंसस नंदू चौधरी, समाजसेवी बालो चौधरी, बिनोद चौधरी पिंकी देवी साहित कई लोग मौजूद थे।

# विश्वकर्मा पूजा की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत में विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झरिवा गांव में धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाई गई। विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में रविवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, जिला परिषद फैयजाल अहमद, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे, मुखिया बबीता देवी, पंचायत समिति चंचला देवी, सदर मिराजुल जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए भगवान विश्वकर्मा से पिछड़ा चैनपुर प्रखंड पर विशेष कृपा करने की कामना की। उन्होंने कहा कि झरिवा पंचायत द्वारा विगत कई वर्षो से प्रत्येक वर्ष धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाने तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सामाजिक समरसता मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को मनोरंजन कराने का काम आ रहे हैं। इसके लिए मुख्य संचालक अशोक बैठा व अध्यक्ष मिथलेश शर्मा को धन्यवाद किया। इसके कार्यक्रम संचालन समिति द्वारा सभी अतिथियों तथा पदाधिकारियों का अभिनंदन गमछा और फूल माला पहनाकर कर की गई। इसके बाद एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीतों पर श्रोता दर्शक रात भर झूमते रहे। मौके पर सहित ग्रामीण से बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों के साथ चैनपुर प्रखंड के दर्जनों गांव से बड़ी संख्या में लोग थे।

## जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर के सदस्यों ने सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को किया जागरूक



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जायन्ट्स ग्रुप सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर के सदस्यों ने सोमवार को सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया.जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत 100 दोपहिया वाहनों के चालकों तथा लगभग चार दर्जन चार पहिया वाहनों के चालकों को सड़क सुरक्षा के तहत पर्चा देकर जागरूक किया गया.मौके पर जायन्ट्स ग्रुप के सचिव अनूप कुमार निराला,डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, अश्विनी कुमार, राहुल जायसवाल, गोपाल जायसवाल, प्रमोद कुमार, हृदयानंद कमलापुरी, देव शंकर प्रसाद, शुभम कुमार, धीरज अग्रवाल, विनोद कुमार, गढवा जिला परिवहन कार्यालय के नीरज पांडेय, थाना के सुनील कुमार दास, राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सहायक अध्यापक के निधन पर अध्यापकों ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोकरो के सहायक अध्यापक राजकुमार प्रसाद (45) का अचानक ह्रदय गति रूक जाने से निधन हो गया। सोमवार को उनके दाह संस्कार में क्षेत्र के दर्जनाधिक सहायक अध्यापक शामिल हुए। तथा शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं संघ ने मृतक शिक्षक के परिवार को सहायता राशि एकत्रित कर देने का निर्णय लिया। मौके पर सहायक अध्यापकों ने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया व अल्प मानदेय के चलते आर्थिक बोझ से जूझ रहे शिक्षकों की असमायिक मौत का कारण बन रहा है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, संजय सिंह, कृष्णा साव, उपेंद्र यादव, दशरथ यादव, अजय मेहता, विजयमल प्रजापति, सिद्धि सिंह, विपिन मेहता, तिलक राम, रमेश सिंह, बबन पाल, निरज सिंह, सुरेश राम, चंदन सिंह, रामप्रवेश राम, कृष्णा यादव, लालता प्रसाद सहित कई सहायक अध्यापक मौजूद थे।

## सेविका चयन में किया गया अनियमितता

# उपायुक्त को आवेदन देकर दुबारा चयन कराने का किया गया मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विगत 29 अगस्त को कुंबाखुर्द पंचायत के फुटहा टोला में हुए सेविका चयन में चयन कर्ताओ द्वारा अनियमितता किया गया। ऐसा आरोप लगाते हुए ललिता देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर जांच करते हुए दुबारा चयन कराने की मांग किया है। उसने उपायुक्त को दिए आवेदन में लिखा है कि मैं बीए की हुँ, लेकिन चयन कर्ताओ ने मुझे नजरअंदाज करते हुए इंटरमीडिएट योग्यता वाली कंडिडेट का चयन कर लिया गया है।उसने उपायुक्त से जांच करने तथा दुबारा चयन कराने का अनुरोध किया है। **क्या था मामला :** कुंबाखुर्द पंचायत के फुटहा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के नही होने के कारण उच्चपदधिकारियो के निर्देश पर विगत 29 अगस्त को सेविका के चयन के लिए सीडीपीओ सह अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा कुंबाखुर्द के फुटहा टोला गए थे। जिसमें सेविका के लिए दो उम्मीदवार ललिता देवी तथा निरन्ति देवी थी।ललिता देवी की योग्यता बीए तथा निरन्ति देवी की योग्यता इंटरमीडिएट था। जब कि बीए की योग्यता को दरकिनार करते हुए निरन्ति देवी का चयन कर लिया गया। **इस संबंध में पर्यवेक्षिका शोभा देवी ने :** बताया कि सेविका के चयन में कोई अनियमितता नही किया गया है। विभाग के नियमावली के कंडिका 10,11 तथा कंडिका 12 के अनुसार ही सेविका का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि कंडिका 10 के अनुसार मैट्रिक, इंटरमीडिएट तथा बीए में 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक रहने पर 11-11 अंक जोड़े जाते है। जिसमे ललिता देवी का मैट्रिक, इंटर व बीए के अंकों का योग 22 आया। जब कि निरन्ति देवी का मैट्रिक व इंटर दोनो में 60 प्रतिशत से अधिक अंक होने के कारण 22 अंक उसके भी थे। कंडिका 11 के अनुसार सेविका का चयन मैट्रिक के अनुसार करना था। जिसका मैट्रिक में अधिक अंक होता उसका चयन किया जाना था। जब कि ललिता देवी का मैट्रिक में 54 प्रतिशत अंक था,जब कि निरुन्ति देवी का 64 प्रतिशत अंक था। जिसके अनुसार निरन्ति देवी का चयन किया गया है।

## आगामी 29 सितम्बर को सौर्य जागरण यात्रा निकाला जायेगा



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखन्ड के विश्व हिन्दु परिषद के प्रखन्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 29 सितम्बर को सौर्य जागरण यात्रा निकाला जायेगा। उन्होने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व राम भक्तगणो को आमंत्रित कर यह यात्रा निकाली जायेगी। उन्होने कहा कि सौर्य जागरण यात्रा माँ कामेश्वरी अश्टभुज मंदिर कमता गाँव से चलकर कोचेया मोड़, गाँधी चौक, चकचक चौक, अपर बाजार, लाल चौक, ब्लौक मोड़ होते हुए पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर तक यात्रा निकाली जायेगी। वहि पर श्री विष्णु मंदिर स्थित सभी राम भक्तो को जलपान कराते हुए पुनः सौर्य जागरण यात्रा रमना के लिए रवाना होगी।

## सड़क दुर्घटना में बसपा नेता अभिमन्यु सिंह के मौसेरे भाई की मौत



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच 75 स्थित पड़वा-गढ़वा मुख्य पथ स्थित पिपरा गांव के पास सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक मनीष सिंह की मौत हो गई। घटना शनिवार रात लगभग 9 बजे की है। जानकारी के अनुसार मनीष सिंह मोटरसाइकल से घर आ रहे थे। इसी बीच तेज गति से आ रही एक डाक पार्सल पिकअप वाहन की चपेट में आ गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें मेदिनीनगर एमएमसीएच ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मनीष सिंह विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी समाजसेवी राजेंद्र सिंह के छोटे पुत्र व युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह के मौसेरे भाई थे। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हैं।

## मनरेगा वेंडर के द्वारा नहीं किया जा रहा राशि का भुगतान

# उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचा मैटेरियल भुगतान कराने की मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड स्थित घासीदास पंचायत में मनरेगा से कराए गए आंगनवाड़ी कार्य में सामग्री मद की राशि स्थानीय वेंडर के खाते में डाली गई है। जिसके द्वारा लाभुक गीता देवी को राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वेंडर अशोक कुमार के द्वारा 55त्न से अधिक राशि काटी जा रही है। शिकायत करने पर अशोक कुमार के द्वारा स्पष्ट रूप से कहा जा रहा है कि इस पर आपका कोई अधिकार नहीं जितना मिलना था वह आपको दे दिया जाएगा। किस संबंध में लाभुक गीता देवी के द्वारा उपयुक्त पलामू की ओर से आयोजित जनता दरबार में जाकर आवेदन देते हुए मिलकर राशि भुगतान की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य जिला से स्वीकृति मिलने के बाद मनरेगा से कराई जा रही थी। लाभुक गीता देवी के द्वारा आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। निर्माण कार्य में सामग्री मध्य की राशि 1 लाख 88 हजार 478 रुपए वेंडर अशोक कुमार के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं। लेकिन अशोक कुमार के द्वारा लाखों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि लाभुक के द्वारा अपने आसपास के दुकान से सामग्री उधार खरीद कर निर्माण कार्य कराया गया है। संबंधित आपूर्तिकर्ता से किसी भी तरह की सामग्री की आपूर्ति नहीं की गई है। जिला मुख्यालय में पलामू उपयुक्त के द्वारा आयोजित जनता दरबार में लाभुक के द्वारा अपने दिए गए लिखित शिकायत में आपूर्तिकर्ता से पैसा भुगतान करने की मांग की है। साथ ही लिखा है कि इस संबंध में प्रखंड कार्यालय जाकर कई बार पैसा भुगतान कराने की मांग करती रही है। जिस पर कार्यालय के द्वारा किसी भी तरह का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। **प्राप्त सामग्री मद से कैसे होता है भुगतान :** मनरेगा से संचालित किसी भी योजनाओं में सामग्री की राशि का भुगतान किसी भी निबंध आपूर्ति करता के खाते में ही ट्रांसफर किया जाना है। नियमानुसार आपूर्तिकर्ता के द्वारा कार्य कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति किए जाने का प्रावधान है। लेकिन यहां कुछ आपूर्तीकर्ता को छोड़ ऐसा कुछ भी नहीं किया जाता। केवल वाउचर का खेल खेला जाता है। प्राप्त सामग्री की राशि से जगह-जगह पर कमिशन वितरित किए जाते हैं यह कार्य आपूर्ति करता के द्वारा किया जाता है। कमीशन काटे जाने के बाद अवशेष राशि लाभूक को भुगतान किया जाता है। इसकी शिकायत घासीदाग की मनरेगा की लाभूक गीता देवी के द्वारा उपायुक्त पलामू से भी की गई है।

# विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से स्वास्थ्य कैंप का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जहां सभी बीमारियों की जांच अलग-अलग स्टॉल लगाकर की गई। स्वास्थ्य कैंप को सफल बनाने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार, डॉक्टर लिली, डॉ प्रियंका पांडेय, डीपीएम पंकज पांडेय, बैम पंकज सिंह सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका स्थापित की। कैंप ओरल स्क्रीनिंग व मुख निदान शिविर का कैंप डेंटिस्ट प्रियंका पांडेय की ओर से लगाया गया। जहां अलग अलग चार दिनों तक ओरल स्क्रीनिंग कैंप लगाकर 165 लोगों की जांच की गई। जहां एक भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं पाए गए। मौके पर डेंटिस्ट प्रियंका पांडेय ने कहा कि कैंसर ऐसी बीमारी है, जिसका शुरूआती लक्षण में पता चल गया तो अपनों को बचाया जा सकता है। हर वर्ष देश में लाखों मौतें बीमारियों से होती है। इनमें सर्वाधिक मुख कैंसर से होना गुटखा-पाउच खाने वालों के लिए चेतावनी है। कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन समय के पूर्व इसका उपचार किया जाना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता की कमी के कारण इस बीमारी का दायरा बढ़ रहा है। बताया कि भारत में सर्वाधिक मरीज मुख कैंसर के है। इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। **क्या है ओरल स्क्रीनिंग क्या है :** ओरल स्क्रीनिंग एक तरीका है जिसमें डॉक्टर शरीर में कैंसर के कुछ रूपों की जांच करते हैं, जब आपको कैंसर का कोई लक्षण नहीं होता है। कैंसर स्क्रीनिंग का लक्ष्य उन कैंसर को ढूंढना है। शुरुवात में कैंसर थोड़ी जगह पर ही होता है या बहुत छोटा होता है और अक्सर इसका इलाज आसानी किया जा सकता है या बिलकुल खतम भी किया जा सकता है। कैंसर का इलाज जल्दी होने से कैंसर के मरीज की स्वस्थ रहने की संभावना बढ़ जाती है। कभी-कभी, स्क्रीनिंग से उन कोशिकाओं का पता भी लगाया जा सकता है जिनमे अभी कैंसर नहीं बना है पर कैंसर बनने की सम्भवना है। इसे प्री- कैंसर की स्टेज कहते हैं, और इसका इलाज करने से कैंसर होने से बच सकते हैं।

## भाकपा के जिला सचिव ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से आवेदन देकर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग किया है

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकुमार राम व कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर व आवेदन देकर कई अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुये जांचोपरांत कार्रवाई की मांग किया है.कार्यपालक पदाधिकारी को दिये गये आवेदन में श्री बंशीधर महोत्सव के समय लगाये गये सभी लाइट व बल्बों की जांच कराने,सभी वार्डो में बने पीसीसी पथ व आरसीसी नाली निर्माण की गुणवत्ता तथा नालियों पर लगे पटिया की जांच करने, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बने आवासों के निर्माण व तय मानकों की जांच कराने, सभी वार्डो में लगे सोलरयुक्त जलमीनार की जांच कराने तथा बस पड़ाव, बभनी खांड डैम, राजा पहाड़ी का सुंदरीकरण की योजना को धरातल पर उतारने और वार्डो में सड़कों पर जल जमाव से निजात दिलाने की मांग शामिल है।

## कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स की चित्रकला कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स डोरंडा एवं हटिया एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन द्वारा गणेश महोत्सव के उपलक्ष पर आयोजित श्री विघ्नहर्ता गणेश चित्रकला प्रदर्शनी हेतु कार्यशाला का आयोजन डोरंडा केंद्र में किया । इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के बच्चों ने विघ्नहर्ता श्री गणेश के विभिन्न रूपों को अपने कैनवास में चित्रित किया 7 इस उपलक्ष पर संस्था के 6 वर्ष से 35 वर्ष के 100 छात्रों ने भाग लिया 7 चित्रकला कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस कार्यशाला में बच्चों ने जल रंग, ऐक्रेलिक कलर , आयल पेस्टल , चारकोल पेंसिल आदि से गणेश जी के विभिन्न रूपों के दर्शाया 7 इस अवसर पर कलाकृति के निदेशक धनंजय कुमार ने कहा की इस तरह के कार्यशालों से बच्चों के सृजनात्मक प्रतिभा को एक मंच मिलता है और वो अपनी प्रतिभा को लोगो के समक्ष प्रस्तुत कर पाते है।

## लोक सेवा समिति के अजीवन सदस्य बने वैज्ञानिक प्रो श्रीकांत पाल को किया गया सम्मानित

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. श्रीकांत पाल वैज्ञानिक हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पोस्ट डॉक्टर डिग्री ली है। 6 साल के प्रोजेक्ट को मात्रा उन्होंने दो साल में पूरा किया और उन्हें आईआईटी रूड़की की नौकरी छोड़ कर विज्ञान के क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की खोज की, विश्व का सबसे बड़ा और विश्व का तीसरा सबसे बड़ा टेलीस्कोप बनाया उन्हें संसार का सबसे छोटा अंटिना का भी निर्माण किया, डॉ पाल को विदेशो में पहचान मिली और विश्व स्तर वैज्ञानिक की श्रेनी में स्थान दिया गया। लोक सेवा समिति ऐसे प्रतिभावान व्यक्तित्वों को ढूंढकर निकालती है और उन्हें सम्मान और पहचानने और देती है।उनके झारखंड,रांची, बीआईटी, मेसरा स्थित आवास में जाकर लोक सेवा समिति के अध्यक्ष एवीएन सदसियों ने अजीवन सद्स्यता प्रमाण पत्र और शॉल उड़ा कर सम्मानित किया।मोहम्मद नौशाद खान अध्यक्ष लोक सेवा समिति एवं केंद्रीय सदस्य डॉ सीमा प्रसाद , एस कुमार और डा. जे.पाल शामिल थी।

## पूजा पंडाल का हुआ विधिवत उद्घाटन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के भव्य पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन रांची के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व महापौर अजय नाथ शाहदेव, दीपू सिन्हा, नागेंद्र पाल सिंह ,न्यू काली पूजा समिति के अध्यक्ष शंभू गुप्ता, राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा चैती दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक सदस्य राकेश पाल पूर्व पार्षद राजकुमार सिंटू एवं दीपक राम की उपस्थिति में संपन्न हुई । इस अवसर पर पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने सभी को गणेश चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाओं सहित झारखंड के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी अतिथियों का स्वागत संरक्षक टापू घोष, रणथु उरांव अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा, सचिवा अमित गुप्ता, विकास गुप्ता, बिट्टू घोष, बाबू सोना दास, अजय घोष ,बबलू दास, बापी घोष, बाबूलाल गुप्ता, कुंदन सिन्हा ,राहुल घोष सहित अन्य सदस्यों ने किया । नेहा दास ,माला घोष, मुनमुन घोष, निरुपमा देवी ,बीनू देवी, नम्रता सोनी, कुमुद पांडे ,सहित क्षेत्र की महिलाएं भी उपस्थित हुई। उद्घाटन के पश्चात पुरोहित द्वारा विधिवत रूप से गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की गई एवं आरती की गई तथा 22 तारीख तक सुबह 9:00 बजे एवं संध्या 7:00 बजे आरती का आयोजन किया जाएगा एवं संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक भजनों का कार्यक्रम 21 तारीख तक निरंतर चलेगा। 19 सितंबर से दिन में 1:00 बजे भोग का वितरण भक्तों के बीच किया जाएगा।

## झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने मनाया हिंदी दिवस पखवाड़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड हिंदी साहित्य साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में हिंदी दिवस पखवाड़ा सम्पन्न हुआ। डॉ सुरिंदर कौर नीलम द्वारा माँ सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनिता रश्मि ने सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की जिन्होंने हिंदी भाषा का उद्भव और विकास, हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति एवं राष्ट्रभाषा हिंदी ही क्यों पर विस्तृत एवं सारगर्भित व्याख्यान देकर कार्यक्रम का मान बढ़ाया। मंच संरक्षक विनय सरावगी के स्नेहिल संरक्षण में मंच दिनोंदिन प्रगति कर रहा है। मंच की कार्यक्रम संयोजिका एवं ओज कवयित्री ममता मनीष सिन्हा ने उत्कृष्ट मनभावन एवं सफल मंच संचालन किया। जिन कवि-कवयित्रियों ने अपनी कविता से इस कार्यक्रम को सार्थक बनाया, उनमें मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार, प्रसिद्ध शायर हिमकर श्याम, डॉ शिवनंदन प्रसाद सिन्हा, डॉ मंजू सिन्हा, वरिष्ठ लेखिका अनिता रश्मि, वरिष्ठ कवयित्री डॉ सुरेन्द्र कौर नीलम, मंच कोषाध्यक्ष श्रीकृष्णा विश्वकर्मा बादल, मंच कार्यक्रम संयोजक ममता मनीष सिन्हा, मंच मीडिया प्रभारी ऋतुराज वर्षा, कामेश्वर सिंह कामेश, राज रामगढ़ी, रेणुबाला धार, अंजेश कुमार, अर्पणा सिंह, डॉ एनके पाठक निराला, गौरीशंकर उपाध्याय एवं रीना गुप्ता के नाम प्रमुख हैं। कार्यक्रम का समापन कार्यकम अध्यक्ष एवं मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव के अध्यक्षीय संभाषण तथा मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## हाई कोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 नवंबर तक रोक रखी जारी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड हाई कोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार एवं प्रतिवादी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। सोमवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस के द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर निर्धारित की। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान और अमित सिन्हा ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गई है।

## पुलिसकर्मियों को जैप-10 में मिलेगी ट्रेनिंग

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समस्याओं से परेशान हवलदार स्तर के पुलिसकर्मियों की जैप-10 में ट्रेनिंग होगी। इससे संबंधित आदेश सोमवार को आईजी ट्रेनिंग ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि हवलदार से एएसआई के पद पर प्रोन्नति के लिए 1500 हवलदारों को 12 सप्ताह की ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया गया है। इस सूची में 23 ऐसे हवलदार हैं, जिन्होंने खुद का पारिवारिक और चिकित्सीय समस्याओं के कारण वर्तमान में आदेशित प्रशिक्षण संस्थान से किसी अन्य प्रशिक्षण संस्थान में योगदान कर प्रशिक्षण पूर्ण करने का अनुरोध किया है। इसे लेकर इन सभी 23 हवलदार को जैप- 10 ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग पूरा करने का आदेश दिया जाता है।जैप-10 ट्रेनिंग के लिए इन पुलिसकर्मियों अजीत कुमार सिंह,प्रमोद कुमार साव, रामबली मंडल, मेरी एलिसवा, खुर्शीद आलम, कनक सिंह, प्रेमानंद महतो, संतोष कुमार यादव, दुबराज हांसदा, अशोक कुमार दुबे, कमेलश शर्मा, उदय प्रताप सिंह,मंजू देवी, पुनेश कुमार, सुबोध कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, हसन खान, शिव नारायण यादव, हितेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मी लामा, शत्रुघ्न चौधरी, सुरेन्द्र बैठा और कमेश महतो के नाम शामिल हैं।

## महाधिवेशन के माध्यम से राज्य के आम राय को एकमत करने की तैयारी : देवशरण भगत

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी का तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन 29, 30 सितम्बर और एक अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित की गई है। महाधिवेशन राज्यव्यापी और राज्य के चुनौतियों को लेकर होगा। महाधिवेशन के माध्यम से राज्य के आम राय को एकमत करने की तैयारी की गयी है। भगत सोमवार को हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। महाधिवेशन में प्रदेश के सभी पंचायत, गांव, टोला, मोहल्ला, शहर के हर साधारण व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। ऐसी व्यवस्था की गई है।

# प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के बीच इंटरैक्टिव सत्र का किया गया आयोजन

### भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच झारखंड कैडर के प्रशिक्षु अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) की ओर से सोमवार को राजकीय पुस्तकालय स्टेट लाइब्रेरी रांची में प्रतियोगी-परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच इंटरैक्टिव सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा (बैच 2022, झारखंड कैडर) के प्रशिक्षु अधिकारी रवि कुमार, दीपेश कुमारी, कृष्णकांत कांवरिया, श्रुति राजलक्ष्मी एवं प्रांजल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जेसोवा अध्यक्ष श्रीमती मिनी सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती नमिता सिंह, श्रीमती किमी ख्यानगते, श्रीमती प्रीति कुमार, सचिव श्रीमती मनु झा एवं सदस्य श्रीमती निक्की टोप्पो, श्रीमती जेसीना सिद्दीकी,श्रीमती श्रेया एवं श्रीमती जया की अहम भूमिका रही। इस इंटरैक्टिव सत्र का मुख्य उद्देश्य वैसे छात्र-छात्राएं जो विभिन्न प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें मदद करना रहा। अध्यनरत छात्र-छात्राएं अपनी तैयारी किस प्रकार बेहतर तरीके से कर सकें ताकि उन्हें जल्द सफलता मिलें इस निमित्त उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं मुख्य अतिथियों के बीच विभिन्न विषयों पर प्रश्न-उत्तर एवं संवाद हुआ। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सिविल सर्विस परीक्षा से जुड़े कई सवाल मुख्य अतिथियों से पूछे तथा उसका उत्तर भी जाना। कार्यक्रम के दौरान राजकीय पुस्तकालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं यूपीएससी एवं जेपीएससी परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता-परीक्षाओं में सफलता हेतु कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। मौके पर बड़ी संख्या में प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बेहतर मोटिवेशन के साथ करें तैयारी : रवि कुमार

आईएएस अधिकारी रवि कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि यूपीएससी अथवा जेपीएससी का सिलेबस काफी बड़ा और विस्तृत है। सभी छात्र-छात्राएं एक बेहतर मोटिवेशन के साथ तैयारी में जुटें। ये मोटिवेशन आपकी स्थिति, आपकी आर्थिक स्थिति अथवा आपके परिवार की स्थिति या आपके वैसे दोस्त जिन्होंने एग्जाम क्रैक कर लिया है वहां से आ सकती है। यूपीएससी अथवा जेपीएससी परीक्षा की तैयारी करने में मोटिवेशन के साथ-साथ कमिटमेंट जरूर होनी चाहिए। आप सभी लोग एक लक्ष्य बनाकर बेहतर तैयारी करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

### ईमानदारी से करें पढ़ाई, लक्ष्य निर्धारित रखें : श्रुति राजलक्ष्मी

इस अवसर पर आईएएस अधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी ने कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं तैयारी करते समय अपना कांसेप्ट क्लियर रखें। अच्छी तैयारी के लिए अच्छी रणनीति बनाना जरूरी है। संभव हो तो सोशल मीडिया का कम उपयोग करें। बेवजह दूसरी चीजों पर समय खराब न करें। ईमानदारी से पढ़ाई करें और एक गोल फिक्स कर आगे बढ़े।

### तैयारी में टाइम मैनेजमेंट अहम पहलू : प्रांजल

इस अवसर पर आईएएस अधिकारी प्रांजल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने 30 वर्ष की उम्र में यूपीएससी की तैयारी शुरू की थी। तैयारी करने वालों के लिए 30 वर्ष की उम्र कोई अधिक उम्र नहीं है। यूपीएससी हो या जेपीएससी आप तीन अटेम्प्ट तक जरूर प्रयास करें। अगर आपको तीन अटेम्प्ट तक सफलता नहीं मिलती है तो आप अपनी क्षमता के अनुसार अन्य क्षेत्र में भी एक सफल करियर बना सकते हैं। आज के वर्तमान दौर में देश को हर क्षेत्र में एक्सपर्ट की जरूरत है। आप किसी भी क्षेत्र में अच्छा कर अपनी पहचान बना सकते हैं। याद रखें टाइम मैनेजमेंट बहुत ही आवश्यक कड़ी है। बिना टाइम मैनेजमेंट और निरंतर अभ्यास के सफलता मिल पाना मुश्किल है अतएव निरंतर अभ्यास बिना समय गवाएं करते रहनी चाहिए।

### प्लान, रणनीति और रिवीजन महत्वपूर्ण : कृष्णकांत कांवरिया

इस अवसर पर आईएएस अधिकारी कृष्णकांत कांवरिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई गांव के ही हिंदी मीडियम सरकारी स्कूल से की थी। मुझे 12वीं क्लास में मात्र 58त्न मार्क्स मिले थे। बावजूद में आगे चलकर डॉक्टर बना। फिर मेरा लक्ष्य यूपीएससी रहा। किसी भी प्रतियोगिता-परीक्षा में सफलता पाने के लिए जरूरी है कि आपका मार्गदर्शन किस प्रकार हो रहा है। मार्गदर्शक अच्छा हो तो सफलता जल्द मिलती है। तैयारी को लेकर आपका प्लान तथा योजना के आधार पर रणनीति अच्छी होनी चाहिए। निरंतर रिवीजन के साथ-साथ आपका उठना बैठना अच्छे ग्रुप के छात्र-छात्राओं के साथ होना चाहिए।

### किसी भी परिस्थिति में डिमोटिवेट न हो, तैयारी को हर दिन थोड़ा-थोड़ा इंप्रूव करें : दीपेश कुमारी

मौके पर आईएएस अधिकारी दीपेश कुमारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। तैयारी हेतु पढ़ाई नॉर्मल करें परंतु मेहनत के साथ-साथ आपका गोल फिक्स होना चाहिए। अच्छी से अच्छी तैयारी हो इस पर ज्यादा फोकस रखें। सोशल मीडिया अथवा साइट्स पर कम से कम समय व्यतीत करें। किसी भी स्थिति में डिमोटिवेट न हों। समय के साथ-साथ हर दिन तैयारी को थोड़ा-थोड़ा इंप्रूव करें। ईमानदारी से किया गया प्रयास एक दिन में नहीं लेकिन एक दिन जरुर सफल होता है।

### इंटरैक्टिव कार्यक्रम प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंटस को अवश्य मदद करेगी : मिनी सिंह

इस अवसर पर जेसोवा की अध्यक्ष श्रीमती मिनी सिंह ने कहा कि झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) पिछले कुछ वर्षो से लगातार प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के क्षमतावर्द्धन तथा मोटिवेशन के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है। आज का यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम प्रतियोगी-परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंटस को अवश्य मदद करेगी। यह कार्यक्रम जेसोवा द्वारा आयोजित एक छोटी परंतु अच्छी पहल है। संस्थान आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। हमारा प्रयास है कि छोटी-छोटी चीजों पर कार्य कर समाज को मजबूत किया जाए। जेसोवा के सभी पदाधिकारी एक बेहतर समन्वय बनाकर कई क्षेत्र में जनहित का कार्य करती रहेगी।

## हार्ट अटैक से संबंधित सही उपचार के बारे में दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हार्ट केयर क्लिनीक, राँची एवं एशोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के साझा सहयोग से प्ड। भ्संस, राँची में एक वृहत मेडिकल सेमीनार का आयोजन शनिवार शाम को किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ।च्प् के च्तमेपकमदज प्रोफेसर डॉ0 ज्योर्तिमय पॉल ने भी सिरकत की और उन्होंने ने इस अवसर पर मिर्गी के लक्षणों एवं उसके उपचार के बारे में विशेष जानकारी दी। वहीं सिनियर कार्डियोलोजिष्ट डॉ0 वरुण कुमार ने हार्ट अटैक से संबंधित भ्रातियों एवं उसके सही उपचार के बारे में जानकारी ही। जबकी रिम्स के कार्डियोलाष्टि डॉ0 प्रकाश कुमार ने कार्डियक अरेस्ट से बचने के उपायों पर विस्तार से बताया। इस कार्यशाला में राँची के तकरीबन 100 ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों ने भाग लिया तथा डॉक्टरों के इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों को और बढ़ावा देने की जरूरत पर सभी ने जोर दिया।

## एसएसपी के पास पैरवी के लिए पहुंचे जमीन दलाल अशोक व रंजीत, भेजे गए जेल

### एसएसपी चंदन सिन्हा ने दोनों जमीन दलाल को देखा व समझा, फिर कड़ी कार्रवाई करते हुए तुरंत जेल भेजने आदेश दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन दलालों की सूची बढ़ते ही जा रही है। इसी क्रम में कुछ जमीन दलाल खुद को चालक समझते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा के कार्यालय में जा पहुंचे और जमीन से संबंधित पैरवी करने के लिए उन्हें प्रेरित करने लगे। एसएसपी चंदन सिन्हा ने दोनों को देखा,समझा और फिर कड़ी कार्रवाई करते हुए तुरंत जेल भेजने का काम किया। दोनों जमीन दलाल अशोक और रंजीत को न सिर्फ जेल भेजा गया , बल्कि जेल भेजने से पहले उसे हथकड़ी बांधकर बाजार में पैदल घुमाया भी गया। ताकि आम लोगों में जमीन दलालों के प्रति जो डर और भय बना कर रखा गया है उसको कम किया जा सके। बता दें कि नामकुम थाना के केतारी बगान में बीते 17 मार्च 2023 को जमीन के एक बहुत बड़े प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था एवं उस क्रम में मारपीट , जानलेवा हमला, अवैध आग्नेयास्त्र से फायरिंग की घटना घटी थी। इसके संबंध में नामकुम थाना कांड संख्या 134/23, 17.03.23 धारा147/148,149, 326,307,506 भादवि एवं 25 (1-बी)a/26/27 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया था। उस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक पासवान एवं अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत भुटकुमार उर्फ रंजीत पाहन को गिरफ्तार कर बाजार में हथकड़ी बांध कर पैदल घुमाया गया। उल्लेखनीय है कि अशोक पासवान एक जमीन कब्जा करने वाला दलाल एवं अपराधी है। यह भी उल्लेखनीय है कि जमीन दलाल अशोक पासवान, जो स्वयं नामकुम थाना के कांड का आरोपी है, वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलने और जमीन के संबंध में पैरवी करने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में गया था। उसके बातचीत और गतिविधि को संदिग्ध पाते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने तत्काल पूछताछ एवं अग्रतर कार्रवाई के लिए थाना को निर्देशित किया था। एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि आगे भी जमीन दलालों एवं जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## रोमांचक मुकाबले में शंख को हरा दामोदर बना चैंपियन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को मीडिया कप फुटबॉल 2023 के खिताबी मुकाबले में प्लेयर ऑफ द फाइनल अमोद साहू के एकमात्र गोल की बदौलत एक संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक मुकाबले में दामोदर ने शंख को 1-0 से हरा विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले गए, फाइनल मैच में पहला हॉफ गोलरहित बराबरी पर छूटा। मैच के 26वें मिनट में अमोद साहू ने गेंद को नेट में डालकर दामोदर को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद शंख की टीम ने एक के बाद कई हमले किए लेकिन दामोदर के डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो पाई और लगातार दूसरे वर्ष टीम दामोदर ने मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। पता हो कि पिछले वर्ष फाइनल मुकाबले में दामोदर ने गंगा को हराकर खिताब जीता था। मैच समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, विशिष्ट अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा, प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष संजय मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर, तथा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों व प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का अभिवादन मेंमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि, प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी, प्रेस क्लब के सदस्य व उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत-** बेस्ट फॉरवर्ड : संदीप नाग व प्रमोद कुमार सिंह, बेस्ट मिडफिल्डर : संतोष कुमार, बेस्ट डिफेंडर : अरविंद प्रताप, बेस्ट गोलकीपर : किसलय शानू, प्लेयर ऑफ द फाइनल : अमोद साहू ।

## रिम्स में अब तक 50 लोग देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं : निदेशक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के एनाटॉमी विभाग में सोमवार को वर्ष 2023 बैच के विद्यार्थियों को (शव की शपथ) दिलाई गई। विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) धर्मेंद्र कुमार ने छात्रों को शव शपथ दिलाई, जिसके तहत छात्रों ने शवों का सम्मान करने, परिवार के प्रति आभार व्यक्त करने और प्राप्त ज्ञान से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। रिम्स निदेशक डॉ. राजीव कुमार गुप्ता ने इस शपथ के महत्व के विषय में छात्रों को बताते हुए कहा कि यह देह गुरु समान हैं क्योंकि इनके जरिए मेडिकल छात्रों को सीखने का अवसर मिलता है। डीन प्रोफेसर (डॉ.) विद्यापति ने कहा कि पढ़ाई के लिए देह दान करने वाले लोग महान हैं और चिकित्सा शिक्षा की किसी भी शाखा का आधार शव विच्छेदन और शरीर रचना विज्ञान का ज्ञान है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ ए के दुबे के अनुसार डॉक्टर के लिए मानव शरीर को ही पहला शिक्षक माना जाता है, इसलिए उसकी पूजा कर शपथ ली जाती है। रिम्स में अब तक 50 लोग देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं। एनाटॉमी विभाग को पढ़ाई के लिया अब तक 7 देह प्राप्त हो चुके हैं। विभाग ने इस नेक कार्य के लिए देहदान की इच्छा पूरी करने के लिए सभी दाताओं और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

## श्री महावीर मंडल सहित कई संगठनों ने एसएसपी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री महावीर मंडल राँची , दुर्गापूजा समिति , युवा दस्ता एवं सामाजिक और धार्मिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल रांची के नवनियुक्त एसएसपी राँची चंदन कुमार सिन्हा से मिला । प्रतिनिधि मंडल में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामधन बर्मन , श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरेशी एवं वार्ड पार्षद नकुल तिर्की शामिल थे ।सभी सामाजिक धार्मिक संगठन के लोगों ने एसएसपी राँची को बुके और शाल देकर उनका स्वागत किया। एसएसपी राँची से कहा कि राँची के सभी पूजा पंडाल , सभी मंदिरों एवं मंदिर से जुड़े सभी मार्गो में सुरक्षा के पुख्ता इंतेज़ाम की जाए। प्रतिनिधि मंडल में कैलाश केसरी, अर्जुन राम, गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी, पीयूष आनंद, अमरदीप साहू, अकबर कुरेशी, सुमित साहू, लंकेश सिंह, अमित केसरी, सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को विश्वकर्मा पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर सीसीएल के सभी कार्यालय,ट्रांसपोर्टिंग कार्यालय,गैरेज,विधुत विभाग कार्यालय आदि स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा कि भव्य पूजा की गई।अशोक परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया।विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालु भक्तों के लिए पंडाल का पट खोला गया। इस पंडाल का उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरजंन सेनापति और अशोका पीओ संजय कुमार ने फीता काटकर किया।इस मौके पर एजीएम निरजंन सेनापति,पीओ संजय कुमार, खान प्रबधंक एसके सिंह, स्टाफ ऑफिसर एक्सवेशन जीएस शर्मा,मिथिलेश कुमार,शंभु शरण प्रसाद, हेमचन्द महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।वही सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी में भी विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोला गया।मौके पर परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, पीके सिंह,इमाम उल हक सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।पिपरवार थाना परिसर



मे भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार और अवर निरीक्षक रूपैश महतो सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा किया।इस मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। इधर क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में स्थापित भगवान विश्वकर्मा के दर्शन के लिए बारी बारी से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।पिपरवार के बेती, बिजैन, बिलारी, कल्याणपुर, किचटो, कारो, हफुआ,बन्हे,बचरा, राय सहित अन्य जगहों पर धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।

## तैमारा घाटी के करीब मजदूरों को ला रही मैक्स पिकअप वैन पलटी, 8 मजदूर घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के दशम फॉल थाना क्षेत्र स्थित तैमारा घाटी के नीचे नावाडीह के पास धुर्वा,रांची से मजदूरों को बुंडू ला रही मैक्स पिक अप वैन के पलट जाने से वैन में सवार 2 महिला सहित 8 मजदूर घायल हो गए।सभी घायलों को बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर में प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रांची भेज दिया गया है। घटना सुबह 10 बजे की बताई जाती है। घायलों में एक कि स्थिति गंभीर बतायी जाती है।मिली जानकारी के अनुसार संजीत नामक ठीकेदार इन मजदूरों को पिकअप वैन से बुंडू में काम कराने ला रहा था।इसी क्रम में वैन पलट गयी। घायलों को जब बुंडू निवासी समाजसेवी कमलेश सिंह के नीजी वाहन और एंबुलेंस



की सहायता से अस्पताल लाया गया तो ट्रामा सेंटर में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं थे।घटना की जानकारी मिलने पर पत्रकारों ने अस्पताल उपाधीक्षक को फ़ोन किया तो बुंडू नगर स्थित अस्पताल के ओपीडी में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को बुलाने के बाद घायलों का ईलाज शुरू हुआ।इधर घायलों को जब बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेजा जा रहा था,तो प्रयुक्त एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की सुविधा नदारद थी।पूछने पर एम्बुलेंस के स्टाफ ने बताया कि ऑक्सीजन आपूर्ति करने वाला पाइप फटा हुआ है।

## चान्हो के विभिन्न चोक चौराहों पर ट्रैफिक जाम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के विभिन्न चोक चौराहों पर सोमवार को थाना थाना के एएसआई साजिद खान की अगुवाई में ट्रैफिक जाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान चान्हो पुलिस ने क्षेत्र को जाम मुक्त करने में सहयोग की अपील की। उन्हीने कहा कि सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये।



## गणेश चतुर्थी धूमधाम मनाया गया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन रेलवे कॉलोनी ए टाइप मे गणेश चतुर्थी का पूजा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कमेटी के लोगों के द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना कथ।संतरागाछी के पुरोहितक्ष बी राघवेंद्र राव द्वारा विधि विधान के साथ धूमधाम से पूजा की गई। एंव पुजा पंडाल को रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया। तीन दिनों तक भक्ति का, कार्यक्रम किया जाएगा ।इस मौके पर गणेश पूजा के सेक्रेटरी बी कांता राव, वी वेंकट राव श्रीनिवास राव, बाला राव रवि शेखर वेंकट राव, पवन कुमार, ए भी राव, आर पी घोष, एस महन्ती,शिव शंकर प्रसाद, समेत कमिटी के सारे मेबर मौजूद थे।



## झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन ने झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद को सम्मानित किया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा खूंटी जिला समिति द्वारा रविवार को कर्रा प्रखंड के लतरातू नेचुरल रिर्सोट पार्क डुमरगड़ी मे मिलन समारोह का आयोजन किया गया. मिलन समारोह में जिसमें फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन रांची अध्यक्ष रतन लाल, प्रेस क्लब के एक्सक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र गिरी, दिनेश शुक्ला, बिमल कुमार, नितीश कुमार, मुकेश भट्ट, करन जी मुख्य रूप से मौजूद रहे. समारोह में झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा झामुमो खूंटी जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद को पुष्प गुच्छ व शॉल ओड़कर सम्मानित किया गया. वहीं विशेष बैठक पर झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद ने झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन के साथियों को धन्यवाद दिया तथा कहा कि उनके सहयोग से इस क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी.वहीं झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन के साथियों ने लतरातू नेचुरल रिर्सोट पार्क डुमरगड़ी सह लतरातू डेम का लुप्त उठाया. साथ ही लतरातू नेचुरल रिर्सोट पार्क डुमरगड़ी के कवरेज पर बात कही गयी.



## पिपरवार मे गणेश पूजा की तैयारी पूरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में आज गणेश पूजा मनाया जाएगा।गणेश पूजा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार स्थित टीएच कॉलोनी और बचरा बाजार में इस बार तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।उक्त दोनों जगहों पर पूजा पंडाल का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। बचरा बसंत विहार पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि 19 सितम्बर की सुबह 11 बजे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय के द्वारा विधिवत पूजा कर पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा,जिसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पंडाल का पट खोल दिया जाएगा।

## दिल का दौरा पड़ने से सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन, शोक की लहर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी मे पम्प खलासी के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी सुधुवा राम का रविवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी गांव का रहने वाला था।घटना के संबंध मे उसके परिजनो ने बताया कि वह रविवार की सुबह शौच के लिए गया और काफी देर हो जाने के बावजुद शौचालय से बाहर नही निकला,जिसके बाद परिजन शौचालय पहुंचा,जहां वह गिरा हुआ था।जिसके बाद परिजनो ने उसे बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर सूचना पाकर कई लोग बचरा अस्पताल जाकर मामले की जानकारी ली।वही श्रमिक प्रतिनिधियो ने मृतक के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की मांग की,जिसके बाद कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी गई।रविवार की देर शाम उनके पैतृक आवास बिलारी मे उनका अंतिम सस्कार किया गया।उनके निधन पर क्षेत्र मे शोक की लहर है।

## राय पंचायत भवन मे चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत भवन मे जिला उधान विकास योजना के तहत चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।इस शिविर मे राय पंचायत के करीब 50 महिला एंव पुरूष को उन्नत कृषि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।यह प्रशिक्षण शिविर जिला उधान विकास योजना के तहत 13 सितम्बर से चल रहा था।शिविर मे प्रशिक्षक के रूप मे प्रेम प्रकाश उपस्थित ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया।शिविर के समापन के दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी महिला एंव पुरूष कृषक के बीच कृषि मे उपयोग होने वाले समानो का वितरण किया गया।साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कृषक को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अखंड सौभाग्य के लिए कोयलांचल में सुहागिनों ने किया तीज व्रत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं का पवित्र त्यौहार तीज धूमधाम के साथ मनाया गया।अपने पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्यवती होने की कामना के साथ कोयलांचल में सुहागिनों ने तीज का निर्जला व्रत कर पुरे विधि विधान एवं श्रद्धा भाव से संपन्न किया। तीज व्रत की तैयारी में महिलाएं कई दिन पुर्व से ही जुट गई थी,जिसमें तीज के अवसर पर बनाए जाने वाले पकवान,अपने लिए नई साड़ी एवं श्रंगार का सामान शामिल है।एक दिन पुर्व से ही महिलाएं द्वारा हाथों में मेहंदी लगाते हुए देखा गया।सोमवार को तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने



निर्जला व्रत रखकर सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती की पुजा अर्चना कर पुजारी से तीज से संबंधित पौराणिक कथाएं सुनी।ऐसी मान्यता है कि माता पार्वती भी इस व्रत को रखने के बाद ही भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त की थी।इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। व्रती इस दिन सोलह श्रृंगार करके पूजा करने के बाद कथा पढ़ती है।कोयलांचल क्षेत्र के राय,चुरी पुरनी राय, बचरा,बेंती,कल्याणपुर, कारो,किचटो,बिलारी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी शिव मंदिरो में तीज की पुजा के लिए सुहागिन महिलाओं द्वारा शिव-पार्वती की पुजा की गई।मंदिरों में पुजारियों द्वारा तीज व्रत का महत्व बताते हुए कथा सुनाई गई।तीज का चौबीस घंटे का निर्जला व्रत पुरा कर व्रतियों द्वारा आज पारन किया जाएगा।इसी के साथ इस पर्व का समापन हो जाएगा।

## कर्रा में विश्वकर्मा एवं तीज पुजा हर्सोउल्लास के साथ मनाया गया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को तीज पूजा एवं एक दिन पहले श्री विश्वकर्मा पूजा अपर शारदा भक्ति के साथ कर्रा प्रखंड में संपन्न हुआ.रविवार को विश्वकर्मा पूजा को लेकर हिंदू, मुस्लिम,इसाई धर्म लाम्बियो ने अपने-अपने वाहनों को सुबह उठकर धुलाई किया साथी अगरबत्ती और माला, प्रसाद चढ़कर भगवान विश्वकर्मा से अपने एवं अपने वाहनों का रक्षा करने का कामना किया. कर्रा के कर्रा चौक, कर्रा रेलवे स्टेशन , गोबिन्दपुर, लोधमा, बक्सपुर रेलवे स्टेशन, भगवान विश्वकर्मा का धुमधाम से पुजा अर्चना किया गया. सोमवार को विश्वकर्मा भगवान का प्रर्तिमा को भक्तों ने भावविहीन जलाशयों में विसर्जन किया. सोमवार की सुबह से ही हिंदू धर्मलम्बीयों के सुहागिनों ने अपने घर आंगन को सफाई करने के बाद परंपरा के अनुरूप अपने सुहाग की रक्षा के लिए सोलह सिंगार करके अपने पति का दीर्घायु को लेकर मंगल कामना करते हुए तेज व्रत किया. वही भगवान शिव पार्वती गणेश का अंतर ध्यान करते हुए घरों में एवं सामूहिक पूजा करने के बाद ब्राह्मणों को प्रसाद और दान दिया. उपवास रख महिलाओं ने निर्जलाओं व उपवास रखकर भगवान शिव और पार्वती के ध्यान में ले रहे।

## फुटबॉल क्लब अम्बाटोली जम्हार 3 गोल से विजयी

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उडिकेल पंचायत के भुसुर मैदान में मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को फुटबॉल क्लब अम्बाटोली जम्हार बनाम फुटबॉल क्लब सिमगड़ा के बीच खेला गया.जिसमें फुटबॉल क्लब अम्बाटोली जम्हार तीन गोल की बढ़त बनाकर विजयी रही. मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जरियागढ थाना के पुअनि जयदेव सराक ने कहा कि आप सभी मेहनत से खेलिए खेल के बदौलत आसमान को छुआ जा सकता हैं. हमारे क्षेत्र के क्रिकेट में धौनी देश दुनिया में अपना और देश का नाम रौशन किए हैं.उन्हें सेना में मानद कैप्टन बनाया गया है.जो अपने आप मे गौरव की बात है. उडिकेल पंचायत मुखिया क्षत्री हेमरोम ने कहा कि प्रतियोगिता में कुल16 टीमों ने भाग लिया हैं. प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को निखार कर आगे बढाना हैं. मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम फुटबॉल क्लब अम्बाटोली जम्हार को आठ हजार एवं जर्सी तथा उपविजेता टीम फुटबॉल क्लब सिमगड़ा को पुरस्कार स्वरूप पांच हजार एवं जर्सी दिया गया. ग्रामीण जनता ने मुखिया आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का खूब आनन्द लिया.प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुखिया क्षत्री हेमरोम, पंचायत समिति सदस्य पौलुस होरो, पवन मिश्रा, कृष्णा गोप के अलावे अन्य लोग अहम भूमिका रही।

## अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध तमाड़ प्रमुख और उप प्रमुख के समर्थन में उतरे पंचायत समिति सदस्य

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड के प्रमुख अजय कुमार मुंडा और उप प्रमुख शकुंतला खंडित के समर्थन में 16 पंचायत समिति सदस्यों ने बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी को अपना हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र सौंपा है । ज्ञात हो कि प्रमुख और उप प्रमुख के विरुद्ध विगत 28 अगस्त को तमाड़ प्रखंड के वीरगांव पंचायत समिति सदस्य दानी महतो के नेतृत्व में कुछ पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपा गया था ।वहीं इस अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा तमाड़ के सभी पंचायत समिति के सदस्यों को नोटिस जारी कर अपना अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। जिसपर सोमवार को प्रमुख और उप प्रमुख के समर्थन खड़े होते हुए 16 समिति के सदस्य ने लिखित रूप से अपना अपना समर्थन पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपाप्रमुख अजय कुमार मुंडा और उप प्रमुख शकुंतला खंडित ने संयुक्त रूप से बताया की द्वेष की भावना को रखते हुए कुछ लोगों द्वारा पंचायत समिति सदस्यों को अंधेरे में रख साजिश के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करा लिया गया था । चूंकि हमेशा सच्चाई की जीत होती है इसी लिए आज सभी सदस्यों ने पुनः फिर से हम दोनों पर विश्वास जताया । उन्होंने इस जीत को सच्चाई की जीत कही है ।

## करम पूर्व संध्या को लेकर 10 पाड़हा की बैठक

**बेड़ो :** प्रखंड के जरीया कटरमाली गांव में सोमवार को करम पूर्व संध्या मनाने को लेकर 10 पाड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 24 सितम्बर को करम पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें जरिया पंचायत के साथ-साथ 10 गांव के पाड़हा प्रेमी व खोड़हा नृत्य दल शामिल होंगे। बाहर से आये गांवों के खोड़हा नृत्य दल के अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वित्य और तृत्य स्थान को समिति की ओर से पुरूषकार देकर सम्मानित किया जायगा। बैठक में डा. रविन्द्र नाथ भगत, पाड़हा राजा कोमल उरांव, अजय लकड़ा, बिशु पहान, बिन्नी उरांव, प्रो. मंजु मिंज,पुष्पा उरांव, बान्दे लकड़ा, बुधनाथ उरांव, कुलदीप उरांव, मलरू उरांव, अजय उरांव, खद्दी, विजय,शंकर व झिरगा पहान सहित कई लोग शामिल थे।

## ईटा गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ, फ़ाइनल मैच 22 सितंबर को

**बेड़ो :** प्रखंड के ईटा के रामपुर मैदान में सोमवार को युवा सरना क्लब के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व मुखिया सह ग्राम प्रधान बुधराम बाड़ा ने विधिवत फ़ीता काटकर व फुटबॉल पर किक मारकर किया। जहां टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच अमर रेड स्पोर्टिंग क्लब नगड़ी एवं एलसीटी रांची के बीच हुई। जिसमें नगड़ी एक गोल से विजय रहा। वहीं टूर्नामेंट में 24 टीमों भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच करम पूर्व संध्या के अवसर पर 22 सितंबर 2023 को खेला जाएगा। मौके पर बुधराम बाडा खिलाड़ियों से परिचय करते हुए कहा कि आप खेल को खेल भावना से खेलें। इस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में टूर्नामेंट आयोजित हो जाने से ग्रामीण प्रतिभा उभर कर आती है।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/23/2023-24**

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road and Laying of Paver Block From Main Road To H/o Md. Zakir via H/o Niranjan Rana in Ward No. 01 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 50,25,288/- | 1,01,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 2. | Construction of P.C.C. Road and Laying of Paver Block From H/o Abdul Rahman To Main Road via H/o Pawan Gope in Ward No. - 02 under Municipal Corporation, Hazaribag | 50,25,288/- | 1,01,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 3. | Construction of P.C.C. Road From H/o Shyam Prasad To H/o Rameshwar Prasad, From Shiv Mandir To H/o Prem Mehta, From Black Road To H/o Motilal & Construction of R.C.C. Drain H/o Anup Verma To H/o Vinod Mehta, From H/o Shyama dev To H/o Late Deepak Kumar Sinha, From H/o Dr. Praveen Kumar To H/o Visheshwar Gope, From Naresh Sabji Dukan To H/o Sant Kumar and Construction of Culvert in Ward No. - 04 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 49,88,225/- | 1,00,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 4. | Construction of R.C.C Drain From H/o Ranjit Ji To H/o Manilal Ji, From H/o Mahesh Ji To Jabra Samsan Ghat via Inter Science College & Laying of Paver Block in Ward No. 09 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 52,42,591/- | 1,05,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 5. | Construction of R.C.C Drain From Hazaribag Bagodar Road To H/o Rahul Thakur & P.C.C Road From H/o Bhaktin Ji To H/o Rahul Thakur in Ward No. 10 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 50,48,345/- | 1,01,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 6. | Repair Of P.C.C. Road From H/O Kanhaiya Narayan To H/O Munna Singh, From H/O Mahavir Prasad To H/O Manoj Sharma, Near Sai Residency, Near H/O Nidhis Saran In Surya Nagar & In Shankar Path, Construction Of R.C.C. Drain From H/O Kanhaiya Narayan To H/O Munna Singh, In Professor's Colony, In New Forest Colony & In B.P.L. Das Gali, Laying Of Paver Block From Post Office Chowk To New Bus Stand Chowk And Construction Of R.C.C. Culvert In Ward No. :- 13 (Thirteen) Under Municipal Corporation, Hazaribag 13 (Thirteen) Hazaribag | 55,80,483/- | 1,15,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 7. | Construction Of P.C.C. Road From H/O Nimmi To H/O Ishak In Chistiya Mohalla From H/O Late Firdausi Sahab To H/O Arshad Khan In Chistiya Mohalla, From H/O Farooq Quraishi To H/O Kalo Quraishi In Quraishi Mohalla, Repair Of P.C.C. Road From H/O Aslam Khan To H/O Ajaj Khan & From H/O Md. Shakil To H/O Master Momtaz In Chistiya Mohalla & From Mazar Sharif To H/O Md. Shakil In Quraishi Mohalla And Construction Of R.C.C. Drain From H/O Nimmi To H/O Ishak In Chistiya Mohalla, From H/O Aslam Khan To H/O Ajaj Khan & From H/O Md. Shakil To H/O Master Momtaz In Chistiya Mohalla, From H/O Farooq Quraishi To H/O Kalo Quraishi In Quraishi Mohalla & From Mazar Sharif To H/O Md. Shakil In Quraishi Mohalla In Ward No. 16 (Sixteen) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 57,85,506/- | 1,20,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 8. | Repair Of P.C.C. Road From H/O Lokeshwar Paswan To H/O Kishore Kumar, From H/O Dushad To H/O Roshan Verma, From H/O Dilip Verma To H/O Baldeo Ram, From H/O Sunil Kumar To H/O Gopal Babu, From H/O Krishna Ram To H/O Sunil Kumar Sinha, From H/O Rajan Sharma To H/O Bunty Babu, From H/O Rajan Sharma To H/O Mahesh Bhuiyan, From H/O Sunil Sinha To H/O Dinesh Vishwakarma, From H/O Shravan Kumar Shankar To H/O Vijy Babu, From Shop Of Birju Vishwakarma To H/O Munna Vishwakarma & From H/O Nagendra Upadhyay To H/O Pradeep Vishwakarma, Construction Of R.C.C. Drain From H/O Dilip Verma To H/O Baldeo Ram And Laying Of Paver Block From H/O Ashish Kumar To H/O Bhola Sah & From H/O Ashish Kumar To H/O Kanhai Ram In Ward No. - 19 (Nineteen) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 70,24,414/- | 1,45,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 9. | Repair Of P.C.C. Road From H/O Manik Kumar To H/O Rajesh Singh In 1st Gali New Area, From H/O Ajay Kumar To H/O Pramod Singh In 3rd Gali New Area & From Lohsinghna Masjid Gali No. 2 To The End Of Imambara Gali And Construction Of R.C.C. Drain From Bread Gali Chowk To H/O Sukhdeo In 2nd Gali New Area, From H/O Prabhat Sinha To H/O Manikant Singh In 4th Gali New Area & From Lohsinghna Masjid Gali No. 2 To The End Of Imambara In Ward No. - 20 (Twenty) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 58,88,053 | 1,20,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 10. | Construction Of P.C.C. Road Near H/o Sunil Keshri in Shashtri Nagar, Par Nala,Kumhartoli and Construction of R.C.C Drain Near H/o Sunil Keshri in Shashtri Nagar, Par Nala, Kumhartoli & From Durga Mandap To H/o Rajkumar Saw & H/o Sunny VermaTo River in Ward No. 25 (Twenty Five) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 49,68,952 | 1,00,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 11. | Construction Of R.C.C. Drain and Laying of Paver Block From H/o Ajit Ji To H/o Rajesh Sharma in Ward No. 27 (Twenty Seven) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 49,53,465/- | 1,00,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 12. | Construction Of P.C.C. Road From Saha Krishi Kendra To Jai Prakash Marg, Repair P.C.C Road From Chanda Niwas To H/o Lal Bihari Singh in Bora Godam, Kumhartoli, Construction of R.C.C Drain From Chanda Niwas To H/o Lal Bihari Singh in Bora Godam, Kumhartoli, in Jai Prakash Marg & From Saha Krishi Kendra To Jai Prakash Marg in Ward No. 29 (Twenty Nine) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 57,85,425/- | 1,20,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 13. | Construction Of Guard Wall in Gaus Nagar Nala, Construction Of P.C.C. Road in Bahadur Ali Lane, Dhobi Mohalla and Construction of R.C.C Drain in Bahadur Ali Lane, Dhobi Mohalla in Ward No. 30 (Thirty) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 59,28,553/- | 1,20,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 14. | Construction Of R.C.C. Drain in Khan Road and Laying of Paver Block in Khan Road (Both Sides) & From Harijan Tola To Khirgaon Qabristan Chowk in Ward No. 31 (Thirty One) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 49,59,896/- | 1,00,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 15. | Repair of P.C.C Road, Construction Of R.C.C. Drain and Laying of Paver Block From Imli Chowk To Barkagaon Road via Khirgaon Mandir & Sirka in Ward No. 32 (Thirty Two) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 49,86,939/- | 1,00,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 16. | Construction Of P.C.C. Road From Old P.C.C Road To H/o Umesh Prasad Er., Repair of P.C.C Road in Jaswant Nagar Mandir Road, Construction Of R.C.C. Drain Near the H/o Chandrika Prasad and Laying of Paver Block on Both Sides of the Road in Jaswant Nagar in Ward No. 33 (Thirty Three) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 54,48,919/- | 1,10,000/- | 10,000/- | 120 Days |
| 17. | Construction Of P.C.C. Road Near The H/o Vinay Das, near the H/o Kedar Singh, From Old P.C.C Road To H/o Narayan Saw all in Jaiprabha Nagar & in Baba Path Lane - 01 and Construction Of R.C.C. Drain near the H/o Vinay Das in Jaiprabha Nagar & in Baba Path Lane - 01 in Ward No. 34 (Thirty Four) Under Municipal Corporation, Hazaribag | 61,15,274/- | 1,25,000/- | 10,000/- | 120 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **20.09.2023 at 11:00 A.M.** |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **03.10.2023 up to 5:00 P.M.** |
| 4. | Hardcopy Submission date | **04.10.2023 11:00 A.M. to 2:00 P.M.** |
| 5. | Address- For Submission of Hard Copy | **DDC Office, New Collectorate, Hazaribag** |
| 6. | Bid Opening date | **05.10.2023 at 11:00 A.M.** |
| 7. | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 8. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 04-10-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

PR 307224 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

## कुकडु हाट मैदान में प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकरू प्रखंड अंतर्गत कुकडु हाट मैदान में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कुकडू की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो सरायकेला खरसावां ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुकडु भी उपस्थित थे। इस स्वाथ्य मेला में कुल 15 अलग अलग जांच से लेकर दवाएं दिया गया। नेत्र जांच,शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच एवं महिलाओं का भी विभिन्न प्रकार की जांचे किये गए। मौके पर उपस्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में जांच के उपरांत सारी दवाईयां का उपलब्धता होना चाहिए ताकि मरीज को जांच के उपरांत दवाई उपलब्ध कराया जा सके। तिरुलडीह के पीएचसी में अभी जो डॉक्टर सप्ताह में 2 दिन बैठ रहे हैं हमारा प्रयास है कम से कम एक डॉक्टर रोजाना पीएचसी में रहेंगे।मौके पर विभिन्न प्रकार के जांच कर्मी ,नर्स ,डॉक्टर, कुकडु पंचायत के मुखिया,उपमुखिया साथ में प्रखंड के निवासी उपस्थित हुए थे।

## झारखंड फुटबॉल अंडर 14 गर्ल्स टीम गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड पहुंची, हुआ भव्य स्वागत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड फुटबॉल अंडर 14 गर्ल्स की फुटबॉल टीम नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में पंजाब अमृतसर में फाइनल मुकाबला जीत कर गोल्ड मेडल हासिल कर झारखंड पहुंची, जिसमें चार बच्चियां आवासीय बालिका फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र चक्रधरपुर की है। कोच रिंकी



कुजूर की टीम के साथ चारों गोल्ड मेडलिस्ट बच्चियां चक्रधरपुर के भारत भवन मिनी फुटबॉल स्टेडियम पहुंची। जहां फुटबॉल नेशनल कोच इकबाल खान ने अपनी टीम के साथ सबों का स्वागत किया। इन चारों में आयशा कछाप लेफ्ट विनर में गोल्डमेडल हासिल की, सरस्वती कुमारी राइट डिफरेंस में गोल्डमेडल हासिल की। आयुषी कुमारी राइट मिडिल में गोल्ड मेडल हासिल की और भारती कुमारी लेफ्ट डिफेंस में गोल्ड मेडल हासिल की। इस दौरान मौके पर फुटबॉल नेशनल कोच इकबाल खान, एमडी जलाल, साजिद अनवर,एमडी मुमताज अंसारी, सह आज़म,गुलजार अहमद ,चुन्नू रहमान, कोच क्रिकेट वैस अंसारी ,मंजर आलम, कोच कुंदन गोप आदि मौजुद थे।

## बेलटांड़ दुर्गा पूजा समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा, बनेगा भव्य पंडाल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की एक आवश्यक बैठक रविवार को पटमदा के बेलटांड़ चौक स्थित भगीरथ सिंह के मकान में संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा का पंडाल हेतु बोड़ाम के बंगई निवासी हरिपद महतो के साथ एकरारनामा



किया गया। इसके अलावे महाषष्ठी से लेकर विजया दशमी तक रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने, सदस्यता शुल्क जमा करने एवं अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति की अगली बैठक 23 सितंबर को रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, महावीर महतो, उज्ज्वल कांति दास, सुभाष कर्मकार, शिशुपाल सिंह सरदार, शिशुलाल महतो, रांगा सिंह सरदार, विद्याधर सिंह, डॉ. केपी दास, चक्रधर मुदी, संजय कुमार दास, माणिक हालदार, निर्मल कांति दास, मथुर माझी, विश्वजीत मिश्रा, रविंद्र नाथ सिंह, प्रदीप पैड़ा, राजू मंडल, सुधांशु महतो, धनंजय उपाध्याय, दीपक दास, कल्याण कुमार गोराई, विभूति रजक, दशरथ मंडल व विश्वनाथ मल्लिक आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर एफसी अपना आखिरी फ्रेंडली मैच आज सिक्किम आक्रामण एससी के खिलाफ खेलेगी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी अपना आखिरी फ्रेंडली मैच कल 19 सितंबर को सिक्किम प्रीमियर लीग के विजेता सिक्किम आक्रामण एससी के खिलाफ खेलेगी जमशेदपुर में फ्लैटलेट्स ट्रेनिंग ग्राउंड में खेलेगी। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ आखिरी ड्रॉ के बाद मेन ऑफ स्टील अपनी आखिरी जीत के लिए पूरी तरह तैयार हैं. प्री-सीजन फ्रेंडली मैच में अच्छा प्रर्दशन कर जेएफसी आगामी आईएसएल सीजन 2023-24 में पूरे जोश के साथ कदम रखना चाहेगी.सिक्किम आक्रमण



एससी ने हाल ही में सिक्किम प्रीमियर लीग का उद्घाटन सीजन जीता है, जिसे हाल ही में जमशेदपुर एफसी के पूर्व खिलाड़ी बिकास जायरू और रॉबिन गुरुंग की मदद से शुरू किया गया था, जो सभी सिक्किम प्रीमियर लीग में निदेशक मंडल के रूप में काम करते हैं. दोनों पूर्व स्टील खिलाड़ियों ने अपने खेल करियर के बाद सिक्किम फुटबॉल को पुनर्जीवित और विकसित करने के लिए पहल शुरू की. जमशेदपुर एफसी के पूर्व खिलाड़ी विकास जायरू और सिक्किम प्रीमियर लीग के निदेशक मंडल ने कहा, मैं सिक्किम आक्रमण एससी को आईएसएल क्लब के खिलाफ खेलने का अवसर प्रदान करने के लिए सीईओ - जमशेदपुर एफसी, मुकुल चौधरी को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह सहयोग इन युवा लड़कों के लिए सीखने और सिक्किम में फुटबॉल को बढ़ावा देने का अवसर बढ़ाता है. हमें उम्मीद है कि सिक्किम में फुटबॉल के विकास के लिए भविष्य में और अधिक मैच होगा।

## पटमदा-बोड़ाम में दो दिन पूजे गये शिल्पी के देवता भगवान विश्वकर्मा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिल्पी के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना रविवार व सोमवार दोनों दिन पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में की गई। हिन्दी पंचांग मानने वाले लोगों ने रविवार को ही अपने-अपने प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की आराधना की जबकि क्षेत्र के अधिकांश वाहन चालक व मालिकों, टू व्हीलर गैराज, शोरूम, क्रशर, खदान व टेलरिंग की दुकानों में श्रद्धापूर्वक पूजा की गई।

# टाटा मोटर्स में बोनस समझौता संपन्न

### - न्यूनतम लगभग 28 हजार, औसत 43 हजार और अधिकतम 57900 रुपए मिलेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन एवं टाटा मोटर्स प्रबंधन के बीच बोनस समझौता संपन्न हुआ। प्रबंधन की ओर से भी वी पी ऑपरेशन विशाल बादशाह, टाटा मोटर्स प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन गड़ा, आई हेड सौमिक राय, यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह सभी पदाधिकारी गण इस समझौते में सम्मिलित हुए। वार्षिक बोनस समझौता में औसत 43485 रुपये अधिकतम 57900 लगभग 5600 कर्मचारियों के बीच बोनस वितरित होगा। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार न्यूनतम बोनस राशि लगभग 28000 रूपये मिलेंगे यह राशि जे ओ ग्रेड वाले कर्मचारियों को मिलेगा वह बाहर स्कीम के तहत आने वाले कर्मचारी को उपहार स्वरूप 13030 रूपये लगभग 200 कर्मचारी जो इस







स्कीम के तहत हैं उनको दिया जाएगा। इस समझौते में जो आज महत्वपूर्ण विषय रहा वह रिकॉर्ड संख्या में अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण होना 355 अस्थाई साथी स्थाई रूप से नौकरी में नियोजित होंगे। 350 कंपनी में कार्यरत अस्थाई काम करने वाले कर्मचारियों को स्थाई किया जाएगा वहीं टाटा मोटर्स अस्पताल में काम करने वाली पांच नर्स को स्थाई किया जाएगा। इस मौके पर टाटा मोटर्स मुख्य गेट से बैंड बाजे के साथ अस्थाई कर्मियों के द्वारा फूल माला से सम्मानित कर जुलूस के स्वरूप में यूनियन प्रांगण तक लाया गया। यूनियन के सभी सदस्य आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य एवं आम कर्मचारियों ने पूरे हर्सोल्लास के साथ यूनियन प्रांगण में आए।महामंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स के यूनियन और प्रबंधन के बीच बोनस के साथ-साथ स्थायीकरण की परंपरा चली आ रही है और आज हम लोगों ने 350 कर्मचारी साथियों का स्थाईकरण 5 नर्स बहनो का स्थाईकरण करने में आप सब के माध्यम से सफल हुए हैं। इसके साथ-साथ कई मुद्दों पर प्रबंधन से बात हुई है बहुत जल्द ही मल्टी स्किल जो कोरोना काल में बंद हो गया था पुनः आरंभ होगा। जो बच्चे एफ टी ए एवं टीएमएसटी ट्रेनिंग करके बैठे हैं बहुत जल्द ही उन्हें बाय सिक्स के रूप में कंपनी में बुलाया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा हम आप सब मजदूर साथियों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने गर्म जोशी के साथ हम लोगों का स्वागत किया।

## राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पटमदा के छात्र कृपासिंधु का चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** खेलो झारखंड-2023 के अंतर्गत शनिवार को जमशेदपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा के 12वीं कक्षा का छात्र कृपासिंधु मांडी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इससे स्कूल परिवार समेत क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वह पटमदा के लावा टोला राहेरडीह निवासी गुरुपद मांडी का पुत्र है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि कृपासिंधु अब राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो गर्व की बात है।

## जेल अदालत में एक मामले का हुआ निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मंडल कारा सरायकेला में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में बंदियों द्वारा दिए गए आवेदनों में से 08 मामलों पर विचार किया गया। जिसमे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से 01 मामले का निष्पादन किया गया और एक अभियुक्त को मुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंजू कुमारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कवितांजली टोप्पो, कारा के कर्मी , न्यायालय के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे।

## एआईएमआईएम जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह ने दिया इस्तीफा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एआईएमआईएम पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वो एआईएमआईएम पार्टी में रह कर खुल कर काम नही कर पा रहे थे, ना अपने लोगों को जोड़ पा रहे थे, इसके कई कारण है जिसका उन्होंने उल्लेख नही किया, सुरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा झारखंड एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद शाकिर को सौप दिया है। सरदार सुरजीत सिंह ने कहा वो चंद्रशेखर आज़ाद की पार्टी आज़ाद समाज पार्टी का दामन थामेंगे और आज़ाद समाज पार्टी की विचारधारा को घर घर तक पहुँचाने का काम करेंगे।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा सामुदायिक भवन सरायकेला स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने भवन अंतर्गत सभी कमरों सहित ईवीएम संग्रहित सील कमरों का भी निरीक्षण किया। भवन परिसर सहित वहां लगे सीसीटीवी कैमरा सहित विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिदुओं का निरीक्षण करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग को आवश्यक दिशा निर्देश

## टाटा स्टील यूआईएसएल का स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू, 2 अक्टूबर तक चलेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने स्वच्छ भारत मिशन की 9वीं वर्षगांठ और एसबीएम-यू 2.0 की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इसके तहत गांधी घाट की सफाई के लिए 37वीं झारखंड बटालियन की एनसीसी टीम और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी करके 17 सितंबर, 2023 को सेवा दिवस मनाया। 400 से





अधिक स्वयंसेवकों ने स्वच्छ जमशेदपुर शहर का संदेश फैलाते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना और आगामी इंडियन स्वच्छता लीग (आईएसएल 2.0) में गौरवान्वित जमशेदपुर जगुआर के रूप में हमारे शहर का प्रतिनिधित्व करना है।

## मैजिक वैन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत, 4 घंटे हुआ सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक आदारडीह सड़क पर जारगोडीह के पास रविवार को एक मैजिक वैन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खीरी गांव निवासी 28 वर्षीय बालक दास महतो के रूप में की गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को करीब 4 घंटे जाम कर दिया। घटना की सूचना पर ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा व



तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे व ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने मैजिक वैन को दयाल टांड़ के पास पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर पड़े लाश को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को उठाने नहीं दिया, सड़क पर बैठकर सड़क को ही जाम कर दिया। जिससे घंटों पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस मैजिक वैन व स्कूटी को भी जप्त कर लिया। मृतक का एक 8 वर्षीय व एक 4 वर्षीय बेटा है। परिवार चलाने के लिए वह एकलौता कमाई करने वाला था। वह जमशेदपुर में काम करता था। कुछ दिन पहले ही गांव आया था।

## सराहनीय पहल : होटल राहुल प्लेस के सौजन्य से चलेंगे चांडिल बाजार क्षेत्र में कचरा उठाओ गाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल बाजार में इन दोनों जगह-जगह कचरे का जमावड़ा लगा हुआ है दरसल चांडिल बाजार में कचरा फेंकने के लिए डस्टबिन नहीं होने के कारण लोग अपने घर के सारे कचरे को जहां-तहां फेंक देते हैं। जिसको देखते हुए होटल राहुल पैलेस के मालिक सुखराम हेंब्रम ने चांडिल बाजार के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने सोमवार को एक प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुऐ कहा कि 21 सितंबर से होटल राहुल प्लेस के सौजन्य से चांडिल बाजार में कचरे का गाड़ी माइकिंग करते हुए घूम घूम कर हर घर से कचरा उठाने का काम करेगी। चांडिल वासियों सुखराम हेंब्रम ने अनुरोध किया है कि सभी अपने-अपने घर से एक निर्धारित समय पर कचरा निकाल कर गाड़ी में डालें जिससे पूरा चांडिल बाजार साफ और स्वच्छ रहेगा। यह सेवा बिल्कुल निन्शुल्क चलते रहेगा।

## हरतालिका तीज पर पप्पू सरदार ने 325 महिलाओं को दिया साड़ी और सूट का तोहफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक के रूप में शहर में अपनी पहचान बना चुके पप्पू सरदार द्वारा इस साल पहली बार हरतालिका तीज के शुभ अवसर पर उपवास रह कर पूजा करने वाली 325 महिलाओं के बीच माधुरी दीक्षित के नाम पर तोहफा स्वरूप साड़ी और सूट निःशुल्क बांटा गया। यह कार्यक्रम रविवार को साकची स्थित हंडी लाईन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपहार लेने वाली कई महिलाओं ने पप्पू सरदार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पप्पू भाई के कारण ही उन्हें अपने मायके की याद कम आती है, क्योंकि महिलाओं को तीज के दिन मायके से आये समानों से तीज मनाया जाता है। मौके पर पप्पू सरदार ने बताया कि परिवारिक कारण से इस साल हरतालिका तीज पर मेंहदी लगावने का कार्य नहीं किया गया। लेकिन हरतालिका तीज का पूजा करने वाली बहनों को एक भाई की तरफ से सात दिनों तक निःशुल्क मेंहदी उपलब्ध कराया गया।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का कंज्यूमेक्स मेला शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महिलाओं को सशक्त बनाने के उदेश्य से मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का कंज्यूमेक्स मेला 2023 (प्रदर्शनी सह बिक्री) बिष्टुपुर तुलसी भवन में सोमवार से शुभारंभ हुआ जो बुधवार 20 सितम्बर तक चलेगा। इस तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाज सेविका मेघा वर्धन, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, मंच की प्रांतीय सचिव प्रभा पाडिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर अतिथियों ने मारवाड़ी महिला मंच की तारीफ करते हुए कहा की महिलाओं की इतनी बड़ी इकाई इतने सशक्त रूप से कार्य कर रही है यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। उद्घाटन कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव सीमा अग्रवाल ने किया।

## मेगा ट्रेड फेयर में विदेशी स्टॉल में उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पीआर इंटरप्राइजेज, थिंक अनलिमिटेड दिल्ली द्वारा और आसि नेलसा इवेंट्स के सहयोग से स्थानीय आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर एक्सपो मेगा ट्रेड फेयर में ईरान, दुबई एवं अफगानिस्तान से आये दिल की बिमारी हटाने के लिए मशहुर असली जाफरान खजूर शहर चुलबूजे, किसमिस अंजीर अखरोट बादाम खुमानी पिस्ता, लहसुन का अचार आंवले का मुरब्बा जैसी सेहत के लिए फायदेमंद उत्पाद यहां एक बेहतर कीमत पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त ट्रेड मिल मशीन एवं मसाज की मशीन जैसे कई प्रोडक्ट्स



जमशेदपुर एक्सपो 2023 में छाये रहे हैं। जमशेदपुर के लोग काफी पसंद कर रहे हैं। बांग्लादेश सहित कई देशों से व्यापारी जमशेदपुर एक्सपो इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में शिरकत कर रहें हैं। बांग्लादेश से इंटरनेशनल फेयर में जो साड़ियां आई है वह अनोखी है बताते हैं कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी इसी तरह की साड़ी पहनती है। जमशेदपुर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर की बेहतरीन टीम ने अपने जमशेदपुर में दूसरा जमशेदपुर एक्सपो आयोजित किया है। ट्रेड फेयर में टू व्हीलर और फोर व्हीलर के तमाम ब्रांच एक ही छत के नीचे उपलब्ध है टीवीएस क्वांटम न्यू एरा महिंद्रा हुंडई जीप चित्रों मारुति नेक्सा अरेना होंडा जैसे तमाम गाड़ियां अच्छे ऑफर दे रही है। महिंद्रा की गाड़ियां टोयोटा जैसी गाड़ियां के स्टॉल यहां लगे हुए हैं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए ग्रेट ईस्टर्न के द्वारा एलजी सैमसंग गोदरेज ओनिडा फिलिप्स जैसे ब्रांड पर अच्छे ऑफर दे रही है। टाटा सोलर एवं इंदिरा सोलर जैसे ब्रांड की सोलर कंपनी भी अपने स्टाल लगाई हुई है। ज्वेलरी से रिलेटेड लोग तनिष्क के स्टॉल और कुलदीप सन्स ज्वेलर्स के स्टॉल पर जाकर इंक्वारी कर सकते हैं। पूरे भारतवर्ष से खाने पीने के स्टाल भी लगे हुए हैं और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांसिंग, सिंगिंग, फैशन शो एवं लाइव बैंड की व्यवस्था भी रखी गई है।

## पत्रकार अनवर शरीफ पर हमला, जमशेदपुर प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल मिला एसएसपी से, कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्यूज 11 के पत्रकार अनवर शरीफ के ऊपर आज अहले सुबह जब वह नमाज़ पढ़ने जा रहे थे तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार चार असामाजिक तत्वों के द्वारा हमला किया गया। और जाते- जाते धार्मिक नारा लगाते हुए भाग खड़े हुए। घटना मानगो थाना से मात्र 100 गज की दूरी पर हुईइस घटना में अनवर शरीफ काफी जख्मी हो गये हैं। वही पत्रकार अनवर ने मानगो थाना में जाकर इसकी सूचना दी मौजूद अधिकारियों द्वारा उनके साथ बदसलूकी की गई। वहीं मीडिया के द्वारा जिला प्रशासन को



सूचित किया गया है। जमशेदपुर प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल वरीय आरक्षी अधीक्षक से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी दी। वरीय आरक्षी अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।वहीं शहर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर कहा कि ,वरिष्ठ पत्रकार अनवर शरीफ पर आज सुबह अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला किया यह निंदनीय है। उपायुक्त और एसएसपी से मांग है कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि मानगो थाना के निकट दो मोटरसाइकिल पर सवार अपराधियों ने जान मारने की नीयत से वरिष्ठ पत्रकार अनवर पर हमला किया इस कारण वे घायल हो गए। अधिवक्ता ने कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को देंगे और उनसे मांग करेंगे कि इस तरह की घटना को रोका जाए और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई हो। उन्हें मालूम है कि पत्रकार अनवर बहुत ही अच्छे इंसान है और हमेशा अनुशासन में रहते हैं।

## संपादकीय

# नई ऊर्जा का दौर

प्रधानमंत्री मोदी और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री मुहम्मद बिन सलमान के दरमियान कई समझौता-दस्तावेजों पर दस्तखत किए गए। वे द्विपक्षीय वार्ता के निष्कर्ष थे, लेकिन उनमें नवीकरणीय ऊर्जा का समझौता बेहद महत्वपूर्ण और प्रासंगिक माना जा रहा है। यदि दुनिया के पर्यावरण को छलनी होने से बचाना है, तो कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी होगी। पृथ्वी के तापमान को कम करना होगा, लिहाजा हरित और स्वच्छ ऊर्जा की प्राथमिकता बनानी होगी। सऊदी अरब भारत का भरोसेमंद और बड़ा कारोबारी साझेदार है। हमें तेल और गैस मुहैया कराने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। बीते साल 4.3 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया गया है। करीब 24 लाख भारतीय सऊदी अरब में कार्यरत हैं। करीब 2700 भारतीय कंपनियां वहां काम कर रही हैं। भारतीय कई कंपनियों के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) भी हैं। बीते साल करीब 1.75 लाख भारतीय हज के लिए वहां गए। सऊदी अरब एक प्रगतिशील देश बन रहा है। वहां सिनेमा पर थोपी गईं पाबंदियां हटा ली गई हैं। अरबी औरतें कार चलाती हैं। बुर्के की बंदिशें जबरन नहीं हैं। भारत ने अमरीका और सऊदी अरब के संबंधों को सामान्य कराया है। दोनों देश प्रतिबद्ध हैं कि चीन 'अड़ंगेबाज' न बन सके। नवीकरणीय ऊर्जा समय की दरकार है और एक मजबूत, साबित विकल्प भी है। भारत और सऊदी अरब के बीच समझौता हुआ है कि वे नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमताओं का विस्तार करेंगे। सऊदी अरब ने लक्ष्य तय किया है कि वह 2030 तक अपनी कुल ऊर्जा का 50 फीसदी हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा का रखेगा। भारत में इस ऊर्जा का 2022 में उत्पादन 175 गीगावाट था। अब 2030 तक उसे बढ़ा कर 450 गीगावाट किया जाएगा। एक गीगावाट 1000 मेगावाट के बराबर होता है। अर्थात हम 4.5 लाख मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा पैदा करने की स्थिति में होंगे। इसका अधिकांश भाग 'सौर ऊर्जा' का होगा, जो हमें सूर्य के प्रकाश से सहज सुलभ है। हम विश्व सौर गठबंधन देशों के सदस्य भी हैं। भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा के सूत्रधार की भूमिका में है। देश में तो घरों की छत तक पर सौर प्लांट लगाए जा रहे हैं। भारत-अरब देशों में संभावनाएं ये भी जताई जा रही हैं कि दोनों देशों के 'नेशनल ग्रिड' समंदर के नीचे एक इंटरलिंक के जरिए जोड़े जा सकते हैं, नतीजतन ऊर्जा दोनों देशों को निरंतर उपलब्ध होगी। दोनों देशों ने अपने पारंपरिक स्रोतों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन पर महत्वपूर्ण प्रयास जारी रखे हैं। यह नए दौर की जरूरतों के लिए नए अनुसंधान माने जा सकते हैं। एक अनुमान यह भी सामने आया है कि अगले साल तक नवीकरणीय ऊर्जा की वैश्विक क्षमता करीब 4500 गीगावाट तक बढ़ सकती है। यह अमरीका और चीन की साझा क्षमता से दोगुनी होगी। बहरहाल राज्यवार नवीकरणीय ऊर्जा का विकास और बढ़ोतरी फिलहाल असमान है। यह गंभीर चुनौती भी है। चूंकि नई ऊर्जा के भंडारण की लागत काफी है, लिहाजा वह आकर्षक नहीं है। राज्यों में ऊर्जा की 'चरम मांग' की स्थितियां भी भिन्न हैं। बेशक भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार लगातार हो रहा है और 2030 तक क्षमताएं खूब बढ़ जाएंगी। यदि वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमताओं में बढ़ोतरी होती रहती है, तो देशों के 'नेशनल ग्रिड' को जोडना किफायती होगा। भारत-अरब के प्रयोगों से स्थितियां और आर्थिक पहलू स्पष्ट होंगे। बैटरियों के जरिए ऊर्जा भंडारण की प्रौद्योगिकी में भी तेजी से सुधार हो रहे हैं, लेकिन व्यापार करने वाले देशों को सावधान और सतर्क रहना पड़ेगा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग न किया जाए। बहरहाल भारत और सऊदी अरब के बीच समझौते से उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है कि नवीकरणीय ऊर्जा का भविष्य उजला है। दोनों देशों ने रक्षा, पर्यटन, व्यापार समेत कई क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रिड को जोडने की सोचना वाकई अभिनव शुरुआत है। आतंकवाद पर भी भारत के रुख से सऊदी अरब को सहमत होना चाहिए। वास्तव में आतंकवाद पूरे विश्व के लिए ही एक बड़ा खतरा है, अतः सऊदी अरब को भारत की चिंताओं से सरोकार होना चाहिए। भारत को यह कोशिश करनी चाहिए कि सऊदी अरब पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद फैलाने से रोके। तभी इस देश के साथ हमारे रिश्ते मजबूत हो पाएंगे।


भारत ने अमरीका और सऊदी अरब के संबंधों को सामान्य कराया है। दोनों देश प्रतिबद्ध हैं कि चीन 'अड़ंगेबाज' न बन सके। नवीकरणीय ऊर्जा समय की दरकार है और एक मजबूत, साबित विकल्प भी है। भारत और सऊदी अरब के बीच समझौता हुआ है कि वे नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमताओं का विस्तार करेंगे। सऊदी अरब ने लक्ष्य तय किया है कि वह 2030 तक अपनी कुल ऊर्जा का 50 फीसदी हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा का रखेगा। भारत में इस ऊर्जा का 2022 में उत्पादन 175 गीगावाट था। अब 2030 तक उसे बढ़ा कर 450 गीगावाट किया जाएगा। एक गीगावाट 1000 मेगावाट के बराबर होता है। अर्थात हम 4 .5 लाख मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा पैदा करने की स्थिति में होंगे। इसका अधिकांश भाग 'सौर ऊर्जा' का होगा, जो हमें सूर्य के प्रकाश से सहज सुलभ है। हम विश्व सौर गठबंधन देशों के सदस्य भी हैं। भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा के सूत्रधार की भूमिका में है। देश में तो घरों की छत तक पर सौर प्लांट लगाए जा रहे हैं।


## कुछ अलग

# हिंदी क्लब में हिमाचल

हिंदी भाषा में राष्ट्र को दूर तक देखने के नजरिए से हिमाचल के सरोकार अभिलषित जरूर हुए, लेकिन क्या यह भाषा राज्य के सपनों में भी आई। बेशक सियासत ने अपना काम किया, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने अपना नाम किया, लेकिन हिंदी राज्य बनकर भी यहां शिक्षा से भविष्य तक अंग्रेजी में सपने देखे जाते हैं। यह दीगर है कि सृजन की दुनिया में हिंदी के हिमाचली लेखकों ने पहाड़ के दर्द, पहाड़ के हर मर्ज और पहाड़ की पीढियों को साहित्य की विविधता और गहराई में झांकने का एक मुकम्मल भाषायी योगदान एवं ओजस्वी श्रमदान सौंपा। इस दौरान लेखन कार्य खूब होने लगा है और इसलिए हिमाचल के अस्तित्व में आने की जिरह और विस्तृत होने की वजह कम हो गई। कुछ लेखकों ने आंचलिक बोलियों को हिंदी की रंगोली में सजाया, लेकिन हिमाचली भाषा के सारे स्रोत व रंग ढके ही रह गए। हिमाचल के सांस्कृतिक पक्ष को मजबूत करने के लिए जिस तरह के प्रादेशिक सरोकार चाहिए थे, उनके खिलाफ अनेक कारणों से गोलबंदी हुई और 'न तेरा, न मेरा' के अहंकार ने उस संभावना को रद्द करना शुरू कर दिया जो हिमाचल की विशालता में पहाड़ की भाषा को संगठित व परिमार्जित कर पाती। आश्चर्य यह है कि हिंदी चुनते-चुनते हमने अपने ही लोकसाहित्य की मूल भावना को खूंटी पर टांग दिया। भाषायी मामले में हिमाचल का दोगलापन राष्ट्रीय भाषा के आलोक में भी स्पष्ट होता है, जहां कुछ साहित्यिक कतारें खुद को देश से संबद्ध करने की मर्दानगी दिखाती हैं, तो कुछ अपने पदों के हिसाब से भाषा के संपर्क सूत्र बनकर हिंदी साहित्य के बड़े नामों से खुद को जोड़ते रहे। क्या हिमाचल का हिंदी साम्राज्य 'दक्खिनी हिंदी' के जगत के बराबर हो गया या मुगालतों में हिंदी राज्य बनकर हमने अपनी ही बोलियों के हाशिए चुन लिए हैं। हिमाचल बनने से पहले भाषा के विषय हमारे नजदीक थे, लेकिन अब एक दुर्ग है भाषा। पूर्व में जब हिमाचल कुछ रियासतों से जुडक़र भाषायी मसले को संबोधित कर रहा था, तो उर्दू का प्रयोग केवल कलम नहीं, दिल और जुबान के रिश्तों को सुकून दे रहा था। इसी तरह पंजाब में रह गए पर्वतीय क्षेत्रों ने पंजाबी के गीत-संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं से भाषा की रुहानियत सीखी। जिस पंजाबी भाषा के सुर हिमाचल के सत्तर फीसदी इलाके की बोलियों से मिल कर ताल बनाते हैं, उसे हम अब हिमाचली भाषा के उद्गम से दूर रखना चाहते हैं। पंजाबी ने तो अपनी संरचना में बिलासपुर और कुछ मंडी की बोलियों को भी अपने साथ मिला कर बड़ा किया, लेकिन जब हिमाचली भाषा का प्रश्न आता है, तो हम इसे तथा इसके नजदीक तमाम पहाड़ी बोलियों को अछूत बनाना चाहते हैं। क्या पंजाब ने हिंदी साहित्य को पंजाबी से मजबूत नहीं किया और अगर हम हिमाचली भाषा के शृंगार को एक सूत्र में पिरोकर सृजन करें, तो क्या प्रदेश में हिंदी साहित्य की अपनी धार और विशिष्टता नहीं होगी।

# आयुष्मान भारत से आयुष्मान भवः



**डॉ. मनसुख मांडविया**
**(डॉ. मनसुख मांडविया केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री हैं।)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2018 में आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इस योजना की शुरुआत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के प्रावधानों के तहत सबको स्वास्थ्य की परिकल्पना को साकार करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के कोने–कोने में रह रहे लोगों तक व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत बचाव और जागरूकता से लेकर प्राइमरी, सेकेंडरी और टर्शियरी स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे सुनिश्चित हों, इसकी पूरी व्यवस्था हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर्स और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से की गई।मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भवः अभियान लॉन्च किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपीद मुर्मू ने 13 सितंबर, 2023 को इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन–जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिजिज, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जाना है।आयुष्मान भवः का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है। ताकि लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर जागरूकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। हमारे प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय के सिद्धांत के अनुकूल इस अभियान को तैयार किया गया है ताकि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के हर एक व्यक्ति को मिल पाए। सबको स्वास्थ्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसमें अंग दान अभियान चलाना शामिल है। साथ ही स्वच्छता अभियान और रक्त दान अभियान जैसे कई और गतिविधियां चलाई जाएंगी। इस अभियान के तीन मूल आधार हैंः आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा और आयुष्मान मेला। इसके तहत समाज केंद्रित सोच के साथ जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का काम किया जाएगा।आयुष्मान आपके द्वार का यह तीसरा संस्करण है। पहले के दो संस्करणों के सफलताओं को यह आगे बढ़ाएगा। इसके तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में और तेजी लाई जाएगी। आयुष्मान सभा के जरिए गांवों के स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। आयुष्मान मेला के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न चिंताओं का समाधान करने का काम किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार अभियान की शुरुआत पूरे देश में 17 सितंबर को होगी और यह 31 दिसंबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तकरीबन 60 करोड़ लाभार्थियों में से अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम इस अभियान के तहत होगा। ताकि कोई भी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं से अछूता न रहे।आयुष्मान सभा की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर, 2023 से होगी। 31 दिसंबर, 2023 तक चलने वाले इस अभियान के तहत देश भर के गांवों और शहरों में इन आयोजन होगा। इसके जरिए मुख्य तौर पर जन–जन तक स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। जनभागीदारी से जनकल्याण की भावना विकसित करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का काम भी इसके तहत किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण, सूचीबद्ध अस्पतालों के बारे में जानकारी, आयुष्मान भारत हेल्थ आईडी बनाने, स्क्रीनिंग सेवाएं, स्वास्थ्य चर्चा जैसी गतिविधियों का आयोजन होगा। इनमें स्थानीय सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकार के विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के लाभार्थी शामिल होंगे। आयुष्मान मेला का आयोजन हर हफ्ते गांवों के स्तर पर देश के सभी 1.6 लाख हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर्स पर होगा। साथ ही प्रखंड स्तर पर इसका आयोजन मेडिकल कॉलेजों के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा। इन मेलों के माध्यम से ईएनटी, आंख, मानसिक बीमारी आदि के लिए परामर्श और ईलाज की सुविधा एक बहुत बड़ी आबादी को मिलेगी। साथ ही लोगों में स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जागरूकता का प्रसार होगा।इन सभी कोशिशों के माध्यम से हर गांव को आयुष्मान ग्राम पंचायत और हर शहरी वार्ड को आयुष्मान शहरी वार्ड बनाना है। ऐसा करके जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य के मामले में स्थिति बेहद मजबूत होगी। जिन गांवों में आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, स्क्रीनिंग और संक्रामक व गैरसंक्रामक बीमारियों के ईलाज के मामले में 100 प्रतिशत कवरेज होगा, उन्हें प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक ले जाना सिर्फ हमारा लक्ष्य नहीं बल्कि यह मोदी सरकार की प्रतिबद्धता है। यह प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी स्वस्थ भारत की परिकल्पना का अंग है। वृहदाकारण्य उपनिषद में कहा गया है, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत। सर्व कल्याण का जो संदेश इसमें समाहित है, उसे जमीन पर उतारने के लिए आयुष्मान भवः की परिकल्पना केंद्र सरकार ने की है। इस अभियान के जरिए हमें सबका स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हुए स्वस्थ भारत से समृद्ध भारत की राह पर आगे बढ़ना है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## जमीन अधिग्रहण के उपरांत गलत खाते में मुआवजे भुगतान पर उपायुक्त ने की कार्रवाई, 2 उच्च वर्गीय लिपिकों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दिया आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नवंबर 2017 में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 सड़क चौड़ीकरण अंतर्गत अधिग्रहित मौजा जोड़ाकरम में रैयत कार्तिक मांझी, बुधो मांझी, खड़े मांझी इत्यादि के अधिग्रहित भूमि के विरुद्ध फर्जी तरीके से किसी अन्य लाभुक के खाते में मुआवजा की राशि का भुगतान करने संबंधित मामले में दोषी सिद्ध हुए तत्कालीन जिला भू अर्जन कार्यालय में पदस्थापित दो उच्च वर्गीय लिपिक केशव प्रसाद एवं संजीव कुमार सिन्हा को अनिवार्य सेवा निवृत्ति देने का आदेश उपायुक्त चंदन कुमार ने दिया है।जांच में सामने आया है कि कार्तिक मांझी की जगह पर सहदेव नाम के व्यक्ति, बुधो मांझी के जगह पर किसी अन्य गांव के बुधन मांझी एवं खड़े मांझी की जगह पर मंगरा मांझी(उर्फ खड़े मांझी) के खाते में मुआवजे राशि का भुगतान किया गया जबकि खड़े मांझी द्वारा दिए गए शपथ पत्र में साफ-साफ दर्शाया गया है कि खड़े मांझी के द्वारा अंगूठे का प्रयोग किया गया है जबकि मंगरा मांझी द्वारा खाते के दस्तावेजों में हस्ताक्षर किया गया है। उपरोक्त मामला न केवल काफी गंभीर प्रवृत्ति का है बल्कि अनुसूचित जनजाति के रैयत लाभुकों के 2 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि का हस्तांतरण फर्जी रैयत लाभुक खड़े कर उनके खाते में किया गया है। जिस पर



झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के भाग ङ्क, कंडिका 14,(ढ्ढङ्ग) के अनुरूप दोनों उच्च वर्गीय लिपिकों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का दंड अधिरोपित किया है। जांच में यह भी पाया गया कि केशव प्रसाद एवं संजीव कुमार सिन्हा के अलावा उच्च वर्गीय लिपिक प्रवीण कुमार सिन्हा जिन पर कि मामले में जून 2022 में ही दोष सिद्ध हो चुका था उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि जुलाई 2023 तक उनकी सेवानिवृत्ति का इंतजार किया गया जिसमें समाहरणालय के कर्मियों व अधिकारियों की मिली भगत की संभावना को देखते हुए उपायुक्त ने दोषी सिद्ध होने के बावजूद लगभग 1 वर्ष तक प्रवीण कुमार सिन्हा पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर स्पष्टीकरण पूछा है।

## एनटीपीसी मैती आईटीआई में तृतीय दीक्षांत समारोह मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारत सरकार कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय के आदेश पर एनटीपीसी मैती आईटीआई परिसर में तृतीय दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ की अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।दीक्षांत समारोह के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में सफलत छात्रों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। तृतीय दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के उप महाप्रबंधक एस के सेनापति उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की स्तुति से की गई। संस्थान के प्राचार्य मिथलेश कुमार उपाध्याय ने स्वागत भाषण के साथ शुरुआत की और साथ ही बच्चों को काफी अच्छा मार्गदर्शन किया।उन्होंने कहा कि जैसे छलनी में उपयोग लायक बालू नीचे आ जाता है और बाकी कंकड़ पत्थर ऊपर रह जाते हैं वैसे ही जीवन में हमेशा निरंतर बढ़ते रहने के लिए हमें उसे कसौटी को पार करते हुए अपना मुकाम हासिल करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार सूचना एवं प्रौद्योगिकी अनुदेशक ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में छात्रों को कहा



कि जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए वनवास जरूरी है। बिना त्याग के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। साथ ही उन्होंने कंपनी में काम करने के तौर तरीकों से छात्रों को अवगत कराया कि कैसे प्रोडक्शन को हम वेस्ट काम करके उत्पादन बढ़ा सकते हैं। तीन व्यवसाय क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से योगेंद्र कुमार, फिटर व्यवसाय से रूपेश कुमार विश्वकर्मा एवं वेल्डिंग व्यवसाय से एमडी अफरोज को स्वर्ण पदक दिया गया। रजत पदक प्राप्त करने वाले इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से सिकंदर कुमार, फिटर व्यवसाय से विक्रम कुमार सोनी एवं वेल्डिंग व्यवसाय से विकास कुमार राणा हैं।

## चालक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागाव :** पंकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान के समीप हाईवा चालक किरायेदार 32 वर्षीय युवक अयुब पिता मोहम्मद अरशद खान की लाश दरवाजा बंद घर के अंदर गमछा से पंखे से झूलता हुआ मिला। घटना की सूचना मुखिया बड़कागांव पुर्वी पंचायत प्रतिनिधि राजकुमार साव ने बड़कागांव पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजे को तोड़ा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वहीं मकान मालिक पंकरी बरवाडीह निवासी प्रमेश्वर साव ने बताया कि वह एक महीना से किराए में रह रहा था और हम आधार कार्ड व वोटर कार्ड मांगते रहे लेकिन बोलता रहा आज देंगे कल देंगे और दिया नहीं और ऐसी घटना घट गई। मृतक अयुब चूना भट्टा लालगंज डेहरी ऑन शॉन जिला रोहतास का रहने वाला बताया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के साथ एक महिला व 10 वर्ष का एक बच्चा भी साथ में रह रहा था। महिला मृतक का पत्नी बताया जाता है, पति-पत्नी और बच्चा तीन सदस्य रह रहे थे। कुछ माह पूर्व नए किराए के मकान में शिफ्ट किया था। हालांकि मृतक ने 3 वर्षों के अंदर बरवाडीह में कई घरों को चेंज करके दूसरे दूसरे घरों में किराए में रहा है। वहीं दूरभाष के माध्यम से मृतक के परिजनों से संपर्क करने पर मृतक के चाचा ने कहा कि उसका शादी नहीं हुआ है। वहीं मृतक के साथ रह रही कथित पत्नी से फोन से जानकारी लेने पर कहा कि मेरा पहला पति का देहांत हो चुका था और तीन वर्ष पूर्व बरवाडीह मंदिर में शादी कर अपने पुर्व पति से जन्में दस वर्ष के एक बच्चें के साथ रह रही थी। वहीं कथित पत्नी अपना नाम निर्मला कुमारी उम्र 33 वर्ष छतरपुर जिला पलामू पता बताई। बताया जाता है कि मृतक मौत को गले लगाने से पहले अपनी पत्नी से मोबाइल पर बातचीत किया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि हमेशा दोनों में लड़ाई झगड़ा होते रहता था हालांकि सभी बिंदुओ पर पुलिस जांच में जुट गई है। अयूब विश्वकर्मा पूजा की रोज हाईवा को साफ सफाई कर पूजा पाठ किया था। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि प्रथम दृष्टया में यह फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना प्रतीत हो रहा है । घटना की जांच पड़ताल जारी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

## मां शारदीय दूर्गापूजा शोभा समिति बेलकप्पी का हुआ गठन

**बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी स्थित शिवमंदिर प्रांगण मे मां शारदीय दूर्गा पूजा शोभा समिति का बैठक आहूत कि गई.जिस बैठक कि अध्यक्षता महेश पाण्डेय ने कि जबकि संचालन नंदकिशोर ठाकुर ने किया.बैठक में आगामी दूर्गा पूजा 2023 को धूमधाम से मनाने एवं शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर चर्चा-परिचर्चा किया.बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा पूजा सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एक पूजा समिति व एक शोभा समिति का गठन किया गया.सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष जयनंदन पाण्डेय,सचिव हुलास नायक, कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र पाण्डेय,उपाध्यक्ष मिथलेश पाण्डेय,उपकोषाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय,उपसचिव दशरथ राम,एवं शोभा समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय,उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी,सचिव अनुज कुमार पाण्डेय,उपसचिव चंदन पाण्डेय,कोषाध्यक्ष जयराज पासवान,उपकोषाध्यक्ष रिंकू माली का चयन किया गया.बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी चंद्रकांत पाण्डेय,पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पाण्डेय,जीतन पाण्डेय,धनी साव,भुनेश्वर सोनी,हेमलाल पासवान,सय्यनंदन पाण्डेय,हिरालाल सोनी,नरेश पाण्डेय,ईश्वर राम,जगदीश नायक,श्यामाकांत पाण्डेय,कैलाश नायक,अर्जुन राम,राजेन्द्र तिवारी,आदित्य पाण्डेय,नागेश्वर प्रजापति,छोटी नायक,डीलो रजक,प्रदीप पाण्डेय,रिंकू पाण्डेय,श्याम वर्णवाल,संतोष पाण्डेय,ज्ञानदीप पाण्डेय, अभय पाण्डेय,महेन्द्र प्रजापति,जितेन्द्र चंद्रवंशी,जितेंद्र पासवान,तुलसी रजक,आशिष पाण्डेय,बब्लू पाण्डेय,शेषनाथ सिंह,दिनेश पासवान,राजू राम,रंजीत पाण्डेय,राजू पासवान,बबलू पासवान,प्रदीप राम,सचिन पासवान,कौशल पाण्डेय, शंकर यादव,बिरेन्द्र राम,सुनील राम,राजू पाण्डेय एवं ग्रामीण उपस्थित रहे



## महामाया टुंगरी में करमा पूजा अगामि 25 सितंबर को, बैठक संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को महामाया टुंगरी कांकेबार में अगामि 25 सितंबर 2023 को करमा पूजा मनाने को लेकर एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो ने किया। जिसमे यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महा माया टुंगरी में कर्मा पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा।बैठक में मुख्य रूप से शीतल प्रसाद,चुरामन महतो,नुनूलाल महतो, भुनेश्वर महतो,धनेश्वर प्रसाद, मुकेश महतो, ईश्वर महतो,महेन्द्र महतो, प्रकाश कुमार,गिरिधारी महतो, कौलेश्वर महतो,टिकेंद्र महतो, संजय, जोगेन्द्र,डब्लू,रामकरण, धर्मेन्द्र, ललन, टिंकू, मुकुन्द और लाजवंती देवी,तारा देवी, मालती देवी,अनिता देवी,प्रमिला देवी, यशोदा देवी,तारों देवी,आदि शामिल थे।।

## अतिरिक्त स्कूल बस उपलब्ध कराने की मांग

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विधायक जेपी पटेल से मुलाकात की। हजारीबाग स्थित आवास में मिलकर प्रतिनिधि मंडल ने स्कूली छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त स्कूल बस उपलब्ध कराने की मांग की। मांग पत्र में कहा गया है कि अरगड्डा सिरका क्षेत्र से स्कूल बस में लगभग 100 छात्र छात्राएं प्रतिदिन पढ़ने के लिए रामगढ़ केंद्रीय विद्यालय आते जाते हैं। बस में क्षमता से अधिक बच्चों के रहने से काफी परेशानी होती है,साथ हीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से गलत है। छात्रों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त स्कूल बस उपलब्ध कराने की कृपा करें।



## रांची के सिठियो में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दूरदराज के इलाकों में रहने वाले गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के मकसद से मोजिबुर रहमान मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल प्रबंधक ने निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया।रांची के सिठियो में आयोजित चिकित्सा शिविर में भारी संख्या में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई।इस कैंप का आयोजन डॉ. रूमाना रहमान और डॉ.एम के अनवर की देखरेख में किया गया।वहीं इस अवसर पर महिला विशेषज्ञ डाक्टर रूमाना रहमान ने महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।डा. रूमाना ने बताया कि कैंप में जांच के लिए आई महिलाएं

## जिप सदस्य यासमीन निशा के नवनिर्मित मकान में चोरी

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव पश्चिम जीप सदस्य यासमीन निशा के बन रहे गुरु चट्टी में नवनिर्मित भवन से रविवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का अंजाम दिया है। सोमवार को इसकी खबर मोहम्मद इब्राहिम को तब पता चला जब उनके पिताजी अब्दुल गफूर अंसारी सुबह अपने नवनिर्मित घर पहुंचे। चोरों ने ताला को तोड़कर अंदर रूम के रखा 8 केवी का स्टेबलाइजर, पाइनल बोर्ड, तार एवं कुछ दिन पूर्व 1000 लीटर का सिंटेक्स चुरा ले गए। यास्मीन निशा के पति मोहम्मद इब्राहिम जो वर्तमान समय में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य है उन्होंने थाना में आवेदन देकर क्षेत्र मे हो रहे दिन प्रतिदिन चोरी पर लगाम कसने तथा चोरों को चिन्हित कर गिरफ्तारी का मांग किया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगडा :** विश्वकर्मा की पूजा पूरे प्रखंड में रविवार को धूमधाम से मनाई गई। विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह रहा। फल व मिठाइयों की खरीदारी के लिए दिन भर चौक चौराहों में भीड़ जमी रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की, एवं मिठाइयां भी बाटी। इधर लोहा पार्ट्स की दुकान, डेकोरेशन, आटा चक्की मशीन सहित अन्य छोटे-बडे सभी दुकानों में भी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। यहां लाइट व रंग-बिरंगी रोशनी से पूजा पंडाल जगमग कर रहे थे। वही जागरण कर भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रखण्ड के नवाडीह, बरवाडीह, नोन गांव, मेराल, जैसे सभी ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई।

# लूटपाट की घटना में शामिल अपराधी गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लुट की घटना का अंजाम देने के पांच घंटे के अंदर एक अपराधकर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ संतोष मिश्रा ने बताया कि शनिवार को समय- 15.40 बजे सूचना मिली कि चन्दवा- माल्हन रोड में स्थित पेट्रोल पम्प में दो अपराधकर्मी हथियार के बल पर लूट-पाट की घटना कारित कर मोटरसाईकिल से भाग रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार घटना के उद्भेदन हेतु पुनि सह थाना प्रभारी चंदवा थाना के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए (पाँच घंटे के अंदर कांड में शामिल एक अपराधकर्मी मो0 नावाजीश उम्र 23 वर्ष पिता मुमताज अंसारी ग्राम हरैयाटांड़, मुरपा थाना- बालूमाथ, जिला- लातेहार को गिरफ्तार किया गया। पकड़ाये व्यक्ति की सख्ती से पूछ-ताछ करने पर बताया कि अपने एक सहयोगी की मदद से चंदवा माल्हन रोड में स्थित हिंदुस्तान बायो डीजल पेट्रोल पम्प में लूट-पाट की घटना को अंजाम दिये है। एवं घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया ।पकड़ाये व्यक्ति के तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा, लूट में प्रयुक्त मोटरसाईकिल तथा लूटा हुआ दो हजार रूपया एवं अन्य समान की बरामदगी की गई है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर कटाही मिश्रौल में मनाया गया उत्सव कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम कटाही मिश्रौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर स्व प्रेरणा से श्रद्धापूर्वक लाभुकों द्वारा सामूहिक रूप में केक काटकर एक दूसरे के बीच मिठाई खिलाकर उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। गौर तलब है कि यह उत्सव अति सुदूरवर्ती गांव जहां पिछड़ी व आदिवासी लोग रहते हैं वहां प्रधानमंत्री मोदी जी के काम काज से स्व प्रेरित होकर यह उत्सव मनाया गया। कटाही गांव के लाभुक ने कहा कि हम सब गांव वासियों को मोदी जी के प्रति श्रद्धा का भाव है हम सब उनके प्रति समर्पित हैं। मोदी जी हम सब जनता के लिए और देश के लिए समर्पित हैं तो हम सब भी उनके लिए समर्पित हैं, उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। उनके द्वारा चलाए गए गरीब कल्याणकारी योजना पीएम आवास, उज्ज्वला योजना से रसोई गैस,आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत चावल आदि का लाभ हम सब को मिला है। इसलिए हम सब श्रद्धा पूर्वक खुशी से उनका जन्मदिन मनाते हुए उनके निरोग रहने और लम्बी उम्र की कमाना करते हैं। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है, आज भारत का नाम दुनिया में चमक रहा है। इस मौके पर ग्रामीण लाभुक केदार महतो, चितरंजन महतो, पंकज उरांव, थेथो देवी, सरिता देवी, किरण देवी, संजू देवी,दशरथ महतो, होरिल महतो, कृष्णा महतो, मनोज उरांव, जेटू उरांव, उत्तम महतो व अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन सड़क निर्माण कराने की मांग की



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्याल स्थित चंदनडीह मुहल्ले से पहाड़पुरी जाने वाले संतजेबियर स्कूल के पास सड़क इतनी खराब है,कि पैदल चलना भी मुश्किल हैं। दर्जनों गांवों का ग्रामीण जिला मुख्यालय, कोर्ट-कचहरी बाजार इत्यादि के कामों से इसी सड़क से आना जाना करते हैं।वहीं आसपास के लोगों ने नगर पंचायत के पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि से मांग किया हैं की इस सड़क को जल्द बनवाया जाए।आगे समाज सेवी राकेश सिंह ने सड़क को देखते हुए कहा कि यह सड़क जिला मुख्यालय से जुड़ी हुई है,और प्रतिदिन सुबह से शाम तक सैकड़ों गाडियां एवं स्कूली बच्चें का का आना जाना लगा रहता है।आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे सही समय पर बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। एवं आए दिन अक्सर घटनाएं घटते रहती है।आगे श्री सिंह ने गणेश पूजा के अवसर पर नगर पंचायत के वरीय पदाधिकारी को सड़क पर मोरम गिराकर मरमति करने की अपील किया है। वहीं पूर्व विधान सभा प्रत्यासी सरवन पासवान ने कहा कि अगर सड़क निर्माण नही होता हैं तो चरणवध आंदोलन किया जाएगा। लेकिन कल गणेश पूजा हैं मैं चाहता हूं कि जो भी जनप्रतिनिधि हैं उनसे आग्रह हैं की जन सहयोग से गड्ढे भरने का काम करें, मौके पर श्रवण पासवान, राकेश सिंह, नागेन्द्र सिंह, नन्दकिशोर यादव, अम्मू भुईया, प्रमुख सिंह, मनीष कुमार, नरेन्द्र कुमार, दीपक सिंह ,सुधीर चौधरी इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण मौजुद थे।

### डीलरों की मनमानी, अगस्त माह में 30 किलो के जगह 15 किलो ग्राम

# सितम्बर माह में टीना से मापी कर 30 किलो के जगह 24 किलो दिया जा रहा है अनाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के हुरणाली पंचायत अंतर्गत बसरिया गाँव के दूकान संख्या 51819 डीलर बिरसी देवी द्वारा कार्डधारियों को 6 लाभुकों के बीच 30 किलो अनाज के जगह महज 24 किलो अनाज दिया जा रहा है। वहीं बीते अगस्त माह में 30 किलो अनाज के जगह महज 15 किलो अनाज दिया गया। यानी आधा कटौती कर ली गयी है।जिसे लेकर कार्डधारियों ने काफी हो हंगामा किया। कार्डधारियों का कहना था कि डीलर बिरसी देवी हम लोगों को पिछले अगस्त माह में कम अनाज मिलने को कह कर आधा अनाज दी है। वहीं सितम्बर माह में प्रति व्यक्ति एक किलो अनाज काट कर दे रही है। और तो और किरोसिन तेल प्रति कार्ड एक लीटर का 100 रुपया लिया जा रहा है। जबकि किरोसिन तेल कीमत 77 रूपये प्रति लीटर देना है।परंतु डीलर बिरसी देवी की मनमानी इतनी की गरीब कार्डधारियों को 100 रूपये प्रति लीटर दे रही है। वैसे में इन दिनों डीलरों द्वारा काफी अनियमितता की जा रही है। डीलर बिरसी देवी के पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हाँ हम पिछले अगस्त माह में आधा राशन कटौती कर लाभुक कार्डधारियों की दिए है। वहीं टीना से मापी क्र देते है। चुकी आसानी होती है। चुकी हम 25 रूपये प्रति क्विंटल डीलर संघ के अध्यक्ष और सचिव को देते है एमओ तथा अन्य लोगों को मैनेज करने के नाम पर ।वो रुपया हम कहां से लावे यही कारण है कि हम लोग भी कार्डधारियों से चोरी करते है। बता दें कि आखिर चोरी करवाने के पीछे किसका हाथ है। आखिर क्यों डीलरों से लिया जाता है 25 रूपये प्रति क्विंटल। इस तरहअध्यक्ष और सचिव द्वारा उगाही की गयी रुपया किसे दी जाती है। यह एक बड़ी सवाल है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा और जिला परिषद सदस्य सह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद सबसे पहले रक्तदान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा कुमारी ने की। उसके बाद युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अजय कुमार, अमित कुमार साहू,शेखर कुमार वर्मा, सोनू कुमार, सतीश कुमार ठाकुर, कृष्ण कुमार सोनी, संजीत कुमार, नीरज सोनी, बबलू कुमार साव, बबलू सिंह, कमलेश कुमार रजक , विजय यादव, गुंजीत कुमार सिंह, नागेंद्र यादव, नितेश कुमार राणा, रोहित केशरी, दिनेश केशरी, राम दास, अंकित कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार, अनिकेश कुमार ने रक्तदान किया। कुल मिलाकर 23 लोगों ने रक्तदान किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में ऐसे कई उत्सव में हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। और जरूरत पड़ने पर हमेशा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ब्लड डोनेट करने के लिए तैयार रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, निर्भय ठाकुर, बजायोमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, भाजयुमो नेता वीरेंद्र सिंह मुन्ना, श्रीनिवास, रविंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, दीपक वर्मा, राजू यादव सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक कर पदाधिकारियों की गयी चयन



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक की गयी। बैठक में प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में मुस्लिमों की शिक्षा के उत्थान पर चर्चा की गयी। वहीं सिमरिया प्रखण्ड कमिटी की विस्तार किया गया। जिसमें प्रखण्ड के अध्यक्ष सचिव, उपाध्यक्ष एवं कोषाअध्यक्ष से लेकर पंचायत स्तर तक का चुनाव किया गया। मौके पर उस्मान मियाँ, मो फारूक, सलीम अख्तर, सुभान मियां, अख्तर हुसैन, एनुल हक के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## भाजयुमो मंडल बरवाडीह के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पुराने ब्लॉक परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के खुशी में सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपके एक कतरे रक्त से जरूरतमंद गरीब परिवार को नयी ज़िन्दगी मिल सकती है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह भाजपा युवा कार्यकर्ताओं को हौसला अफजाई की । वहीं कार्यक्रम में 17 रक्त दानवीर अध्यक्ष युवा मोर्चा विकास सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अख्तर खान,मंत्री संतोष विश्वकर्मा, किसान मोर्चा मनोज यादव, महामंत्री मनोज प्रसाद, मंत्री पारस जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि वन विभाग अजय सोनी, आनन्द कुमार गुप्ता, आशुतोष सिंह चेरो, बृजमोहन सिंह,आर्यन राज,जयराज सिंह, संकल्प कुमार, खुरा पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह ने एक एक यूनिट रक्त देकर पून्य के भागीदार बने। मौके पर रक्त दानवीर पवन गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, हेमंत कश्यप, मनीष कुमार, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, सतीश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए की कामना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन सोमवार को महिलाओं ने तीज महा पर्व धूमधाम के साथ मनाया। सुहागिन महिलाओं पति की लंबी उम्र के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखी। भाद्रपद के शुक्ल तृतीया तिथि को मनाया जाता है। कुंवारी लड़कियां मनचाहा या योग्य और पानी के लिए यह उपवास रखती है भगवान शिव और पार्वती की उपासना की जाती है। चैता स्त्रियां अपनी सास को सौभाग्य वास्तु देखकर उनसे आशीर्वाद लेती है और भगवान शिव और पार्वती की संयुक्त पूजा करने के बाद व्रत का परायण करती है। वही महुआडांड़ कई मंदिरों में भी महिलाओं का भीड़ देखने को मिला पंडित जी के मंत्र के द्वारा पूजा संपन्न कराया गय। निर्जला उपवास कर महिलाओं पूजा करती है।शिव मंदिर, देवी मंदिर, ब्लॉक मंदिर पीपल चौक के पास पूरे तैयारी के साथ पूजा करते नजर आई महिलाएं।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनाया गया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बभंडीह में रविवार को सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह,पारस जयसवाल युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जहाँ विश्वकर्मा पूजा की खुशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की उत्साह ने भाजपाइयों में रंगत ला दी। मौके पर प्रसाद ने बताया कि यह कार्यक्रम बरवाडीह के लिए यादगार रहेगा।पार्टी के नेता और वार्ड सदस्य मंजू देवी के द्वारा केक काटते हुए जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके बाद मौके पर मौजूद बच्चों और अन्य लोगों के बीच मिठाई बांटकर जन्मदिन को यादगार बनाने का सुनहरा अवसर मिला। मौके पर प्रदीप सिंह उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव उपेंद्र प्रसाद ओपी, जितेंद शाह, प्रदीप राम, लखपति सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जेबीकेएसएस कमेटी का हुआ विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** झारखंडी भाषा ख़ातियानी संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड के झाबर ग्राम में कमेटी के विस्तार को लेकर एक बैठक रखी गई। आयोजित बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष पप्पू यादव शामिल हुए जिनके नेतृत्व में कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव, प्रखंड सचिव प्रिंस सोनी को चुना गया। वहीं झाबर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष कुंदन यादव, उपाध्यक्ष निकेतन प्रजापति, सचिव प्रेम सोनी को चुना गया। मौके पर बोलते हुए जेबीकेएसएस प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि जल्द ही बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायत में जेबीकेएसएस के कमेटी का विस्तार किया जाएगा। और नए सदस्य भी बनाए जाएंगे। मौके पर रोशन यादव, उपेंद्र यादव, रितेश यादव, राकेश यादव, ओमप्रकाश ठाकुर, गुड्डू प्रजापति, रेवालाल यादव, संदीप कुमार यादव, गोवर्धन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार हाइवा ऑनर एसोशिएशन ने 21 सितम्बर से अनिश्चितकालीन चक्का जाम का किया एलान

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार हाइवा ऑनर एसोसियेशन ने अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार के नाम ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा है कि डीभीसी कंपनी के तुबेद कोल परियोजना से कुसमाही साइडिंग का कोयला परिवहन किया जा रहा है। जिसमे बिना भाड़ा निर्धारित किये हुवे एवं स्थानीय वाहनों तथा लातेहार हाइवा ऑनर एसोसिएशन को बिना प्राथमिकता दिए हुवे बाहरी वाहनों को लाकर मनमानी तरीके से परिवहन का कार्य किया जा रहा है इसके पूर्व भी हमलोग पत्राचार के माध्यम से उन्हें अवगत कराया था लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही किया गया जिससे बाध्य होकर हाइवा ऑनर असोसिएशन 21 सितम्बर से अनिश्चित कालीन चक्का जाम करेंगे।

# राशन देने से करे मना या कम अनाज दे तो करे संबंधित पदाधिकारियों से शिकायत, मोबाइल नंबर जारी

## राशन कटौती करने वाले डीलर पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा द्वारा राशन कार्ड धारियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए जिला आपूर्ति कार्यालय में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक का मोबाइल नंबर जारी किया गया है। आम जन जारी इस नंबर पर राशन से सबंधित शिकायत व किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है। **जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी का विवरण :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी मोबाइल नंबर 7783034211, प्रधान सहायक कृष्ण देव मोबाइल नंबर 8789534248, प्रधान सहायक प्रकाश मिंज 9304284588, उच्च वर्गीय लिपिक रेणु रीना 9470573822, प्रदीप कुमार सिंह 7260868231, निम्न वर्गीय लिपिक धीरज कुमार 977158128, कंप्यूटर ऑपरेटर अंजन पुष्प 6200619993, विनय कुमार चौरसिया 7004977240, प्रिंस गुप्ता 7488145063 **जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी का मोबाइल नंबर इस प्रकार है :** जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा सलमान जफर खिजरी 778303421, लेखापाल आलोक कुमार श्रीवास्तव 9404073518, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरदीप कुमार गुप्ता 9546424864, **सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी :** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चतरा गणेश रजक 9304622453, 7764901566, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी टंडवा रंथु महतो 8292745578, 9123251466, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पत्थलगड्डा मोनी कुमारी 8294865711, 9431798686 प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांहचट्टी हुलास महतो 8709724336, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मयूरहंड साकेत कुमार सिन्हा 9199872725, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह 9431309517, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतापपुर मुरली कुमार यादव 8340743560, 7091647906, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदा खगेश महतो 8210876160, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लावालौंग अमित कुमार 8340546057, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी इटखोड़ी सोमनाथ बैंकिरा 9631518430, अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सिमरिया धर्मेंद्र कुमार दुबे 7979849815, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हंटरगंज अर्जुन कुमार 8271568135 **संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक :** सहायक गोदाम प्रबंधक चतरा नसीम अंसारी 6207355343, टंडवा गौतम कुमार केशरी 8877109591, पत्थलगड्डा असलम 7903411979, 9852143878, कान्हाचट्टी विनय कुमार चौधरी 9060619487, गिद्धौर उज्वल कुमार सिंह 6202647013, प्रतापपुर मनीष कुजूर 7970567626, कुंदा राजू कुमार 9534215240, लावालौंग संदीप कुमार 9110975123, सहायक गोदाम प्रबंधक इटखोरी एवं मयूरहंड विनोद नारायण झा 7992372275, सिमरिया कुंवरजित सिंह 9304224335, हंटरगंज सुनील लकड़ा 8969616303 है। जिले वासियों को अपने प्रखंड से संबंधित समस्याओं के लिए संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक से संपर्क कर सकते है।

### व्यवसायिक समिति ने पणन सचिव के नाम प्रधान लिपिक को सौंपा मांगपत्र

# जर्जर शेड के निर्माण को लेकर आवश्यक कदम उठाने का दुकानदारों ने किया अनुरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बरवाहीह व्यवसायिक समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद के साथ मुख्य बाजार स्थित जर्जर शेड का भ्रमण करते हुए इसके नवनिर्माण या मरम्मती कराने की मांग की। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बाजार शेड के दुकानदारों के साथ मिलकर कृषि उत्पादन बाजार समिति के पणन सचिव के नाम एक मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने शेड में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि शेड की जर्जर अवस्था के कारण इसका अल्बेस्टर टूट-टूटकर कई बार गिर गया है। कई बार दुकानदारों के साथ छोटी- मोटी घटना हो चुकी है। वहीं शेड का फर्श और पिलर पूरी तरह ध्वस्त होने के कागार पर है। लोग शेड का छत गिर जाने के कारण प्लास्टिक और त्रिपाल लगाकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। इन चारों शेड का निर्माण चार दशक पूर्व बाजार समिति के द्वारा ही कराया गया था। दीपक राज ने बाजार समिति के अधिकारियों से जर्जर शेड के नवनिर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। जहां बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद ने दुकानदारों के हित की मांग को जायज बताते हुए वरीय अधिकारियों तक मांगपत्र पहुंचाने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान समिति के महासचिव जैकी चौरसिया, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, सलाहकार सतीश कुमार उर्फ गुड्डू, इम्तियाज अहमद, विजय ठाकुर, राजन अहमद, विजय विश्वकर्मा, अमजद खलीफा, इस्तियाक खान, पंकज तिवारी, राजन अंसारी, मुनिफ खलीफा, सरफुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अहमद, मुस्ताक खलीफा, वकील अंसारी और गीता कुंवर सहित शेड के कई दुकानदार मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पी.एम.विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ समारोह में विष्णुगढ़ के चार कारीगरों ने की शिरकत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत सरकार द्वारा विष्णुगढ़ में बन रहे महत्वाकांक्षी योजना विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रॉन्ज कलस्टर से चार कारीगर 17 सितम्बर 2023 को पी.एम.विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ समारोह नई दिल्ली में शिरकत की। जिसमे रंजीत प्रसाद कसेरा,पिंकू कुमार कसेरा,संदीप कुमार,शिवशंकर कुमार ने शामिल थे। बताते है,कि उक्त कारीगरों की सहायता के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग कर राज्य कार्यालय राँची(झारखंड)के नोडल अधिकारी के रूप में सुनील कुमार सिंह को नियुक्त किया गया था। ज्ञात हो कि विष्णुगढ़ ब्रास एंड ब्रॉन्ज कलस्टर में सुदामा सिंह भी अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे है।कारीगरों ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पी.एम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ राष्ट्र को यशोभूमि समर्पित कर इसी स्थान पर विश्वकर्मा पूजा के सुअवसर पर कारीगरों को बुलाकर हमसबों का मान बढ़ाया।

### बीस सूत्री उपाध्यक्ष एवं विष्णुगढ़ जनप्रतिनिधि मंडल ने मंत्री फागु बेसरा से की मुलाकात

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 18 सितंबर 23 को मुखिया संघ अध्यक्ष विष्णुगढ़ ,प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल आंसारी,बीससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने औपचारिक मुलाकात कर मंत्री फ़ागु बेसरा से प्रखण्ड के विकास के लिये चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रखंड एवं पंचायत के विकास के लिए योजनाओ का माँग पत्र सौंपा।जिसमे प्रखण्ड के अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखण्ड में कोल्ड स्टोर का निर्माण ।+2 उच्च विद्यालय में कमरे का निर्माण । बराय से सिरय तक पथ निर्माण । नागी बंडीसीमर में तलाब निर्माण, और प्रखण्ड के अन्य ग्रामीण पथों की मरम्मति के कार्य की माँग की गई।मन्त्री ने योजनाओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया। इसके पश्चात फागु बेसरा को मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो ने प्रखण्ड की समस्याओ से अवगत कराया ।आगे की बात को आगे बढ़ाते हुए बीससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा एवं प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अन्सारी ने भी प्रखण्ड कार्यालय एवं आ रही अन्य समस्याओं को बताया।

### पतरातू में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पतरातू व आसपास क्षेत्रों में पूरे धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। पतरातू औद्योगिक क्षेत्र में आकर्षक पंडाल बनाकर उसमें भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत डीजल शेड,कैरिज एंड वैगन,विद्युत कर्षण,दूरभाष,सिग्नल,कार्य, रेलपथ,विद्युत,बेतार,गुड शेड आदि स्थानों पर पूजा अर्चना की गई और पंडालून को आकर्षक तरीके से विद्युत साज के माध्यम से दुल्हन की तरह सजाया गया। इसके अतिरिक्त पतरातू के आसपास के गांव में एवं पतरातू के छोटे-छोटे दुकानों में भी देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई।

### पीटीपीएस विधायक आवास में अंबा प्रसाद का जनता दरबार लगा

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को पतरातू पीटीपीएस रोड नंबर 5 स्थित विधायक आवास में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।इसी कड़ी में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी अपनी समस्यो को बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा। इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं के समाधान हेतु विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनता के समस्याओ का समाधान करने से दिल को शकून मिलता है इसलिए हर सोमवार को जनता दरबार के माध्यम से जनता से रुबरू हो रही हूँ और आम जनता के समस्याओ का निदान करने का कार्य कर रही हूं। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,अंजन प्रसाद,संजय सिंह,योगेंद्र खरवार,रमेश बेदिया,मुकेश महतो,अजय पासवान,शेम्स खान,लक्ष्मण झा,विजय साव,नरेश महतो,अशोक प्रसाद,मुन्ना अंसारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

### मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत भाजपाईयों ने मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मोत्सव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटा और एक दूसरे को खिलाकर नरेंद्र मोदी के लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में अपने उल्लेखनीय कार्यों से लोकप्रिय हो गए हैं। बच्चों से लेकर वृद्ध तक उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने देश को नई पहचान दी है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि देश को ऐसा पहला प्रधानमंत्री मिला है,जिसने देश को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाया है। मौके पर नंदलाल प्रसाद उपाध्यक्ष भाजपा पूर्वी मंडल, प्रकाश साव बूथ अध्यक्ष, ब्रह्मदेव यादव बूथ अध्यक्ष, विनय कुमार, राजेन्द्र उर्फ राजन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, उमाशंकर राणा, अरविंद कुमार, शंकर प्रसाद, मनोज प्रसाद, संदीप कुमार, गौतम राणा, दीपक केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, दो रेफर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार सुबह सरदारपुर चौक चौपारण के पास सड़क किनारे एक खड़ी ट्रक में एम्बुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसपर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहा एक व्यक्ति की मृत्यु इलाज के दौरान हो गई। इसके साथ ही दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। बताया जाता है की उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिला के प्रखंड नासरूद्दीनपुर थाना तबारपुर, ग्राम ढड़नी निवासी कपीलदेव यादव, पिता स्व दरशु यादव उम्र 70 वर्ष का इलाज करवाने कोलकता से निजि एम्बुलेंस से बीएचयू बनारस उनके परीजन ले जा रहे थे। एम्बुलेंस चालक का नींद के कारण सरदारपुर चौक के समीप खड़ी वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना होते ही चालक एम्बुलेंस छोडकर फरार हो गया। बरही सरकारी एम्बुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। सुचना पाकर विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रिजवान अली पहुंचे और सभी घायलों का इलाज अपनी निगरानी में करवाया। इलाज के क्रम में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मौके पर बद्री प्रसाद केशरी सहयोग करने में योगदान दिया।

### भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद समस्त हजारीबागवासियों पर बनी रहे : चंद्र प्रकाश जैन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के शुभ अवसर पर शहर के मालवीय मार्ग स्थित जानकी निवास एनक्लेव में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना पूरी विधि विधान से संपन्न की गई वही मुख्य यजमान के रूप में चंद्रप्रकाश जैन, रवि कुमार रहे। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की शास्त्रों के अनुसार भगवान ब्रह्माजी ने इस समूची सृष्टि की रचना की और भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को सुंदर तरीके से सजाया और संवारा है। भगवान विश्वकर्मा को इस सृष्टि का सबसे बड़ा इंजीनियर माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में जन्म लिया था। इस दिन लोग अपने कारखानों में लगी मशीनों और वाहन का पूजन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजन करने से मशीने सही रूप से चलती रहती हैं। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन, रवि कुमार, प्रणीत जैन, डॉक्टर वी वेंकटेश, सूरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे ।

## गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का चिकित्सा प्रभारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बुके देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहित में दी जा रही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी।



कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में शामिल प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो ने कहा कि सरकार के द्वारा दी जा रही निःशुल्क सुविधाओं के साथ ही सभी तरह की सुविधाओं का लाभ आमजन को मिले।

## पति की दीर्घायु की कामना के साथ सुहागिन महिलाओं ने की हरितालिका पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयांचल क्षेत्र में तीज व्रत को लेकर आज सुबह से सुहागिन महिलाओं ने अपने -अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों में हरितालिका की विधि विधान से पूजा अर्चना किया इस मौके पर पूजन सामग्री फूल बेल धूप अगरबत्ती एवं नारियल सेव नाशपाती केला आदि फलों का चढ़ावा किया कई तरह के पकवान बनाए गए जिसका लोग चढ़ावा किया पूजा अर्चना के दौरान सुहागिन महिलाओं ने अपने घर की सुख समृद्धि के साथ पति की लंबी उम्र होने की कामना की रजरप्पा आवासीय कॉलोनी चितरपुर कुंदरु कला सुकरीगडा,बडकी पोना,सोढ,मारगमरचा, रजरप्पा बारलौग, लोधमा,गोला स्थित बरियातू गांव के (कालीबाड़ी) काली मंदिर में हरतालिका तीज पर्व गांव की सुहागिन महिलाओं द्वारा व्रत रखकर शिव और माता पार्वती (गौरी शंकर)की पूजा करके पति की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना की और तीज पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया ।



## भारतीय नाई समाज की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय नाई समाज राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भुवनेश्वर उड़ीसा में संपन्न हुई।इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सहित सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेश ठाकुर ने पूरे देश में संगठन के द्वारा किए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है और महिलाओं को रोजगार हेतु सामूहिक रूप से पहल कर महिला सशक्तिकरण का कार्य करना है। राष्ट्रीय सचिव संजय ठाकुर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए नए सदस्यों को जोड़े जाने की आवश्यकता है।वही झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि समाज में रूढ़िवादी परंपरा को समाप्त किया जाना चाहिए।बैठक का संचालन उड़ीसा के अवधेश ठाकुर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने किया।

## भुरकुंडा थाना के समीप चार दुकानों में हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा कोयलांचल में इन दिनों नशाखोरी और चोरों का आतंक में काफी बढ़ोतरी देखा जा रहा है। पिछले कई दिनों से अज्ञात चोरों द्वारा लगातार चोरी की घटना का अंजाम दिया जा रहा । ऐसा ही मामला भुरकुंडा थाना चौक गया बेटल शॉप जनरल स्टोर की ही है जहां चोरों ने आज एक ही दुकान में दुसरे बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान संचालक राहुल कुमार का कहना है दो सप्ताह पुर्व इनके दुकान से अज्ञात चोरों ने लगभग पच्चीस हजार रुपए की चोरी कर ली थी जिसका लिखित शिकायत भुरकुंडा थाना में दिया गया है पुलिस द्वारा अभी तक किसी की गिरफ्तारी खुलासा नहीं किया गया और आज फिर चोरों ने दुकान से दो हजार नगद। दस पाकेट काजू। पांच पाकेट किसमिस 12 पाकेट गोल्ड किंग सिगरेट। इत्यादि कई समाग्री चोरी कर ली गई है साथ ही भुरकुंडा बाजार में तीन और दुकानों में चोरी हुई है। भुरकुंडा बाजार में जवाहनगर रोड स्थित बबलू जेनरल स्टोर से चोर दो चांदी का सिक्का, चांदी का लक्ष्मी गणेश की मूर्ति और नकदी एक हजार रुपये ले उड़े है। यहां से लगभग 10 मीटर दूरी पर स्थित राज जेनरल स्टोर में भी चोर कई सामान ले उड़े हैं। वहीं बोनर धौड़ा चौक पर राजकुमार जेनरल स्टोर में 2000 नकद और 5000 मूल्य के सामान की चोरी हुई है। भुक्तभोगियों ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। आपको बताते चलें कि गया बेटल शॉप भुरकुंडा थाना से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित है ऐसे में चोरों द्वारा लगातार आज दुसरे बार चोरी कर पुलिस को भी एक बड़ी चुनौती देने का कार्य किया है।

## पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में आजसू प्रखंड कमिटी बैठक कई निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी की एक आवश्यक बैठक पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में हुई।बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। बैठक के दौरान आगामी 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक रांची में होने वाले केंद्रीय महाधिवेशन तैयारी एवम भागीदारी को लेकर चर्चा एवं जिम्मेवारी तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। प्रत्येक गांव से प्रतिनिधि महाधिवेशन में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं को आगामी 24 सितंबर तक ग्राम प्रभारी/मोहल्ला प्रभारी बनाने का निर्देश दिया गया है। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को



## विष्णुगढ़ में हो यात्री पड़ाव का निर्माण,यात्री रहते है,परेशान : जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू)प्रखंड अध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उप मुखिया संघ अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने विष्णुगढ़ प्रखंड के सात मिल चौक एनएच-522 मैं यात्री पड़ाव को लेकर कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल हजारीबाग को पत्र लिखकर यात्रियों की सुविधा के लिये यात्री पड़ाव की माँग की ।इस बाबत उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड के सात मिल चौक में सैकड़ो बसों का आना-जाना रहता,यात्री भी काफी संख्या में आते है।विष्णुगढ़ में आवागमन का सुलभ साधन ये बसे ही है,विष्णुगढ़ में बस के अलावे और कोई साधन नही है,जिसकी वजह से सात मील चौक में काफ़ी यात्रियों का आना जाना होता है। ऐसे में यात्री पड़ाव नहीं होने से यात्रियों को ठंड,धूप और बारिश मे यात्रिओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहाँ तक की यात्री सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करते है,जिस कारण यात्रिओं को जानमाल का खतरा बना रहता है।कार्यपालक अभियंता से आग्रह होगा कि यात्रियों एवं आमजनों की सुविधा हेतु बस पड़ाव बनाया जाय।



## माण्डू विधायक जेपी पटेल ने किया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में स्वास्थ्य मेला शिविर का शुभारंभ



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला शिविर का सुभारंभ किया गया। इस स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने स्वास्थ्य मेला शिविर का दीप प्रज्वलित कर सुभारंभ किया। माण्डू विधायक जेपी पटेल ने कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन होने से एक क्षत के नीचे कई प्रकार का बीमारी का इलाज होता है इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगाने से ग्रामीणों के लिए लाभदायक है।वही उन्होंने बारी-बारी से लगाए हुवे शिविर का भ्रमण किया।। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में फ्री इलाज एवं दावा वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित चुरचू प्रखण्ड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक , जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली , चिकित्सा प्रभारी अशोक कुमार राम चुरचू उप प्रमुख संजय सिंह, आरीफ अंसारी, किसान मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष भोला महतो, रियाजुल हुसैन हेमलाल महतो,सहित कई गणमान्य व्यक्ति विभिन्न पंचायत के महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थें।।

## आईसेक्ट विश्विविद्यालय की ओर से किया गया कौशल विकास यात्रा का आगाज

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्विविद्यालय की ओर से सोमवार को कौशल विकास यात्रा वाहन को मटवारी स्थित आईसेक्ट विश्विविद्यालय के सिटी ऑफिस से विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने, करियर काउंसलिंग के साथ साथ प्रदेश के युवाओं में रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम के प्रति जागरूक करने उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गयी है। बातचीत में कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने बताया कि बीते 37 वर्षों से कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश के प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यम आईसेक्ट की पहल पर आयोजित कौशल विकास यात्रा वैसे तो देश भर के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही है।

## एसडीएम ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण ने हजारीबाग योग संघ और टेबल टेनिस संघ के राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया । उन्होंने खिलाड़ियों को योग की जानकारी दी और खिलाड़ियों से काफी प्रश्न भी पूछे खिलाड़ियों की जानकारी पर उन्होंने खुशी जाहिर किया। खिलाड़ी भी अनुमंडल पदाधिकारी से काफी प्रभावित हुए ।उन्होंने सर्टिफिकेट और ट्रॉफी के साथ-साथ अपनी ओर से सभी खिलाड़ियों को कैडबरी सेलिब्रेशन का एक-एक पैकेट भी दिया इस अवसर पर हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, योगा संघ के संरक्षण भैया मुरारी सिन्हा और योग संघ के सचिव रविंद्र कुमार प्रशिक्षक ज्ञानोदय कुमार, बहादुर राम एवं महेंद्र कुमार उपस्थित थे। इस वर्ष राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता चाईबासा में संपन्न हुआ। हजारीबाग टीम को 10 पुरस्कार मिले जिसमें सृष्टि कुमारी, विनीत कुमार सिंह ,शत्रुंजय कुमार को अपनी अपनी आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अब यह तीनों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे सृष्टि जैन, सौम्या ,मधुबाला कुमारी, अभिषेक सिंह एवं राखी सिंहा को अपने-अपने आयु वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा संगीता कुमारी को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ और रेणु कुमारी को छठा स्थान प्राप्त हुआ। टेबल टेनिस के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अन्वी गोयल को द्वितीय स्थान एवं मुकुंद बादल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ यह दोनों खिलाड़ी पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



## विभावि के स्थापना दिवस पर बोले राज्यपाल, जन प्रतिनिधियों का सम्मान सर्वोपरी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में 32 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। सामारोह में विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से कई जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन सामारोह स्थल में उनके बैठने का कोई माकूल इंतजाम नहीं किया गया। समारोह में जब हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पहुंचे तो उन्होंने अपना कोई निर्धारित बैठने का स्थान नहीं देख एक कोने में जाकर बैठ गए। तब मंच पर बैठे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्थिति को भांपकर आयोजन कर्ताओं को उन्हें मंच पर लाने का निर्देश दिया। फिर विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें मंच पर बैठाया गया। मंच पर जब समारोह के स्मृति चिन्ह और सम्मान की बारी आई तो आयोजक समिति द्वारा सीधे राज्यपाल का सम्मान कर दिया गया। उस वक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने सम्मान में मिले अंग- वस्त्र और मोमेंटो हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को भेंट कर आयोजकों को कड़ा संदेश दे डाला।

## प्रखंड क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया झुरझुरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बेलकप्पी, शिलाडीह, गोरहर, बंडासिगां, लगनवां, झुरझुरी, घंघरी, कपका,बरमा, सलैया, चेचकप्पी, बेडोकला, गैडा, गंगपाचो,गयपहाडी आदि स्थानों के वाहन चालकों, वाहन मालिकों,लोहा दुकानों,के द्वारा एवं विभिन्न क्लबों के युवाओं के द्वारा शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा का पूजा पूरे भक्ति भाव के साथ किया गया.विश्वकर्मा पूजा के रात्रि में पंचायत झुरझुरी मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि युवा समाजसेवी सह् स्थनीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, एवं बतौर विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया प्रियंका कुमारी ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया.इस अवसर पर समाजसेवी भीम प्रसाद, राजकुमार चौधरी,पं.स.स. प्रतिनिधि बिनोद कुमार, समाजसेवी पत्रकार कुँवर यादव,पत्रकार सुरेश कुमार पाण्डेय,रिंकु माली,लाल मोहन प्रसाद,राजेश कुमार,बढ़ो महतो,सहदेव प्रसाद,चंद्रिका प्रसादअरुण यादव,त्रिवेणी प्रसाद, के अलावा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

## मजबूत संगठन हीं कांग्रेस की शक्ति है : डॉ प्रकाश

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चलकुशा प्रखंड के ग्राम चौबे में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की एकदिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो मोइन्दीन ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ कांग्रेसी मणिलाल चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष , डॉक्टर प्रकाश कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रखंड के कार्यकर्ताओं को सँगठित कर जनता के समस्याओं को दूर करना है।कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार करना और राहुल गांधी के विचारधाराओं को सभी ग्राम वासियों को समझाना था। नफरत छोड़कर के प्रेम से सौहार्द पूर्वक देश में आपसी भाईचारे के साथ रहने का संदेश देना था। डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवम जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के निर्देशानुसार संगठन को पंचायत तथा बूथ लेवल पर विस्तार करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया है जो बिल्कुल सफल रहा है।

## पिछले तीन दिनों से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने चल रहा धरना हुआ खत्म

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पिछले शुक्रवार से तिलैया रोड के कुछ ग्रामीण प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने गैरमजरूवा आम रास्ते की जमीन पर अतिक्रमण हो रहे मामले को लेकर धरना पर बैठे थे। हालांकि इस दौरान कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक पदाधिकारी धरना पर बैठे लोगों से मिलने नहीं आए। धरना पर बैठे राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि तिलैया रोड के तेली टोला में खाता नंबर 751, प्लॉट नंबर 8826 एक सार्वजनिक गैरमजरूवा आम रास्ता है। जिसपर तिलैया रोड के एक ग्रामीण युवराज साव के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। सोमवार को कार्यालय खुलने के समय धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने ब्लॉक कर्मियों को कार्यालय घुसने से मना किया और कहा कि हम सभी पिछले तीन दिनों से धरना पर बैठे हैं और मेरी समस्या कोई सुनने वाला नहीं है। कार्यालय में घुसने के पहले अधिकारी को आने दीजिए। हालांकि इस क्रम में ब्लॉक कर्मी कार्यालय गेट के बाहर रहे। इसी बीच ब्लॉक के अधिकारियों के शिकायत पर बरही थाना को सूचना दिया गया। बरही पुलिस पहुंचते ही धरना प्रदर्शन पर बैठे लोग भागने लगे, इसी दौरान धरना पर बैठे राजेश कुमार गुप्ता को पुलिस ने पकड़ लिया और बरही थाना ले गई। मौके पर मौजूद राजेश कुमार की मां न्याय की गुहार लगा रही थी।



**क्या कहते है निर्माण कार्य कर रहे ग्रामीण :** निर्माण कार्य कर रहे ग्रामीण युवराज साव से बात करने पर बताया कि जिस गैरमजरूवा आम रास्ता की बात की जा रही है, वह हमारे निर्माण कार्य कर रहे हैं मकान के अंतर्गत नहीं आता है। मुझे बेवजह परेशान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बंदोबस्ती कार्यालय का रिपोर्ट दिखाते हुए कहा कि उसमें साफ लिखा हुआ है कि केंड्रस्ट्रल सर्वे का प्लॉट नंबर 6312 रकवा 0.03 एकड़, माइनर सर्वे के नक्शा में उक्त प्लाट 6312 रकवा 0.03 एकड़ का पूर्ण भाग बेनंबरी रह गया है, जो माइनर सर्वे के प्लॉट नंबर 8821 एवं 8822 के जानिब पूरब है। यह बेनंबरी प्लॉट माइनर सर्वे के प्लॉट नंबर 8826 रकवा 0.06 एकड़ में शामिल नहीं है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## औपचारिक दिशानिर्देशों से वयस्क टीकाकरण को बढ़ाने में मिलेगी मदद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** द एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया (क्वक्ष्) और इप्सोस (ह्वश्चह्यश्रह्य) ने हाल ही में 16 शहरों में 50 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों, उनकी देखभाल करने वालों और डॉक्टरों के बीच वयस्क टीकाकरण के बारे में एक महत्वपूर्ण सर्वे किया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि वयस्क टीकाकरण की दर आखिर क्यों कम है। भारत में वयस्क टीकाकरण सर्वेक्षण से पता चलता है कि 50 वर्ष या इससे अधिक आयु के 71ञ्च लोग वयस्क टीकाकरण के बारे में जानते हैं, लेकिन इनमें से केवल 16ञ्च ने ही कोई वयस्क टीका लिया है। मरीजों और डॉक्टरों ने कम टीकाकरण के लिए अलग-अलग कारण बताए हैं।सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश डॉक्टरों (90ञ्च) का कहना है कि औपचारिक दिशानिर्देशों की कमी के कारण रोगियों में टीकाकरण के प्रति रुचि और इसे अपनाने में कमी आती है। डॉक्टर भी अपने मरीजों के साथ वयस्क टीकाकरण पर चर्चा करने में झिझकते हैं क्योंकि उनके पास समय की कमी होती है और उन्हें यह भी लगता है कि मरीज लागत की वजह से बीमारी की रोकथाम करने की बजाय जल्द उपचार कराना चाहते हैं। इसलिए डॉक्टरों का मानना है कि मरीज टीकाकरण की सिफारिशों के प्रति कम उत्सुकता दिखाते हैं।

## पोकेमोन बना देसी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** द पोकेमोन कंपनी (टीपीसी) ने नयांटिक के साथ मिलकर अपने विश्व स्तर पर लोकप्रिय मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन पोकेमोन गो को हिंदी में लॉन्च करने की घोषणा की है। यह घोषणा 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उत्सव पर हुई। हिंदी एशिया की छठी और वैश्विक स्तर पर 15वीं भाषा है जिसमें इस गेम का स्थानीयकरण किया गया है। उपयोगकर्ता अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कई पोकेमोन के नाम भी हिंदी में रखे गयें हैं।1996 में लॉन्च होने के बाद से पोकेमोन एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम और मनोरंजन फ्रेंचाइजी के रूप में लोगों को जोड़ रहा है, जिसे दुनिया भर के सभी उम्र के लाखों प्रशंसक पसंद करते हैं। 151 जीवो से शुरू होकर, पोकेमोन ने बच्चों और वयस्कों की कल्पना को समान रूप से आकर्षित करना जारी रखा है और फिलहाल इसमें 1,000 से अधिक जीव हैं।

**पोकेमोन बना देसी**

भारत मे लगातार बढ़ते प्रशंसक समुदाय को देखते हुए, टीपीसी ने 800 से अधिक पोकेमोन के हिंदी में नाम बदलकर भारतीय खिलाड़ियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का निर्णय लिया है। यह पोकेमोन को भारतीय प्रशंसकों के लिए और भी अधिक करीब बना देगा। अब हर कोई नए हिंदी नामों को ऑफ़िशिल पोकेडेक्स पेज पर देख सकते हैं और जल्द ही पोकेमोन से संबंधित सारी जानकारी और विवरण हिंदी में खोज सकेगा।

## कोलांचल अरगड्डा- सिरका में शिल्पकारी की पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस के सीसीएल प्रतिष्ठान पुराना वर्कशॉप, न्यू वर्कशॉप, जीएम ऑफिस बिजली स्थल, बुध बाजार करमाली टोला, हेसला झारखंड इस्पात, पंकज गैरेज बैगामोड़, डीके साउंड समेत विभिन्न जगहो पर देव शिल्पकारी भगवान विश्वकर्मा की पूजा भक्तों ने हर्षोउल्लास के साथ किया। छोटे गैराजों, पंडालो में देव विश्वकर्मा की प्रतिमा और तस्वीरों को रखकर पूजन हुआ। दो, तीन, चार व बड़े वाहनो पर माला, पुष्प, तिलक किया गया। प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगें झालरो, लाइटो, तोरणद्वार से भी सजाया संवारा गया था। संध्या लोगों और बच्चों की टोली क्षेत्र के पूजन जगहों पर देव शिल्पकार के दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। भक्तों ने भगवान विश्वकर्मा से जगत में निर्माण को बनाए रखने का वर मांगा।

## खदान सिरका के ब्रेकडाउन मशीन से डीजल चोरी विफल



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका खुली खदान एक नंबर से बीते रात्रि करीब आठ बजे रविवार को खनन कार्य में लगी ब्रेकडाउन भारी मशीन से डीजल चोरी के वारदात को सुरक्षा कर्मियों ने असफल कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनन ओबी उत्पादन के दौरान व्यू पॉइंट के किनारे एक भारी मशीन ब्रेकडाउन हो गई थी। जिसे देख डीजल चोरो का दल सक्रिय हो गया था। जबकि सुरक्षा कर्मी की सजकता से वारदात की मनसा पर पानी गिर गया।

## रामगढ़ के भुरकुंडा हुरूमगढ़ा तेतरिया टोला में खेत पर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरूमगढ़ा तेतरिया टोला में खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई।इस धटना की सुचना पर देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान भदानीनगर शिवमंदिर निवासी अरुण प्रसाद के रूप में की गई है। वहीं भुरकुंडा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया और जांच पड़ताल में जुट गई। व्यक्ति की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन लोगों द्वारा यह क्याश लगाए जा रहे हैं कि नशें की हालत में खेत में गिरकर मौत हो गई है। पुलिस का कहना है की घटना की जांच की जा रही है जांच के बाद ही मौत के करणो का पता चलेगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय 15वें वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय 15वें वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने 15वें वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिले को प्राप्त आवंटन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने आवंटन के विरुद्ध किए जाने वाले विकास कार्यो की जानकारी ली। बैठक के दौरान 15वें वित्त आयोग के तहत रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य उपकेंद्र जोराकरम, स्वास्थ्य उपकेंद्र सोसो, स्वास्थ्य उपकेंद्र साडम, स्वास्थ्य उपकेंद्र सुथरपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरलंगा, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 1, 5, 9, 10, 16, 20, 25 में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर तथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र बरगवान, स्वास्थ्य उपकेंद्र लइयो, स्वास्थ्य उपकेंद्र सौंदा, स्वास्थ्य उपकेंद्र सीयूर, स्वास्थ्य उपकेंद्र टेरपा, स्वास्थ्य उपकेंद्र मदगी, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट पतरातु के निर्माण के तहत अब तक हुए कार्यो की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी हरिनाथ महतो, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सुनील कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल एवं समिति के अन्य सदस्यों के साथ किए जाने वाले विकास कार्यो को लेकर टेंडर प्रकाशित करने, विकास कार्यो से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य विषयों पर चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।

## उप विकास आयुक्त ने की मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे कार्यो से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम प्रखंड वार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का जायजा लिया एवं जिन पंचायतों में लंबित आवासों की संख्या ज्यादा है उन पर विशेष ध्यान देते हुए योजनाबद्ध तरीके से आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयकों को पंचायत वार आवासों की समीक्षा कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अंबेडकर आवास योजना के तहत लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं जो लाभुक प्रथम किस्त के कार्यो को पुर्ण कर लिए है उनका दूसरा क़िस्त का भुगतान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में टोप्पो ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को सभी पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योजना चयनित कर मानव दिवस सृजित करने एवं सभी योजनाओं में एससी/एसटी एवं महिलाओं की संवेदनशीलता के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत स्थल चिन्हित कर लोगों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई योजना के तहत श्री टोप्पो ने ग्राम सभा में आए प्रस्तावों पर समीक्षा करते हुए स्थल निरीक्षण करने एवं उनकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को दिया। साथ ही उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत स्थल चिन्हित करने, आधार सीडिंग एवं लंबित योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।

## जिला परिषद के प्रयास से धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड में खराब स्ट्रीट लाइट को बदलवाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** हजारीबाग जिला परिषद बरकट्ठा भाग07 से चुनाव जीतने के बाद जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के अनुरोध पर उपायुक्त हज़ारीबाग के आदेश से ऊर्जा विभाग के द्वारा धार्मिक स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में लगभग 28 स्ट्रीट लाइट लगवाया गया था।लेकिन ठीकेदार द्वारा मरम्मत के अभाव में सभी लाइट खराब एवं बन्द हो गया था।जिसकी सूचना जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने ठीकेदार को दिए तो वो बहाना बना के टाल मटोल कर दिया।अंत मे जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त हज़ारीबाग से शिकायत की। उपायुक्त के पहल पर आज सूर्यकुण्ड में पुनः सभी खराब स्ट्रीट लाइट को बदला जा रहा है। इसके लिए जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने हज़ारीबाग जिला उपायुक्त नेंसी सहाय को धन्यवाद दिया है।

## मंदिरो के पुजारीयो पर विशेष ध्यान कि जरूरत है झारखंड न्यास बोर्ड को एवं शीघ्र गठन हो ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का : प्रदीप शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण महासंघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय व झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेश रिलीज जारी करते हुए कहा कि 5000-6000 से अधिक मुख्य मंदिरों में है पुजारी, एवं उसमें सैकड़ो श्रद्धालू लोग पूजा पाठ कर अपनी आस्था व्यक्त करते है। मन्दिर के पुजारी सुबह से शाम तक भगवान की भक्ति व सेवा में लगेरहते है। एवं भक्तो कि सेवा मे लगे रहते हुए उसके उपरांत उन्हे बदले उन्हे क्या मिलता इस महंगाई के जमाने में, ब्राह्मण समाज की मांग है मंदिरों के पुजारीयो को भी अन्य राज्य सरकार में जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, इत्यादी आठ राज्य में है ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना हो चुकी है, उनके आधार पर झारखंड में भी मानदेय मिले , लगभग सात हजार रुपए प्रतिमाह तय करा जाय। एवं ब्राह्मण कल्याण बोर्ड कि स्थापना कि जाय। विश्व ब्राह्मण महासंघ ने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन कि मांग अनेकानेक बार लिखित रूप से मांग करते आये है, फिर इस बार मांग करते है नही तो बाध्य होकर आन्दोलन करना पडेगा। इस आशय की जानकारी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय एवं झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दी ।

## पीड़ित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्तालाप संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ कार्यालय के समक्ष भाकपा-माले एवं पीड़ित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्तालाप संपन्न हुई। वार्तालाप से कार्रवाई की शुरुआत एवं जांच की प्रक्रिया में तेजी से करने के अश्वासन के साथ एक सप्ताह के अंदर जांच कर कार्रवाई करने की अश्वासन पर 19 सितंबर 2023 को घाटो में आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भारत जकात मांझी परगना महल द्वारा जन सुनवाई की कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है। यदि एक सप्ताह के अंदर दी गई अश्वासन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो फिर घाटो में विशाल जन सुनवाई की कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। भाकपा-माले के जिला सचिव-भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, बिगेन्द्र ठाकुर, रामसिंह मांझी, जयवीर हंसदा, मानकी टुडू, लाली बेदिया, जगलाल सोरेन और मृतक ललन किस्कू के पुत्र आदि थे ।

## लंबे समय से बंद पड़े सीसीएल आरा परियोजना को पुनः चालू करने को लेकर सीसीएल प्रबंधन ने रैयतों के साथ की बैठक



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंबे समय से बंद पड़े सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत आरा परियोजना को पुनः चालू करने को लेकर सोमवार को कोयला अधिकारियों ने ग्राम डूमरबेड़ा के रैयतों एवं ग्रामीणों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक में सीसीएल मुख्यालय से आए अधिकारी, स्थानीय कोयला अधिकारी,मजदूर नेताओं व रैयतों की भारी संख्या में उपस्थिति थी।इस दौरान कंपनी व स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए बंद पड़े आरा कोलियरी को पुनः चालू करने के लिए मुख्य रूप से 12 विंदुओं पर दोनों ओर से सहमति जताई गई। जिसके अनुसार आरा कोलियरी के डूमरबेड़ा के विस्थापितों को मूरपा आर आर साइट में प्लॉट आर्वटित करने और रैयतों द्वारा अपने मकान ।को स्वेच्छा से खाली कर तोड़ने पर सहमति बनी। जो विस्थापित परिवार प्लौट नहीं लेना चाहते हैं, उनके लिए प्रबंधन तीन लाख रूपये एक मुश्त, लगभग 1 लाख रुपए सबसिस्टेंस एलाउंस तथा ?50000 इंसेंटिव के तौर पर अगर वह अपना घर 3 माह के भीतर खाली करते हैं अर्थात साढ़े चार लाख रुपए प्रति परिवार भुगतान हेतु बोर्ड को प्रपोजल बनाकर भेजने की बात प्रबंधन द्वारा कहा गया। इस पर दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा ने वर्तमान दर से अर्थात ?600000 भुगतान की मांग की। डूमरबेड़ा में सर्वे की अंतिम तिथि को हीं कट ऑफ डेट माना जाएगा। गोमी लाल की जमीन जो काटा गया है, उसमें आठ लोगों की नौकरी के लिए पुनः जांच कर फॉर्म भरने तथा जमीन की जांच करने का निर्णय लिया गया। बाहा राम मांझी के जमीन का चेकलिस्ट अनुसार सभी कागजात जमा करने, 12 नंबर चेक डैम टोला का भी जांच कर पुनर्वास का लाभ देने, जिन लोगों की जमीन में पूर्व में खनन हो चुका है और नौकरी नहीं मिली है उनका भी नियम अनुसार नौकरी का फॉर्म भरने, रैयती एवं जीएम लैंड जिसका रैयती मान्यता उसका भी नौकरी का फॉर्म भरने, जो घर जीएम लैंड में बना है, उसका भी हाउस कंपनसेशन देने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई।

## गोला प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से की गई ब्रह्माण्ड के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से एवं विधि विधान के साथ की गई समस्त ब्रह्मांड के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना। इस अवसर पर डेली मार्केट एवं डभातु में पूजा पंडालों को आकर्षक तरीक़े से सजाया गया था। पूजा पंडालों की आकर्षक विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। इस दौरान हुप्पु स्थित विद्युत सब स्टेशन एवं गोला डीवीसी सब स्टेशन में भी आकर्षक तरीक़े से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। सोमवार को मूर्ति विसर्जन के साथ हीं पूजा का समापन हो गया।

## भगवान विश्वकर्मा के पूजा स्थलों पर पहुंचे ब्रह्मदेव,लिया आशीर्वाद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखण्ड अंतर्गत कुल्ही पंचायत के उरबा एवं पुत्रिडीह बेयांग, पोटमदगा सहितकई भगवान विश्वकर्मा के पूजा स्थलों पर भ्रमण किया इस मौके पर रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो अपने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विश्वकर्मा पूजा स्थल में पहुंचकर बाबा विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं मनोकामना की कि पूरे क्षेत्र में यहां की सुख समृद्धि शांति बना रहे अनुसार विश्वकर्मा बाबा एवं पूजा पंडाल का दर्शन करने हेतू पंहुँचे।बाबा विश्वकर्मा के दर्शन कर आशिर्वाद लेते हुए कहा बाबा विश्वकर्मा की कृपा सभी ग्रामवासियों पर बनी रहे और पूजा समिति के सभी सदस्यों को एवं पूरे प्रखंड सहित जिलावासियों को बधाई व शुभकामना दिया। इस मौके पर पूर्व उप प्रमुख रिझु महतो, आजसू नेता राहुल महतो,आदि थे ।

## श्री दसलक्षण महापर्व का आग़ाज़

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ़ :** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मन्दिर एवं रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व धूम धाम से एवं धार्मिक रीती रीवाज के साथ होगा दसलक्षण महापर्व 19.09.23 से 28.09.23 तक चलेगा । इस मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक जैन ने बताया 10 लक्षण पर्व 10 , जैन समाज के लिए सबसे बड़ा पर्व हैं । दशलक्षण धर्म - महापर्व धर्म का स्वरूप दशलक्षण रूप है। इन दश चिन्हों से ही अंतरंग धर्म जाना जाता हैं वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। दशलक्षण महापर्व वीतरागता का पोषक त्याग, तपस्या, संयम एवं साधना का पर्व हैं। प्रति दिन सुबह का जलाभिषेक, शांतिधारा, एवम पूजन पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य मे संपन होगा। 19.09 उत्तम क्षमा धर्म , 20.09 उत्तम मार्दव धर्म , 21.09 उत्तम आर्जव धर्म , 22.09 उत्तम सत्य धर्म, 23.09 उत्तम सत्य धर्म , 24.09 उत्तम सयम धर्म , 25.09 उत्तम तप धर्म , 26.09 उत्तम त्याग धर्म , 27.09 उत्तम अन्किन्चय धर्म , 28.09 उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म, 30.09 को क्षमावाणी मनाया जाएगा । समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्याक्ष अरविंद सेठी, सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा, कोषध्यक्ष जंबू पाटनी, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, एवेम मीडिया प्रभारी आदि थे ।


**कायलिय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 08/2023–24

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय का ज्ञापांक 1232(ii), दिनांक 15–09–2023 के द्वारा प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति जिसका PR NO-307077 है, में आंशिक संशोधन करते हुए क्रमांक 8 से 20 तक में अग्रधन की राशि 11200.00 के जगह 39700.00 पढा जाय शेष शर्तो पुर्व के भांति यथावत रहेगी।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 307212 Rural Development(23-24).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची**
**कमरा नं० 302,तृतीय तल्ला,अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001**
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com,फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ........./........./2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय के पत्रांक– 769 दिनांक 04.09.2023 द्वारा PR No– 306228 दिनांक– 06.09.2023 से प्रकाशित निविदा कंराजी मध्यम सिंचाई योजना का अवशेष कार्य, प्रखण्ड– बेड़ों को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची

PR 307226 Minor Irrigation(23-24).D

**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008**

**Request for Proposal (RFP)-Notice**

RFP Reference no.-Agri/06/2023-24 Dated: 18.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal (RFP) for empanelment of Eligible Agencies to Implement & Manage Krishak Pathshala and Birsa Gram under Samekit Birsa Gram Vikas Yojna –sah- Krishak Pathshala Yojna in Jharkhand |
| 2 | Time of completion | Five Years |
| 3 | RFP Document Cost | Rs. 10,000 (Rupees Ten Thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 7,50,000 (Rupees Seven Lacs Fifty Thousand only) |
| 5 | Date of Publication of RFP on Website | Date : **18/09/2023** at **06:00 PM** |
| 6 | RFP Downloading Start Date | Date: **18/09/2023** after **06:00 PM** |
| 7 | Date and Place of Pre-Bid Meeting | Date: **26/09/2023 Time: 03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 8 | Online RFP Submission Period | Date: **28/09/2023** (06:00 PM) to **10/10/2023** (06:00 PM) |
| 9 | Last date for submission of hard copy/e-mail of RFP documents cost and EMD | Date: **12/10/2023** before **01:00 PM** |
| 10 | RFP Opening Date and Place | Date: **12/10/2023** Time: **03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 11 | Name and Address of the RFP Inviting Authority | **Shri Sanjay Sinha, IAS** Director Agriculture. Jharkhand,Ranchi. |
| 12 | Contact details of procurement Officer | Email-**directoragriculturejh@ gmail.com** Phone number – **9304866088, 9792631212** |
| 13 | Helpline no. of e-procurement cell | **0651-2230691** |

**Further details can be seen on website-http:// jharkhandtenders.gov.in**

Sd/-
**Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi.**

PR 307214 Agriculture(23-24)#D

**समाहरणालय, खूँटी।**
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
dsokhunti2017@gmail.com

**विज्ञापन**

प्रबंध निदेशक, झारखण्ड टूरिज्म डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0, 5, महात्मा गाँधी मार्ग, राँची, के पत्रांक–1037/2023, दिनांक–14.09.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनान्तर्गत बी0पी0एल0 श्रेणी के ईसाई धर्मावलम्बियों के लाभुक तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा IRCTC के माध्यम से गोवातीर्थ यात्रा माह अक्टूबर, 2023 के प्रथम सप्ताह में निर्धारित है।

इच्छुक ईसाई धर्मावलम्बियों जो पहले यात्रा नहीं किये हैं, उन बी0पी0एल0 श्रेणी के लाभुक तीर्थ यात्री **दिनांक–30.09.2023** तक अपने संबंधित प्रखण्ड मुख्यालय अथवा जिला खेल कार्यालय, खूँटी में 02(दो) प्रति विहित–प्रपत्र में फोटोग्राफ के साथ, निवास प्रमाण–पत्र के रूप में (यथा–आधार कार्ड, ड्राविंग लाईसेस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र, के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र Fit for Travel Certificate एवं आवेदक का स्व–घोषणा के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं।

**नोटः–विहित प्रपत्र, नियम एवं शर्तें संबंधित प्रखण्ड कार्यालय एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है:–**

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी।

PR 307180 (District) 23-24 (D)

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **" टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 28 (अठाईस) अद्द दुकान"** को किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए **दिनांक 20/09/2023 से दिनांक 30/09/2023 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दुकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैस प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 307187 (District) 23-24 (D)

## शहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन अशोक नगर स्थित चक्रवर्ती नर्सिंग होम में किया गया। संस्था के फाउंडर मोहम्मद इरशाद ने बताया की शहर में रक्त की कमी को देखते हुए इमरजेंसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 लोगों ने रक्तदान किया। हर दिन चार-पांच यूनिट रक्त की आवश्यकता आती है, जिसे हमारे समूह की ओर से पूरा किया जाता है। इसी को देखते हुए एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तमाम लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से अबू तारीख, शालीक मुशीर, काजी इरशाद, किसवर इमाम, मो सिराज, मो सुफियान, राकीब, शादाब, मो मेराज, दिलदार, रिंकू, आसिफ खान, जकी अहमद, अल्तमस आलम, मो गुड्डू, साहेब, शाहबाज, जाकिर, डबलु, रुस्तम, रैंबो, तनवीर, शम्मी, सनी, शाहिद, जहांगीर, आमिर, वसीम आदि ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया और इस शिविर को सफल बनाया।

## भाजपा कतरास मंडल महिला मोर्चा ने मनाया पीएम का जन्मदिन



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा कतरास मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष उषा पटवा के नेतृत्व में कतरास बाजार में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। मौके पर जिला मंत्री कंचन चौरसिया, गुड़िया चौहान, लक्ष्मी, शोभा, उषा चौहान, आरती देवी, जिला मंत्री महेश पासवान, मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा, महामंत्री सूर्यदेव मिश्रा, बबलू मिश्रा, श्रीकांत चटर्जी, राजेश प्रमाणिक, वाईके पाठक, काबु चन्द्र, साधन, पटवा, कांची सिंह, समीर चक्रवती पंकज सोनार, विजन, छोटू साहू, रजनी देवी, सविता, ममता शिला आरती, नीलम गीता, प्रशांत चटर्जी, वाणी, पिंटू दे, सरोज विश्वकर्मा, विकी पटवा, संगीता देवी, भोला चक्रवर्ती, ओमी सिंह, प्रतिमा, सुनिता, प्रियंका सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने उपायुक्त से भेंट की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी एवं सुरुँगा पंचायत के रैयत व ग्रामीण धनबाद उपायुक्त से मिले। बीसीसीएल द्वारा जबरन भूमि अधिग्रहण और ओबी डंप कर जमीन को क्षतिग्रस्त करने के मामले पर उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने स्थल निरीक्षण कर अविलंब रोक लगाने का आश्वासन दिया।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा दिनांक 17.09.2023 को हाजीपुर एवं पटना में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर तीन आयु वर्ग के बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया। पहले आयुवर्ग में 6 से 9 वर्ष, दूसरे आयुवर्ग में 9 से 12 वर्ष तथा तीसरे आयुवर्ग में 12 से 15 वर्ष के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा द्वारा बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार वितरित किया गया। संगठन की सचिव सीमा गोयल, सुजाता पाण्डेय एवं विनीता प्रसाद भी उपस्थित थीं ।

# कृषि ऋण माफी योजना में बैंक का उदासीन रवैया तार्किक नहीं : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने कृषि, सहकारिता, भूमि संरक्षण व उद्यान विभाग की समीक्षा की। कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा करते हुए बैंक द्वारा सैकड़ो किसानों की सूची उपलब्ध नहीं कराने पर चिंता जताते हुए उपायुक्त ने कहा कि एक ओर राज्य सरकार किसानों का ऋण माफ कर एनपीए लोन ठीक करना चाहती है वहीं दूसरी ओर बैंक इसमें रुचि नहीं दिखा रही। बैंक का यह उदासीन रवैया किसी भी दृष्टिकोण से तार्किक नहीं है। उन्होंने सभी बैंक को गंभीर होकर और प्राथमिकता देकर किसानों की सूची उपलब्ध कराने तथा सितंबर माह के अंत तक कृषि ऋण माफी योजना को पूरा करने का निर्देश दिया।

वहीं पीएम किसान योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कृषि विभाग और बैंक एक स्टैंडर्ड चेक लिस्ट बना ले। उसी के अनुसार बैंक में आवेदन जमा करें। अधूरे कागजात के कारण आवेदन अस्वीकार होंगे तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उद्यान विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कृषकों को उनकी रूचि के अनुसार वर्गीकरण कर, उत्पादन की विशेषता के अनुसार पाठ्यक्रम बनाकर कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषकों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। साथ ही जिला उद्यान पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करने, मशरूम की खेती करने वाले कृषकों के लिए स्पॉन और कंपोस्ट बनाने की मशीन उपलब्ध कराने, सप्लायर पर निर्भर नहीं रहने, योजना के अनुसार लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया।

भूमि संरक्षण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सरकारी और निजी तालाब का जीर्णोद्धार, डीप बोरिंग, परफोरेशन टैंक इत्यादि की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मधुकर शुक्ला, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक निर्मल कुमार पांडेय, जिला उद्यान पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, चेंबर ऑफ फार्मर्स के सचिव सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धूमधाम से आयोजित हुआ विश्वकर्मा पूजा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को कर्माटांड़ बीसीसीएल टाउनशिप में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह द्वारा विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। आयोजन में विश्वकर्मा भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर औजारों, यंत्रों एवं वाहनों की पूजा कर प्रसाद वितरण की गई। उदय प्रताप सिंह ने कहा की सृष्टि के निर्माण के देवता, संसार के प्रथम इंजीनियर, वास्तु शास्त्र के देवता माने जाने वाले विश्वकर्मा भगवान की पूजा करने से व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है और हमारी ईमानदारी पूर्वक मेहनत के फल स्वरुप उनके दया प्रताप से ही हम सभी सफल और संपन्न होते हैं। विश्वकर्मा पूजन में उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, पंकज सिंह, संजय शर्मा, अनिल राय, निशांत सिंह, मिलन सिंह, बिनोद चौधरी, बिनोद सिंह, ब्रजेश सिंह, सुभम, मनोज राय, पियूष सिंह, चंदन सिंह, टिंकू साव, रवि, हर्ष, स्वेताभ सिंह, रवींद्र सोनार, अनिल राय, हनी, मिलन सिंह, ब्रजेश सिंह, गौरव, शेखर पाल, अभिषेक विश्वकर्मा, एमडी रिजवान, आलोक सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## बलियापुर प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बलियापुर सीएचसी में आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, सिविल सर्जन सीबी प्रतापन ने किया। आयोजित मेला को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिसकी जितनी भी प्रसंशा की जाए वो कम है। इससे बलियापुर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ज़रूरतमंद लोग चिकित्सा सुविधा का लाभ ले रहे हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर संजय कुमार रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

# पचंबा पुलिस ने लाखों रुपए के गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस के द्वारा कारवाई लगातार जारी है. इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी संजय राणा के नेतृत्व में चम्बा थाना पुलिस ने पचम्बा थाना के हाई स्कूल के समीप से गांजा के दो कारोबारियों के लाखों रुपए मूल्य के गांजा के साथ गिरफ्तार किया. डीएसपी के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में पचम्बा थाना पुलिस ने हाई स्कूल के समीप से अमित साहू के घर से तीन किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया, जबकि इसी अमित साहू के पड़ोसी सुजल साहू के घर के कमरे से 1 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया गया. पूछताछ में दोनों तस्करों ने ये तो कबूला कि वो कई महीनों से गांजा के अवैध कारोबार में शामिल थे. लेकिन दोनों को इस नशीले पदार्थ की सप्लाई कहां से होता था, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है. लेकिन दोनों के पास से लाखों रुपए मूल्य का गांजा बरामद किया गया. दोनों घर से ही इस अवैध कारोबार को कर रहे थे।

## ग्रामीणों ने बीसीकेयू नेता सबूर गोराई व नयन चक्रवर्ती के नेतृत्व में किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना क्षेत्र के बागडिगी में संचालित आउट सोर्सिंग परियोजना का हो रही विस्तारीकरण के कारण बागडिगी बस्ती सहित छठ तलाब पर विस्थापन का मंडरा रही खतरा के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने बीसीकेयू नेता सबूर गोराई एवं नयन चक्रवर्ती के नेतृत्व मे बस्ती के समीप परियोजना में प्रदर्शन किया।प्रदर्शन से पहले ग्रामीणों ने परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़ रही धूल कण जैसी प्रदूषण से परेशान होकर बागडिगी बस्ती में एक बैठक कर परियोजना का विरोध करने का निर्णय लिया। बैठक में सबूर गोराई ने कहा कि परियोजना प्रबंधन ग्रामीणों को आतंकित करने को विश्वकर्मा पूजा के दिन भी परियोजना से धूल कण उड़ाने से बाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों कि समस्या एवं प्रबंधन कि हठधर्मी के खिलाफ मंगलवार को बरारी में आयोजित ग्रामीणों कि बैठक में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी कि अगुवाई में आंदोलन कि शंखनाद किया जाएगा। श्री चक्रवर्ती ने कहा है की लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन मनमानी व दबंगई से परियोजना चला कर लोगों को जबरन विस्थापन कराने को क्षेत्र को प्रदूषित कर रही है।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा मंडल क्षेत्र के कुरहोबिन्दो पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव मे नवडीहा भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्रामीण घरों मे मिट्टी संग्रह किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह का उद्देश्य है कि शाहिद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना। सेना के बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता है खाश करके इनके शहादत को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के दिलों में अमर रहना । इस कार्यक्रम मे नवडीहा मंडल अध्यक्ष शंकर साव , महामंत्री सुधीर कुमार वर्मा, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष प्रमिला देवी सहित कई भाजपा मंडल की महिलाओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जिला कार्यकारिणी का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले के +2 सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल में एनएमओपीएस झरोटेफ़ जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने किया। आज की बैठक में एमओपीएस के प्रांतीय सदस्य मौजूद थे । वही की बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित किया गया । जिसमे सर्वप्रथम कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की उपस्तिथि ली गई और पिछले कार्यवाही की समीक्षा की गई । साथ ही जिला एवं प्रखंड कार्यकारिणी का पुनर्गठन 29/10/2023 को पूर्वाहन 11 बजे से किया जाएगा। कार्यकारिणी के पुनर्गठन के पूर्व जिले के सभी 13 प्रखंडों में प्रखंड एवं जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु प्रचार प्रसार के लिए निम्न जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को एक एक प्रखंड की जिम्मेवारी दी गई जो प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ संबंध स्थापित करते हुए आगे की नीति बनायेंगे। वही गिरिडीह से मिथुन राज जमुआ-ऋषिकांत सिन्हा गांडेय युगल किशोर पंडित, पीरटांड़ सफदर इमाम डुमरी कार्तिक वर्मा, बगोदर रामेश्वर महतो, सरिया लालजीत मंडल, धनवार विनोद प्रसाद यादव घनश्याम गोस्वामी , तिसरी घनश्याम गोस्वामी, देवरी केदार यादव, बिरनी श्यामदेव राय, बेंगाबाद विकाश कुमार सिन्हा को किया गया। वही गिरिडीह महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रियंका माथुर एवं सचिव कल्पना सिंह जिले में महिला सदस्यों को सशक्त एवं संगठित करेंगी। मौके पर बैठक में उपस्थित प्रांतीय महिला सचिव शमा प्रवीण, जोनल संगठन सचिव इम्तियाज अहमद, जिला कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी, राजेश कुमार सिंह, मिथुन राज, विकाश कुमार सिन्हा, महेंद्र प्रसाद दांगी, युगल किशोर पंडित, विजय दास, राजेश कुमार शर्मा, कुंदन, लालमोहन दास, इंद्रदेव साव, परमेश्वर पंडित मौजूद थे ।

## तारा पंचायत में कुशवाहा संघ जमुआ पश्चिमी भाग की बैठक संपन्न

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के तारा पंचायत अंतर्गत सीमानी गांव मे कुशवाहा संघ जमुआ पश्चिमी भाग की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई जिसमें से मुख्य अतिथि के रूप में कुशवाहा संघ गिरिडीह के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद विशिष्ट अतिथि जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद दिवाकर एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री ओमप्रकाश महतो मौजूद हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गांव में ग्रामीण समिति को पुनः से गठित कर ग्रामीण समिति को मजबूत करना मुख्य देश रहा। साथ ही साथ जमुना पश्चिमी भाग को दो जोन में बांटकर कुशवाहा छात्रावास निर्माण कुरीति उन्मूलन जिला महिला सम्मेलन आदि करने पर विचार विमर्श किया गया साथ ही साथ सिमानी गांव के प्रवीण कुमार वर्मा जी जिन्होंने हाई स्कूल के शिक्षक पद को प्राप्त किया है वर्तमान में इनका चयन हिंदी विषय को लेकर के पूर्वी सिंहभूम जिला में हुआ इन्हें भी गुलदस्ता एवं फूलों का हार्दिक करके समाज के वरीय पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया बैठक में सर्वसम्मति से सबों निर्णय लिया कि कुशवाहा समाज को सुदृढ़ और मजबूत करने को लेकर हर किसी एक की पहली प्राथमिकता होगी बैठक की अध्यक्षता कुशवाहा संघ जमुआ पश्चिमी भाग के प्रखंड अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया एवं संचालन प्रखंड युवा प्रमुख विवेक राज ने किया ।

## टुंडी के उषा देवी क्षतिग्रस्त मकान में अपने बच्चों के साथ रहने को विवश



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी के संग्रामडीह निवासी उषा देवी पति लखन मिस्त्री कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश होने के कारण कच्चे मिट्टी के मकान जो कि काफी क्षतिग्रस्त होने से उसे पर अपने चार बच्चों को लेकर रहने को विवश है यह मकान कभी भी ध्वस्त हो सकता है।

विदित हो कि उषा देवी अपने क्षतिग्रस्त मकान के बदले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाला लाभ से वंचित है कई बार मुखिया से लेकर प्रखंडों तक की दौड़ लगा चुकी है फिर भी किसी ने इसके आवेदन पर संज्ञान नहीं लिया अंतिम में थक हार कर प्रभात मंत्र से अपनी व्यथा बयां करते हुए कहती है कि अधिक वर्षा होने के कारण क्षतिग्रस्त मकान में अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर रह रही हूं जो कि मकान कभी भी ध्वस्त हो सकता है।

प्रभात मंत्र के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहना है कि यदि समय पर इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो यह क्षतिग्रस्त मकान कभी भी ध्वस्त हो सकता है एवं मेरे साथ बहुत बड़ा घटना घटित होगा जिसका सारा जिम्मेवारी सरकार पर होगी मेरे पति मजदूरी बाहर गए हुए हैं घर में मैं अकेले छोटे-छोटे बच्चों को लेकर रह रही हूं उसे पर भी क्षतिग्रस्त मकान होने से दिन रात चिंता बनी रहती है मुझ जैसे गरीब पर सरकार समय रहते ध्यान नहीं दिया तो बेघर होकर रह जाउंगी ।

### मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमिटी की बैठक संपन्न

## 10 अक्टूबर को किसान संग्राम समिति का जिला मुख्यालय में होगा ऐतिहासिक प्रदर्शन : पवन महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो एवं संचालन जिला सचिव राणा चतराज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि झारखंड में औसत से कम बारिश होने कारण किसानों की स्थिति काफी दयनीय है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में खुशहाल किसान, खुशहाल झारखंड का नारा दिया था। लेकिन राज्य में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसान दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। जहां मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूर हैं। जबकि सरकार किसानों के हितों के लिए 88 योजनाएं चला रही है। इतनी सारी योजनाओं का संचालन किये जाने के बाद भी राज्य में किसानों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। पिछले वर्ष के सुखाड़ से किसान उभर नहीं पाए थे कि इस वर्ष भी किसान सुखाड़ के चपेट में है। ऐसे में किसान कैसे खुशहाल होंगे। आगामी 10 अक्टूबर को किसान संग्राम समिति के बैनर तले विभिन्न जटिल समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण व सेवा सर्वोपरि है : मनीर उरांव

## विश्वकर्मा योजना की शुरुआत से कारीगरों के पारंपतिक कौशल के अभ्यास को बढ़ावा मिलेगा : काजल प्रधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर होटल नॉवेल्टी में विश्वकर्मा योजना की शुरूआत व प्रधानमंत्री संबोधन कार्यक्रम लाइव प्रसारण को सुना तथा अस्पताल लोहरदगा में सैकडों मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में की गई है। मौके मुख्य रूप रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो उपस्थित थे। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर माननीय प्रधानमंत्री जी के नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ता जा रहा है वहीं कई ऐतिहासिक उपलब्धियां भी शामिल हैं सभी कार्यकर्ता समाज जन्म के साथ मिलकर के अनेक सेवा कार्यक्रम पूर्व में करते रहे हैं एवं उसके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य जीवन की हमसभी कामना करते हैं। वहीं विश्वकर्मा योजना पर कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना को 13,000 करोड़ रुपये के आउटलेट के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से फंडिंग की गई। यह योजना राशि बताती है कि केंद्र सरकार मोदीजी कौशल की बढ़ावे के लिए कितना तत्पर है। इस स्कीम के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल (PM Vishwakarma portal) का इस्तेमाल करके कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से विश्वकर्माओं का फ्री रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों मे भी आसानी से लाभुक लाभान्वित हो पाएंगे। कौशल निखार आएगी। काजल प्रधान ने कहा कि विश्वकर्मा योजना कारीगरों को कौशल में बढ़ावा एवं उनके प्रोडक्ट्स और सर्विस को सही से पहुंचाने में मदद करेगी। इस योजना के लाभार्थी को 15,000 रुपये का टूलकिट मिलिगा। यह अंतिम व्यक्ति के उत्थान को दर्शाता है। देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर एक बड़ी सौगात है। आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने के लिए बहुत बड़ा कदम है। यह सोंच हमारे प्रधानमंत्री की ही हो सकती है। समन्वय और सर्वांगीण विकास का बड़ा उदाहरण है। आरती कुजूर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का फायदा 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया इससे पेशेवर कौशल से जुड़े लोहार, ताला बनाने वाले, कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोभी, दर्जा, मछली का जाल बनाने वाले सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई और झाड़ू बनाने वाले लोगों तक को मिलेगा। योजना के तहत इन 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी।कारीगरों को आत्मनिर्भर करने के लिए सरकार 3 लाख रुपये तक का लोन देगी इस योजना के जो भी लाभार्थी होंगे उन्हें सरकार द्वारा सर्टिफिकेट और आईडी भी मिलेगी। ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं से कौशल से जुड़े लोग कैसे लाभान्वित होगें इसकी चिंता हम जैसे सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी सोंचने होगें।



# हरतालिका तीज व्रत कर पत्नियों ने पति का दीर्घायु के लिये की कामनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र में महिलाओं द्वारा हरतालिका तीज का व्रत भक्ति भाव के साथ उमंग व उत्साह के साथ हर्षोल्लाष से मनाया गया। वही महिलाओं ने हरतालिका तीज का पूजन कर भगवान शंकर और माता पार्वती से अपने पति के लिये मंगल कामना की तीज के अवसर पर बाजारों में भी काफी चहल पहल रहा। सुहाग का और पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार में महिलाओं का भीड़ था। वही तीज को लेकर सोमवार सुबह से ही घरो एवं मंदिरों में महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर हरतालिका व्रत में तीज का पूजन किया गया। विवाहित महिलाएँ ये तीज व्रत अपनी पति का दीर्घायु के लिए करती हैं। महिलाएँ निर्जला उपवास रहकर भगवान शंकर देवी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए महिलाओं ने घर और मंदिरों में दूध व पंचामृत से भगवान महादेव का शिवलिंग को स्नान कराया गया।



पुराणों में वर्णित कथा अनुसार महिलाओं का मानना है। कि सबसे पहले देवी पार्वती द्वारा इस व्रत को किया गया था। इस दौरान महिलाएँ मंदिरों और घरो में एकत्रित होकर सुहाग सामग्री, नारियल, केला, सेव, दूध, अक्षत, चंदन, पुष्प सहित विभिन सामग्रियों से माता पार्वती और भगवान शंकर का पूजन किया गया.हरतालिका तीज व्रत के पर्व पर सूर्योदय से पहले ही उठकर पूजन से पहले महिलाएँ नहा धोकर सोलहों श्रृंगार की वही पूजन के समय केले के पत्तों में बालुकामयी प्रतिमा बनाकर देवी गौरी और भगवान शंकर को स्थापित किया गया। माता पार्वती को स्नान करा कर वस्त्र और नाना प्रकार का सुहाग सामग्री अर्पण किया गया। वही प्रखण्ड मुख्यालय के अलावे बदला, चौकनी, बाजार डाँड़ू, सेन्हा, बक्सीडीपा, कोराम्बे, भड़गाँव, झखरा, अरु सहित सभी जगहों में सुहागिन महिलाओं द्वारा धूमधाम से भक्ति भाव के साथ उमंग व उत्साह से हरतालिका तीज व्रत का पूजन कर अपने पतियों के लिये दीर्घायु के लिये भगवान शंकर और माता पार्टी से मङ्गल कामना किया गया।

# कैरो विद्युत उप-शक्ति केंद्र समेत अनेक संस्थानों पर विश्वकर्मा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 सितंबर रविवार को देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पुजा कैरो विद्युत उप-शक्ति केंद्र समेत अनेक निजी संस्थानों पर विधि-विधान पुर्वक धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर विद्युत उप शक्ति केंद्र मे भगवान विश्वकर्मा की मुर्ति रखकर,वही निजी संस्थानो मे तस्वीर रखकर पुजा अर्चना की गई। मौके पर आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी ने विद्युत उप शक्ति केंद्र मे पुजा अर्चना कराने के उपरांत कहा कि विश्व का अर्थ संसार और कर्मा का मतलब निर्माता अर्थात संसार के निर्माता भगवान विश्वकर्मा की पुजा से व्यवपार मे दिन दुनी रात चौगुनी की बृद्धि, होती है वही मशीन, कल-कारखाने, सुचारु रूप से चलते हैं।



भगवान विश्वकर्मा जी के द्वारा ही रावण की सोने की लंका बनायी वही भगवान विष्णु का द्वारका, इन्द्र का सिंहासन, भगवान शिव का त्रिशूल,भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र, यमराज के कालदंड, के अलावा रावण से युद्ध मे विजय होकर श्री राम जिस पुष्पक विमान मे अयोध्या लौटे वैसे पुष्पक विमान के निर्माता भी भगवान विश्वकर्मा ही थे। आचार्य ने कहा कि 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के शुभ अवसर पर जो भी भक्त इनकी पुजा आराधना करते हैं उनकी उन्नति ही उन्नति होती हैं। 18 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जी के प्रतिमा को उपशक्ति केंद्र कर्मियों के द्वारा कन्द्नी नदी मे विसर्जित कर दी गई। मौके पर कैरो विद्युत उप शक्ति केंद्र पर आचार्य कौशल कुमार त्रिपाठी, शक्ति केन्द्र कर्मी सुरज गिरि, वैकुण्ठ शुक्ला, विकाश उराँव, मजुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# भाजयुमो अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा, लोहरदगा के द्वारा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में एवं सजल कुमार के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं डॉ सनल शानू बरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश सिंह, मनीर उरांव, राकेश प्रसाद, अजय पंकज, बाल कृष्णा सिंह, शामिल हुए। मौके पर ओम प्रकाश सिंह ने कहा रक्तदान कर दूसरे जरूरतमंदों को खून की कमी की पूर्ति करना मानव जीवन का परम कर्तव्य है इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा गया है भारतीय जनता युवा



मोर्चा लोहरदगा की युवाओं के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को रक्त की पूर्ति कर मदद की जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है लेकिन हम सभी सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन का निर्वहन कर रहे हैं अतः हमारा परम कर्तव्य है की हर एक जरूरतमंद को हर संभव खून की कमी को दूर किया जा सके इसी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नियमित अंतराल पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं एवं लगातार प्रत्येक दिन एक दो यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करते हैं इसलिए हम इन युवा कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं। मौके पर रक्तदान करने वाले मनीष शिखर, पप्पू पहलवान, कमलेश कुशवाहा, रिशु कुमार, छोटू प्रजापति, शुभम पंकज, दृष्टि विश्वकर्मा, विजय महतो, रोहन गुप्ता, विक्रम उरांव, आदिल खान, अजहर अंसारी, लक्ष्मण भगत, मजीद अंसारी, रितेश उरांव, अंकुश सिंह, राहुल केसरी, सुमित कुमार, दिव्यांशु कुमार, भरत वर्मा, दिलेश्वर तुरी आदि लोग शामिल रहे।

# नगर परिषद घोटाले व टेंडर रद्द करने की मांग को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 20 सूत्री प्रभारी मंत्री एवं झारखंड सरकार के श्रम मंत्री, सत्यानंद भोक्ता से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनको मांग पत्र सौंपते हुए बताया की लोहरदगा नगर परिषद में बड़ा तालाब का टेंडर लगभग 60-62 हजार में कर दिया गया है, जबकि इस टेंडर की कीमत कम से कम 15 से 20 लाख होनी चाहिए और नगर परिषद विशेष पदाधिकारी के ट्रांसफर की अधिसूचना जारी होने के बाद उन्होंने गलत तरीके से सिंगल पेपर में इस टेन्डर को एक अपने मन चहेते व्यक्ति को दे दिया और बाकी जिला में कहीं भी मत्स्य समिति को टेंडर देने की बात नगर में नहीं है ।यहां पर बिना मत्स्य समिति बनाए और बिना मत्स्य समिति को नगर क्षेत्र में ट्रेनिंग दिए हुए इस तरह का प्रावधान जबरदस्ती थोपा गया ताकि अगले को फायदा हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस को यह भी बताया कि अगर प्रशासन ढुलमुल रवैया अपनाती है और टेंडर को रद्द नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन की शुरुआत की जाएगी नगर परिषद का घेराव किया जाएगा एवँ विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों से भी सहयोग लिया जाएगा और जनहित याचिका भी दायर किया जाएगा क्योंकि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जनप्रतिनिधियो का रवैया भी ठीक नहीं है। आज के प्रतिनिधिमंडल में राजेश साहू, रिजवान खान मोहम्मद बबलू चांद खान मोहम्मद गुड्डू मोहम्मद अमानुल्लाह, बंटी, मोहम्मद सुद्दू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दलहन व तेलहन खेती करने के लिये किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत साके ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप और मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार पखन टोली ग्राम में स्कूल के समीप गाँव के ग्रामीण किसानों को दलहन व तेलहन खेती करने के लिये प्रशिक्षक नन्दलाल साहु और कुन्ती कुमारी के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण किसानों को प्रशिक्षकों द्वारा दलहन तथा तेलहन खेती के लिये विस्तार पूर्व जानकारी देते हुए उपजाऊ भूमि और उत्तम बीज के बारे में बताया गया। वही कृषि विशेषज्ञ अबोध कुमार रजक ने बताया गया कि कम मेहनत,कम पूँजी और कम वर्षा में दलहन और तेलहन का खेती करने से किसानों को दोगुनी लाभ होता है। किसानों का आय में वृद्धि होता है. साथ ही कहा कि इसी साल बारिश कम हुआ है। जिसे किसान दलहन और तेलहन का खेती अच्छे ढंग से कर सकते हैं। साथ ही कहा कि उरद, चना, राहर और सरगुजा,सरसों जैसे दलहन तथा तेलहन का खेती कम पूँजी में कम मेहनत से आसानी से कर किसान आत्मनिर्भर हो सकते हैं। मौके पर बसंती उरांव, रति उरांव, सुमन उरांव, कमला केरकेट्टा, रीना कुमारी, चन्द्रमुनि देवी, आरती भगत, भगमनिया उराँव सहित सैकड़ों ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

# पीएम के जन्मदिन पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ने कामगारो के बीच बांटे फल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत देश के यशस्वी पीएम अदरणीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर रविवार को प्रखंड के सढाबे मे बन रहे एकलव्य माडल विद्यालय मे काम कर रहे राजमिस्तरीयों के बीच पुर्व प्रखंड 20 सुत्रि अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे बाटा फल। पुर्व अध्यक्ष महतो ने कहा कि पीएम ने अपने जन्मदिन पर विश्वकर्मा योजना लाँच कर देशवासियों को बहुत बड़ी तोहफा दिया है। उन्होने कहा कि पीएम द्वारा लाँच किये गये विश्वकर्मा योजना मे 18 पारम्परिक व्यवसायो को शामिल किया गया है जिसमे लोहार, कार्पेन्टर, ताला बनाने वाले,नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, हथौड़ा टूल किट निर्माता, पारम्परिक गुडिया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, डलिया, चटाई, झाडू बनाने वाले, एवं राज मिस्त्री को मिलेगा इस योजना से लाभ। पीएम के द्वारा उक्त योजना लाँच किये जाने से उपरोक्त सभी वर्गो के लोगो एवं राजमिस्तरीयो ने पीएम का आभार प्रकट किया है। मौके पर अध्यक्ष ने काली, बिमल, रिन्कु, बुद्धदेव, शिव, आजाद, कासिम, रिजवान, सलीम, भगीरथ, पाले, मुकेश, श्रवण, मंगल, भीम इत्यादि राजमिस्त्री के बीच फल का किया वितरण।

# हर्षोल्लाष व भक्ति भाव से भक्तों ने किया देवशिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लाष के साथ प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भक्ति भाव से भक्तों ने किया देवशिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजन धूमधाम से संपन्न हुआ। विश्वकर्मा पूजा को लेकर रविवार को सुबह से ही लोगो में उत्साह और उमंग था। प्रखण्ड क्षेत्र के सिलाई पर्सिक्षण केंद्र, पावर ग्रिड, छोटे बड़े वाहनों,गैराज,धान आटा पिसाई मशीन दुकान, लघु और कुटीर उद्योग में आचार्य पंडितों के द्वारा विधिवत पूजा कराई गई.पूजन के समय भगवान विश्वकर्मा का चित्र स्थापित करते हुए भक्तों द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ देवशिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजा अर्चना किया गया?। वही पूरे प्रखण्ड में लोग सुबह से ही अपने वाहनों एवं लोहे की सामग्री को धोकर साफ सफाई करने में जुटे गये थे। पूजन के पश्चात श्रद्धालु भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। विश्वकर्मा



पूजा को ले सुबह से ही उत्साह व उमंग के साथ पूजा की तैयारी जोर शोर से प्रारंभ हो गई थी। वही दिन चढ़ने के साथ ही पुरोहितों द्वारा प्रतिष्ठानों, दुकानों और वाहनों का में पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराया गया। कुछ लोग अपने निजी वाहनों और दुकानों में उपयोग में लाई जाने वाले मशीनरी समनो का साफ-सफाई कर अपने से विधिवत पूजा किया गया। विश्वकर्मा पूजा पर प्रखंड क्षेत्र में ध्वनि यंत्र द्वारा भक्ति गीत के बजाने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।

# झापा ज़िलाध्यक्ष ने अपने विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा, हुए ग्रामीणों की समस्या से रूबरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लसिया कॉम्बाकेरा गांव का किया दौरा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए और हर संभव ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान करने की बात कही। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग के कर्मी गांव में आए थे और जिनका बिजली बिल 4000 या 4000 से अधिक था उनका बिजली का तार पोल से काट दिया गया साथी उनके ऊपर बिजली विभाग के तरफ से प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई है वहीं कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिन्होंने हाल फिलहाल बिजली का कनेक्शन लिया है उनके घर भी हजारों रुपए की बिल आ रहे हैं। कुछ ग्रामीणों का ऐसा भी कहना है कि कई सालों से बिजली का बिल नहीं मिलने के कारण बिजली बिल भुगतान नहीं कर पाए थे जिससे उनका बिजली बिल काफी बढ़ गया है गांव में किसी भी बिजली उपभोक्ता के घरों में बिजली का मीटर नहीं लगा है जबकि बिजली उपभोक्ता विभाग को इस संबंध में कई बार आवेदन दे चुके हैं। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद जिला युवा अध्यक्ष विभव संदेश एक्का जी ने ग्रामीणों को विद्युत कार्यालय सिमडेगा बुलाया जहां पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा।

# जन भावना फ़ाउण्डेशन ने किया हेल्थ केयर कार्ड व बालिका समृद्धि योजना के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत भवन में जन भावना फाउंडेशन÷ के तत्वधान में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए संस्था के जिला हेड खुशीराम कुमार ने बताया हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है अच्छी शिक्षा, स्वस्थ व रोजगार मुहैया कराना।वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना सम्बन्ध में लोगों बताया जा रहा है और लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पहल कर रहे हैं साथ ही साथ बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना,बालिकाओं को सशक्त व समृद्ध बनाना है। आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ हर हाथ हुनर जन-जन को रोजगार है। पंचायत को स्मार्ट गांव बनाना है, इस फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लिनिक, नशा मुक्ति, मशरूम ट्रेनिंग, मत्स्य पालन ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग, सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, बालिका विकास योजना, माइक्रो फाइनांस, खेल कूद, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग, कौशल विकास सहित सभी किसान लोगों को भी लाभ दिया जाएगा।इस कार्यक्रम में ब्लॉक हेड आनंद बड़ाईक, पंचायत हेड जेवियर बिलुंग सहित काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं उपस्थित थे।

# विधायक भूषण बाड़ा व जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार करने का दिया निर्देश

**मरीजों के बीच रखें मधुर व्यवहार, सेवा भाव से भर्ती मरीजों को दें बेहतर चिकित्सीय लाभ : विधायक भूषण बाड़ा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा रविवार की अहले सुबह सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों के बेड तक जाकर अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही सभी मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। वहीं ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को इलाजरत मरीजों का सेवा भाव के साथ बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने का निर्देश दिया। विधायक ने अस्पताल परिसर के स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए अस्पताल को साफ एवं स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। विधायक ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी



अपने मन मे सेवा भाव पैदा करें। यहां पर भर्ती मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। अपना व्यवहार को भी मरीजों और परिजनों के साथ मधुर रखें। ताकि मरीजों एवं परिजनों को अस्पताल में अपनापन का एहसास हो। ऐसे में मरीज भी जल्द स्वास्थ्य हो सकते हैं। विधायक ने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को मरीजों के इलाज में कतई कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इलाज करने में कोताही बरतते हुए पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह आदि उपस्थित थे। एक मरीज को कराया रिम्स रेफर, एम्बुलेंस की भी कराई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में विधायक ने देखा कि कुरडेग प्रखंड के हिनगिर निवासी मरीज की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। विधायक ने चिकित्सक से मरीज के बारे मे जानकारी ली। चिकित्सक ने बताया कि मरीज की स्थिति काफी गंभीर है। उसे ततकाल बहार के अस्पताल में ले जाकर बेहतर इलाज की जरूरत है। मरीज की बेटी ने बताया कि वे अकेले हैं। उनके पास उतने पैसे भी नहीं है। जिससे वे बहार ले जाकर अपनी मां का इलाज करा सके। इसपर विधायक ने तुरंत एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई।

# जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाथा प्रधानमंत्री का जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी जी के जन्म पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय मंडल शक्तिकेन्द्र से लेकर बूथों तक उनका जन्मदिन उनके तस्वीर पर तिलक लगाकर एवं केक काटकर नाच गा कर मनाया। जिला कार्यालय में जन्मदिन मनाते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि बचपन से ही गांव के पिछड़ों और वंचितों की दशा को लेकर बालक नरेंद्र को दिल में करुणा थे वह किसी काम को छोटा बड़ा नहीं समझते थे उन्हें देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा था जब भी समय मिलता मोदी जी स्थानीय पुस्तकालय में जा बैठते थे जहां वे महापुरुषों की वीरगाथाएं पढ़ते थे वह स्वामी विवेकानंद महात्मा गांधी बाबा भीमराव अंबेडकर वीर सावरकर और बेंजामिन फ्रैंकलिन से बहुत प्रभावित हुए इसका असर उनके आचरण




और निर्णय में झलकता है। प्रधानमंत्री की जन्मदिवस पर उनके बारे में विचार रखते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की नरेंद्र मोदी राजनीतिक कार्यकर्ता के साथ-साथ एक संवेदनशील लेखक कवि और सामाजिक चिंतक भी हैं उन्होंने बचपन में ही समझ में पहले भेदभाव को उजागर करने के लिए 'पीलू फुल' नामक नाटक लिखा गुजराती में जहां 'आंख या धन्य छै' जैसा काव्य संग्रह लिखा तो वहीं 'साक्षी भाव' सामाजिक समरसता जैसे पुस्तकों की भी रचना की एक अत्यंत मेहनती प्रधानमंत्री होने और कठिन कार्यक्रम का पालन करने के बावजूद उन्होंने अपने विद्यार्थी मित्रों को परीक्षा में तनाव को कैसे कम करें इसके लिए एग्जाम वारियर्स पुस्तक में मंत्र दिए, उन्होंने अपनी लेखनी में सामाजिक जीवन के हर पहलू हर क्षेत्र को समाहित किया। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन मनाते हुए केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन हम लोगों के लिए अनुकरणीय है नरेंद्र मोदी जी को जो चाहे कम दिया गया हो जो जिम्मेवारी सौंप गई हो उन्होंने अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया 1992 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 45 दिवस से एकता यात्रा का सफल आयोजन उनके एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी आतंकवादियों की धमकियों के बावजूद 26 जनवरी 1992 को लाल चौक पर भारतीय तिरंगा शान से फहराया गया।

# संसद के विशेष सत्र में पेश होंगे 8 बिल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के विशेष सत्र में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी. सरकार की ओर से आठ विधेयकों को सदन में पेश किया जाएगा. इन विधेयकों के पास होने से चुनाव प्रक्रिया, बुजुर्ग नागरिकों को सुविधा, मीडिया संस्थानों के रजिस्ट्रेशन, कोर्ट की प्रक्रिया और डाकघर आदि पर विशेष प्रभाव पड़ेगा.

**1. द रिपिलिंग और अमेंडिंग बिल:** पहला बिल निरसन और संशोधन विधेयक 2023 है. यह 60 पुराने कानूनों में संशोधन और निष्प्रभावी करने से संबंधित है. इसमें से एक कानून तो 137 साल पुराना है जो अंग्रेजी हुकूमत के समय लोगों पर शासन के लिए बनाया गया था.

**2. द पोस्ट ऑफिस बिल:** द पोस्ट ऑफिस बिल इसी साल अगस्त में लाया गया था. ये बिल पोस्ट ऑफिस एक्ट 1898 को रिप्लेस कर देगा. इस बिल को लेकर भी विरोध है. क्योंकि इसमें कई ऐसे प्रावधान है जो डाकघर अधिकारियों को छूट देते हैं. जैसे अगर किसी का पार्सल खो गया तो डाक



अधिकारी पर केस नहीं हो सकेगा. किसी ने पार्सल भेजा तो उस पर अधिकारी निगरानी कर सकेंगे. उसमें क्या भेजा गया है, कहीं वह देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक तो नहीं है, किसी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नुकसान तो नहीं पहुंचाने वाला है. अगर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक कोई चीज होगी तो डाक अधिकारी उसे खोलकर चेक कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर नष्ट भी कर सकेंगे.

**3. अधिवक्ता बिल:** तीसरा अधिवक्ता संशोधन विधेयक है. इसमें एक ही विधेयक से कानूनी पेशे को रेगुलेट करना और दलालों पर नकेल कसना संभव होगा. कोर्ट में कई ऐसे लोगों की भरमार होती है जो कानूनी प्रक्रिया को बाधित और प्रभावित करते हैं. इस कानून के जरिए उनकी पहचान कर कोर्ट में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाएगा. इस पर अमल नहीं होने पर सजा का भी प्रावधान होगा.

**4. द प्रेस और प्रिडिकल रजिस्ट्रेशन बिल:** ये बिल 1 अगस्त को मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था. यह मीडिया संस्थानों के पंजीकरण से जुड़ा हुआ है. इसके तहत एक प्रेस रजिस्ट्रार की नियुक्ति होगी जो समाचार पत्रों के लिए रजिस्टर रखेगा.

**5. वरिष्ठ नागरिक कल्याण विधेयक:** यह विधेयक बुजुर्ग नागरिकों के भरण पोषण और सुरक्षा से जुड़ा है. इसके तहत बुढ़ापे में मां-बाप के लिए वित्तीय मदद, सुरक्षा और चिकित्सीय जरूरतों को पूरा की अनिवार्यता है.

**6. जम्मू कश्मीर रिजर्वेशन बिल:** यह विधेयक राज्य के एससी, एसटी और अन्य वंचित समुदायों को नौकरियों में आरक्षण से संबंधित है.

**7. जम्मू कश्मीर एससी ऑर्डर बिल:** यह विधेयक जम्मू कश्मीर और लद्दाख के अल्पसंख्यक वाल्मीकि समुदाय को शेड्यूल्ड कास्ट कैटेगरी में शामिल करने से संबंधित है.

**8. द कॉन्स्टिट्यूशन एसटी बिल:** इस बिल को मानसून सत्र के दौरान 24 जुलाई को सरकार ने राज्यसभा में पेश किया था. इसके तहत छत्तीसगढ़ के मेहरा समुदाय को एसटी कैटेगरी में शामिल करने का प्रावधान है.

# बच्चों को राशन उपलब्ध करवाकर सांसद ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** संसदीय क्षेत्र में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया। श्री सिन्हा के डेमोटांड़ स्थित आवास में बच्चों को राशन उपलब्ध करवाया गया। उन्हें हर माह यह राशन मुहैया करवाया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि जयंत सिन्हा ने कोरोना महामारी के दौरान विभिन्न माध्यमों से क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु साधन उपलब्ध करवाए हैं। उन्हीं के प्रयास व सहयोग से कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके बच्चों को सहायता मुहैया करवाई जा रही है। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं। इसमें बच्चों को



एजुकेशन किट दी गई है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने हेतु लगभग 20 हज़ार की टैबलेट है। साथ ही बच्चों को अनएकैडमी का एक साल के निशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गई है। साथ-साथ इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक राशन उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू भी दिए जा रहे हैं।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री ने चयनित 57 सहायक अभियोजन अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र



**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से चयनित 57 सहायक अभियोजन अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चयनित सभी सहायक अभियोजन अधिकारियों से कहा कि ईश्वर ने आपको ऐसा कार्यक्षेत्र दिया है, जिसमें कार्य करने की बहुत संभावनाएं हैं। सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना जिम्मेदारी पूर्वक करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों में अभिभावकों, गुरुजनों और मार्गदर्शकों को भी बधाई दी। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, निदेशक अभियोजन पी.वी.के प्रसाद, सचिव एस.एन पाण्डेय, डीआईजी जन्मेजय खण्डूड़ी, अपर सचिव अतर सिंह व चयनित सहायक अभियोजन अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित थे।

### कानून व न्यायमंत्री से मिले अमर शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहिद जयमंगल पांडेय के सातवें वंशज सचिदानंद पांडेय ने सोमवार को कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को जयमंगल पांडेय पर लिखित पुस्तक भी भेट की। उन्होंने श्री मेघवाल को शहीद जयमंगल पांडेय द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में चतरा युद्ध की जानकारी दी। मंत्री ने गंभीरता पूर्वक संस्कृति मंत्रालय को क्रांति से जुड़े इन मुद्दो को देश के सामने रखने का प्रयास करने को कहा । साथ ही उन्होंने यह भी कहा की देश के पटल पर शहीद जमंगल पांडेय जैसे वीर क्रांतिकारी का नाम नहीं होना दुर्भाग्य पूर्ण है,देश को इसे जरूर जानना चाहिए ।इस बाबत उन्होंने देश के प्रधानमंत्री से भी इन बातों को अवगत कराने की भी बात कही।

# पर्यावरणविद कौशल ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दिलाई पर्यावरण धर्म की शपथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सृजन व निर्माण के अधिष्ठाता देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी जी के जन्मदिन पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु होने की मंगल कामना की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। श्री कौशल ने कहा कि जिस तरह वास्तु व ब्रह्मांड के विकास में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का अहम योगदान रहा है ठीक उसी प्रकार श्रेष्ठ भारत के विकास में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी का योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यूं कहें कि भगवान



विश्वकर्मा पूर्वकाल में विख्यात थे जबकि मोदी जी वर्तमान कालखंड में पूरे विश्व में प्रख्यात है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार जन्मदिन व कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध में पौधा लगाने का पहला विधान है। परंतु विश्वकर्मा पूजा के दिन उनके निर्मित औजारों से प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का भी विधान नहीं है । यही कारण आज भगवान विश्वकर्मा एवं मोदी जी के जन्मदिन पर पौधरोपण नहीं कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को शपथ दिलाकर उनके बीच पौधा वितरित किया गया। ताकि आज के बाद उसे लगाकर उन दोनो के जयंती व जन्मदिन को यादगार बनाया जा सके। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और हेसा प्लाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने भी भगवान विश्वकर्मा और यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी । इस मौके पर अनुज कुमार,बसंत सिंह, गोपाल कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, मुनेशर मांझी, सत्येंद्र प्रसाद, रामू कुमार, संतोष प्रजापति, छोटू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# संत मरियम स्कूल में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रविवार को संत मरियम के कजरी शाखा में सर्वश्रेष्ठ शिल्पकार भगवान श्रीं विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के समस्त चालक एवं सह चालकों ने पुरे श्रद्धा और भक्तिभाव से भगवान का पूजन किया। पूजन के पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से भोजन का आनन्द लिया । मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा की हम सभी सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव को विश्वकर्मा पूजा के रूप में मनाते हैं। यह त्यौहार विशेष रूप से शिल्पकारों, कारीगरों, इंजीनियरों और औद्योगिक श्रमिकों के बीच



अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है। आगे अपनें संबोधन में देव ने कहा की आप सभी के हाथो मे देश के भविष्य की बागडोर रहती है अतः एकाग्रचित होकर वाहन चलाए। प्रतिदिन स्नान करके वाहन के पूजा के पश्चात ही दिनचर्या प्रारंभ करें। अंत में सभी चालकों एवं सह चालकों के बीच उपहार का वितरण किया गया। मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## 18 सितंबर 2023: ओल्ड पार्लियामेंट बिल्डिंग के कामकाज का आखिरी दिन

# पुरानी संसद में 91 बार पेश हुआ बजट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पुराना संसद भवन- जिसने ब्रिटिश काल के अंत और देश की आजादी की सुबह देखी, जहां आधी रात को पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का पहला भाषण गूंजा, देश को संविधान मिला,18 सितम्बर 2023 सोमवार उसके कामकाज का आखिरी दिन रहा. इस इमारत को अंग्रेजों ने लंबी हुकूमत की चाहत में बनवाया था. काउंसिल हाउस से संसद बनी यह इमारत न जाने कितने ही यादगार लम्हों की साक्षी रही है. साल 1921 में पुरानी संसद को बनाने का काम शुरू हुआ था. हालांकि,1911 में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के राजा जॉर्ज पंचम की ओर से दिल्ली को देश की राजधानी बनाने के साथ ही संसद, इंडिया गेट, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक समेत हेरिजेट बिल्डिंग बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी. दिल्ली का सेंट्रल हिस्सा लुटियंस दिल्ली कहलाता है, जहां पर संसद, इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन समेत देश की कई प्रमुख इमारतें मौजूद हैं. लुटियंस दिल्ली का नाम आर्किटेक्ट सर एडविन लुटियंस के नाम रखा गया, जिन्होंने इन इमारतों को डिजाइन किया था. एडविन लुटियंस के साथ हरबर्ट बेकर ने भी इन बिल्डिंगों के डिजाइन तैयार किए थे. 1927 में संसद भवन बनकर तैयार हुआ. 6 एकड़ (24, 281 वर्ग मीटर) में बनी इस इमारत को तैयार करने में 6 साल का समय लगा था.



**संसद का 75 साल का सफर**

* अब तक 5,047 लोकसभा सदस्य
* अब तक 2,418 राज्यसभा सांसद
* अब तक 142 राज्यसभा में मनोनीत सांसद
* 4,796 बार पेश की गई संसदीय कमेटी की रिपोर्ट
* 10.44 लाख बार हुई बहस
* 10.12 लाख पूछे गए सवाल
* 6,473 बार हुई लोकसभा की बैठक
* 5,606 बार हुई राज्यसभा की बैठक
* 3,914 बिल हुए पास
* अब तक 17 लोकसभा स्पीकर बने
* अब तक 14 राज्यसभा सभापति बने

**कुछ और महत्वपूर्ण बातें**

* संसद में अब तक 41 विदेशी नेता भाषण दे चुके हैं
* 40- विश्वास मत
* 3 बार हुआ संसद का संयुक्त सत्र
* 990 संसदीय बहस में प्रधानमंत्री की भागीदरी
* 171 बार संसद में राष्ट्रपति का संबोधन
* 91 बार पेश किया गया बजट

### करजण व्यास टापू पर फंसे 12 लोगों को आर्मी ने बचाया

एजेंसी

**अहमदाबाद :** वडोदरा जिले की करजण तहसील में नर्मदा नदी के बीच व्यास टापू पर बाढ़ में फंसे 12 लोगों के लिए सेना के जवान देवदूत बनकर आये। खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सके तो आर्मी के जवानों ने बोट से सभी को सुरक्षित निकाला। जानकारी के अनुसार शनिवार को जिला प्रशासन ने बाढ़ के संबंध में सूचना जारी की थी, लेकिन व्यास टापू पर परिवार समय रहते सुरक्षित स्थल पर नहीं जा पाया। इसके बाद नर्मदा नदी में पानी बढ़ने से व्यास टापू पर जलस्तर बढ़ने लगा। बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को निकालने के लिए कलक्टर अतुल गोर ने टापू पर करजण प्रांत अधिकारी आशीष मयात्रा को सूचना भेजी। प्रशासन वडोदरा से तहसीलदार मनोज देसाई को स्थल पर भेजा गया।


